राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 260
लखनऊ, शनिवार 23 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नगर पालिका का अतिक्रमण अभियान सवालों के घेरे में 10

प्रकृति की विविधता जीवन की असली संपदा : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,640/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,46,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,670/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# यूपी की छवि में आया व्यापक बदलाव : योगी

- सीएम ने किया 655 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान एक जिला एक उत्पाद, सुशासन, कानून के राज और तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में बन रही है, जबकि पहले प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफियाराज से होती थी।

सीएम योगी शुक्रवार को देवरिया शहर से सटे पोखरभिंडा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 655 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने भाजपा को जिले की सातों विधानसभा सीटों पर विजय दिलाई थी और सरकार ने भी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी शासनकाल में प्रदेश की पहचान एक जिला, एक गुंडा और माफिया के रूप में होती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश एक जिला, एक प्रोडक्ट, सुशासन और कानून व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना, जबकि मथुरा, काशी, विंध्यवासिनी धाम और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थल अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान के साथ विकसित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों के लिए अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता से बाहर निकलकर प्रदेश ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे बेहतर एक्सप्रेस-वे नेटवर्क वाले राज्यों में शामिल हो चुका है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं ने प्रदेश में कनेक्टिविटी को नई गति दी है। साथ ही कई नए हवाई अड्डों के संचालन से हवाई यात्रा आम लोगों की पहुंच में आई है। उन्होंने कहा कि माफियाओं और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है तथा कई माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का काम किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे सुरक्षित और पसंदीदा राज्यों में गिना जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में प्रदेश में अराजकता का माहौल रहता था, जबकि वर्तमान डबल इंजन सरकार महिलाओं, किसानों और आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने के साथ विकास को नई दिशा दे रही है।

**हम समस्या नहीं, समाधान देते हैं : सीएम**

सीएम योगी ने कहा कि आज महर्षि देवरहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो गया है। हमने नए जिला अस्पताल के निर्माण के लिए भी निर्देश दिए हैं। जल्द से जल्द जमीन चिह्नित करने को कहा गया है। जनता से जुड़ी कोई भी समस्या, समस्या नहीं रहनी चाहिए, उसका समाधान होना चाहिए। हम समस्या नहीं देते हम समाधान देते हैं और समाधान देने के लिए इस सरकार को जनता जनार्दन चुनती है। यहां आईटीआई बन रहा है। आईटीआई स्किल डेवलपमेंट का केंद्र होगा। नौजवानों को स्किल सिखाई जाएगी। जब हमारे पास अच्छी तरह प्रशिक्षित मैनपावर होगी, तो काम की कोई कमी नहीं होगी। यह हमारी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ाने में मदद करेगी।

# आठ घोषणाओं के साथ भारत-साइप्रस ने छह समझौतों पर किये हस्ताक्षर



- साइबर सुरक्षा संवाद व काउंसलर संवाद शुरू करने पर जताई सहमति
- साइप्रस ने व्यापार, संपर्क व समुद्री परिवहन स्तंभ के अंतर्गत भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत और साइप्रस ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और समुद्री सहयोग समेत छह क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किये और संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में आठ घोषणाएं भी की।

भारत की तीन दिन की यात्रा पर आये साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए उनमें आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना, वर्ष 2026-2031 के लिए रक्षा सहयोग रोडमैप, साइप्रस के अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल नीति उप मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधी समझौता शामिल है। भारत और साइप्रस ने साइबर सुरक्षा संवाद और कांसुलर संवाद शुरू करने पर भी सहमति जताई, जबकि साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच खोज एवं बचाव सहयोग को लेकर तकनीकी व्यवस्था पर भी हस्ताक्षर किये गये।

यात्रा के दौरान कूटनीतिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान, तथा वर्ष 2026-2030 के लिए सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े समझौते भी किए गए। एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम के तहत साइप्रस ने व्यापार, संपर्क और समुद्री परिवहन स्तंभ के अंतर्गत भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की।

**भीष्म क्यूब उपहार स्वरूप देने की घोषणा**

भारत ने साइप्रस को भारत स्वास्थ्य पहल सहयोग, हित एवं मैत्री (भीष्म) क्यूब उपहार स्वरूप देने की घोषणा की। दोनों देशों ने 18 मई को पहली बार भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवस मनाकर अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को भी रेखांकित किया। इसके साथ ही साइप्रस ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में साइप्रस ट्रेड सेंटर खोलने की मंशा जाहिर की। राष्ट्रपति क्रिस्टोडूलाइड्स की इस यात्रा को भारत और साइप्रस के बीच रणनीतिक, प्रौद्योगिकी और समुद्री क्षेत्रों में सहयोग के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीबीपी महिला दल ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर बनाया कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महिला दल ने पहली बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। यह दल 19 अप्रैल को आईटीबीपी के दिल्ली स्थित मुख्यालय से रवाना हुआ था। इसमें 11 महिला पर्वतारोहियों सहित कुल 14 महिला सदस्य सम्मिलित थे। आईटीबीपी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत एवं नेपाल में चरणबद्ध प्रशिक्षण के बाद सभी 11 महिला पर्वतारोहियों ने नेपाल की ओर से साउथ कोल रुट से सफलतापूर्वक एवरेस्ट शिखर की चोटी पर चढ़ाई की। दल ने 21 मई की रात 12:52 पर चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।

### हाईकोर्ट ने 19 बाहुबलियों की मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पाया कि सभी 75 जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस प्रमुख सरकारी आदेशों और शस्त्र अधिनियम, 1959 का पालन करने में नाकाम रहे हैं। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग, क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले व्यक्तियों को लाइसेंस जारी किए जाने और हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार और सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट प्रदेश में बंदूकों के इस्तेमाल से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अब तक 10 लाख से अधिक हथियारों के लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने बृजभूषण सिंह समेत राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों के बारे में जानकारी नहीं दी है। हाईकोर्ट ने रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, धनंजय सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, सुशील सिंह, विनीत सिंह जैसे 19 बाहुबली नेताओं के शस्त्र लाइसेंस की भी जानकारी मांगी है। हाईकोर्ट जय शंकर नाम के व्यक्ति की तरफ से उत्तर प्रदेश सरकार और दूसरों के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### लू लगने से 31 एनसीसी कैडेट अस्पताल में भर्ती

**जबलपुर।** मध्य भारत में चल रही भीषण गर्मी की लहर के बीच एक चिंताजनक घटना सामने आई है। डुमना रोड स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफइंर्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (आईआईआईटीडीएम) कैंपस में आयोजित एक प्रशिक्षण शिविर में, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के 31 से अधिक प्रशिक्षु लू लगने और डिहाइड्रेशन के लक्षणों के कारण गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। गुरुवार देर शाम कैंप परिसर में इस घटना से अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद प्रभावित सभी कैडेट्स को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

# सीमाओं को अभेद्य बनायेगी सरकार : शाह



- सरकार का आंतरिक सुरक्षा का विजन समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेंकना है
- नक्सलवाद के बाद अब घुसपैठ को पूरी तरह समाप्त किया जायेगा

एजेंसी, नई दिल्ली।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए अगले एक वर्ष में ड्रोन, राडार, आधुनिक कैमरों और तकनीकों से लैस स्मार्ट बार्डर प्रोजेक्ट लाकर अभेद्य बॉर्डर ग्रिड बनाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का आंतरिक सुरक्षा का विजन समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेंकना है और नक्सलवाद के बाद अब घुसपैठ को पूरी तरह समाप्त किया जायेगा।

गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा को प्रादेशिक जिम्मेदारी करार देते हुए त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में सीमा सुरक्षा बल को जिला प्रशासनों, पुलिस थानों, पंचायत और पटवारियों के साथ मिलकर घुसपैठ रोकने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। श्री शाह शुक्रवार को यहां सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सचिव, सीमा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृह मंत्री ने बल की महिला टीम के माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए दल के सभी सदस्यों और सीमा सुरक्षा बल के सभी जवानों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि बल ने उपलब्ध संसाधनों से अवैध घुसपैठ, नारकोटिक्स की तस्करी, गौ तस्करी, जाली मुद्रा, संगठित अपराध, ड्रोन से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी सहित कई प्रकार की चुनौतियां का सामना किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बल की भूमिका को और अधिक समन्वित और व्यापक करना होगा। श्री शाह ने कहा कि अब केवल पारंपरिक तरीके से सीमाओं की सुरक्षा नहीं की जा सकती इसके लिए राज्य पुलिस, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल अन्य सशस्त्र बल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, खुफिया एजेंसियों और राज्य प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करना पड़ेगा तभी हम इन नई चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। उन्होंने कहा, हमें सीमा सुरक्षा को एक आइसोलेटेड ज़िम्मेदारी के रूप में देखने की जगह एक टेरिटोरियल रिस्पांसिबिलिटी के रूप में देखना होगा तभी हम इन सभी चुनौतियों को पार करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि हमें आने वाले खतरों को भी देखना पड़ेगा। सीमापार से घुसपैठ द्वारा कृत्रिम तरीके से जनसांख्यिकी में किए जा रहे बदलाव को रोकने के लिए भी हमें सतर्क और सजग रहना पड़ेगा। नार्कोटिक्स और जाली मुद्रा हमले से हमारे अर्थ तंत्र को खोखला करने के प्रयास के प्रति भी हमें सतर्क रहना होगा। साइबर चुनौतियां, हाइब्रिड वॉरफेयर और ड्रोन के खतरों के लिए एक नई रणनीति के साथ हमें काम करना होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रालय, सीमा को एक स्मार्ट बॉर्डर बनाने में सीमा सुरक्षा बल को तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, बीएसएफ द्वारा किए जा रहे कई प्रयोगों के साथ एक मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

### नीट के भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्रों के लीक मामले में एनटीए की विशेषज्ञ गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्रों के लीक के स्रोत के रूप में एक और प्रमुख आरोपित की पहचान की है। महाराष्ट्र के पुणे स्थित सेठ हीरालाल सर्राफ प्रशाला में कार्यरत मनीषा संजय हवलदार को सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं और एनटीए की ओर से विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त की गई थीं। उनके पास भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्रों तक पूरी पहुंच थी। सीबीआई के अनुसार अप्रैल 2026 के दौरान उन्होंने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के भौतिक विज्ञान विषय से संबंधित कुछ प्रश्न सह-आरोपित मनीषा मंधारे (जिन्हें 16-05-2026 को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है) के साथ साझा किए थे। उनकी ओर से साझा किए गए प्रश्न नीट-यूजी 2026 परीक्षा के भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्रों से मेल खाते हैं। इस मामले में सीबीआई ने देशभर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

# नया बिजलीघर बनाना सरकार के वश में नहीं : अखिलेश



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि बिजली के नये संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है।

अखिले शयादव ने एक्स पर लिखा, बिजली के नये प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुँह से ये कह ही देते 3×660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती। उन्होंने कहा, भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ माँग बढ़ रही है या दाम बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं। भाजपा राज, यूपी खस्ताहाल। उन्होंने अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं। विपक्ष लगातार बिजली संकट को लेकर सरकार को घेर रहा है।

### मॉडल व एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में पति समर्थ हिरासत में

**एजेंसी, भोपाल/जबलपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुई मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौते के मामले में आरोपित पति समर्थ सिंह को जबलपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वह शुक्रवार शाम जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचा था। भोपाल पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। ट्विशा की मौत के बाद से उसका पति समर्थ सिंह फरार चल रहा था। शुक्रवार शाम को वह आत्मसमर्पण के लिए जब जिला न्यायालय परिसर पहुंचा तो मीडिया ने उसे घेर लिया। इस दौरान पत्रकार लगातार उससे सवाल कर रहे थे। ऐसे में उसने किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। वह अपनी पहचान छिपाने के लिए मुंह पर मास्क और आंखों पर काला चश्मा लगाए हुए था। इसी बीच पुलिस ने हंगामे के बीच समर्थ को हिरासत में लिया।

# 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे

एजेंसी, नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है।

इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन - तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक




विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है। मतदान 18 जून को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कराया जाएगा और उसी दिन शाम 5:00 बजे वोटों की गिनती शुरू होगी। मतदान प्रक्रिया 20 जून तक संपन्न हो जाएगी।

**महाराष्ट्र व तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को**

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। ये दोनों रिक्तियां क्रमशः सुनेत्रा अजीत पवार औरसी वी षणमुगम के त्यागपत्र से उत्पन्न हुई हैं। महाराष्ट्र से निर्वाचित सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से 6 मई को और षणमुगम ने 7 मई को इस्तीफा दिया था।

### भोजशाला मामले में मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, एसएलपी दायर



**एजेंसी, धार।** मध्यप्रदेश में धार स्थित भोजशाला मामले में उच्च न्यायालय के हालिया फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील भी की है। कमाल मौला मस्जिद के सदर अब्दुल समद ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से मुस्लिम समाज में मायूसी का माहौल है और समुदाय को यह निर्णय एकतरफा महसूस हुआ है।

## तपिश

### मौसम विभाग ने जारी किया रात के लिए भी रेड अलर्ट

# प्रदेश के कई जिलों में प्रचंड गर्मी व लू का कहर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी तेज धूप और लू सता रही है। सड़कों पर आवागमन कम हो गया है और प्रदेश के दर्जन भर जिलों का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया है। शुक्रवार दोपहर बांदा का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल गर्मी से किसी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। राजधानी लखनऊ का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के दस जिलों के लू और प्रचंड गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा लगभग दो दर्जन अन्य जिलों के लिए अतिशय तपिश की चेतावनी दी है। कई जिलों में रात का तापमान भी सामान्य



से अधिक बने रहने की संभावना जतायी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन चार दिनों तक पूर्वी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। प्रदेश में शुक्रवार से अगले छह दिन तक हीटवेव का अलर्ट है। प्रदेश का बांदा जिला सबसे गर्म बना हुआ है। शुक्रवार को यहां का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 से 27 मई तक पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में लू चलने की संभावना जताई है । ऐसे जिलों में बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर,गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर,आगरा, अलीगढ़ और आस पास के क्षेत्र शामिल हैं । इसके अलावा कई जिलों में रात में भी लू चलने की संभावना है, इनमें सोनभद्र, कुशीनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद एवं आस पास के क्षेत्र शामिल हैं । राजधानी लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी समेत कई बड़े शहरों में तेज गर्मी के साथ तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ में अगले 10 दिनों तक भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप जारी रहने की संभावना है। मई के अंत (28-30 मई) में मौसम में आंशिक बदलाव आ सकता है। हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। ऐसे में तापमान में गिरावट आने से राहत मिल सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पड रही गर्मी के मद्देनजर अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड में रहें और किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

**मानसून 3-4 दिन में पहुंचेगा केरल**

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगर यही गति बनी रही तो अगले तीन से चार दिनों में मौसम के केरल पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री परिस्थितियां मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि यदि मानसून तय समय से पहले केरल पहुंचता है, तो इसका असर पूरे देश के मौसम पर जल्दी दिखाई दे सकता है।

# आरक्षित वर्ग के अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को बाहर करना असंवैधानिक : हाई कोर्ट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा है कि कोई आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से अधिक अंक लाने के बावजूद मुख्य परीक्षा में शामिल होने से मात्र इस आधार पर वंचित कर दिया जाता है कि वह आरक्षित वर्ग के कट ऑफ में नहीं आ सका, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 16(1) का उल्लंघन होगा।

इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा विज्ञापन की संबंधित शर्त तथा राज्य लोक सेवा आयोग के नौ जनवरी 2020 के कार्यालय आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 26 में को होगी। यह



आदेश न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने भावना यादव व अन्य की विशेष अपील पर पारित किया। अपीलार्थियों ने नौ जनवरी 2020 के आयोग के आदेश और 22 दिसंबर 2025 के भर्ती विज्ञापन की शर्त संख्या-10 को चुनौती दी थी। इस शर्त में कहा गया था कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी में केवल अंतिम चयन के समय समायोजित किया जाएगा, प्रारंभिक परीक्षा या स्क्रीनिंग चरण में नहीं। एकल पीठ द्वारा अपीलार्थियों की याचिका को खारिज कर दिया गया था। खंडपीठ ने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा में एक निश्चित अंक पाने वाला सामान्य वर्ग का अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होता है, तो उससे अधिक अंक पाने वाला आरक्षित वर्ग का उम्मीदवार सिर्फ इस आधार पर बाहर कर दिया जाय कि वह आरक्षित वर्ग के कट ऑफ में नहीं आ सका, यह प्रथमदृष्टया समान अवसर के अधिकार के विपरीत होगा। कोर्ट ने कहा कि अपीलार्थियों की चुनौती समयपूर्व नहीं थी, क्योंकि आयोग का निर्णय और विज्ञापन पहले से स्पष्ट रूप से लागू थे, ऐसे मामलों में परीक्षा होने से पहले हस्तक्षेप करना आवश्यक है, ताकि बाद में जटिलताएं न पैदा हों।

# मौत का हाई-वे बना बहराइच-लखीमपुर मार्ग

- तेज रफ्तार ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत में क्लीनर की दर्दनाक मौत
- सड़क पर बहता रहा सरसों का तेल, लूटने उमड़ी भीड़





**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच-नानपारा-लखीमपुर नेशनल हाईवे शुक्रवार को एक बार फिर खून से लाल हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और सामने से आ रहे कंटेनर की भीषण आमने-सामने की टक्कर में ट्रक क्लीनर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कंटेनर के परखच्चे उड़ गए और उसमें भरा सरसों का तेल सड़क पर नदी की तरह बहने लगा। देखते ही देखते तेल भरने के लिए लोगों की भीड़ बाल्टी और डिब्बे लेकर मौके पर जुट गई। भीषण हादसे के बाद नेशनल हाईवे पूरी तरह जाम हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और हजारों राहगीर घंटों फंसे रहे। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए सीधे तौर पर प्रशासन और हाईवे विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियां और खर-पतवार मौत का जाल बन चुकी हैं। सामने से आने वाले वाहन अंतिम क्षणों में दिखाई देते हैं, जिससे लगातार आमने-सामने की टक्करें हो रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाईवे के नवीनीकरण में भारी अनियमितता बरती गई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और मरम्मत कार्य कराया गया होता तो शायद एक और जान बचाई जा सकती थी। लगातार हो रहे हादसों से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोगों ने दोषियों के खिलाफ जांच व कार्रवाई की मांग उठाई है। नेशनल हाईवे लखीमपुर के जेई राम नरेश शर्मा ने फोन पर सफाई देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सड़क किनारे की झाड़ियों की सफाई करा दी जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने इस आश्वासन को महज खानापूर्ति बताते हुए कहा कि इस हाईवे पर अब तक दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी गहरी नींद में सोया हुआ है। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि हादसे में ट्रक क्लीनर की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध रूप से संचालित 2 बसें हुई सीज

- यातायात पुलिस टीम ने की कार्यवाही, कोतवाली देहात परिसर में कराया बस को खड़ा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा (उ0प्र0) के आदेशों के अनुपालन में जनपद में अवैध रुप से संचालित होने वाली वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, शहर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात, यात्री कर परिवहन अधिकारी के साथ संयुक्त रुप से चेकिंग करते हुए अवैध रुप से संचालित होने वाली 02 बसों को सीज कर थाना कोतवाली देहात परिसर में खड़ा कराया गया।

# निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर लटकता ताला, सेवाएं बाधित

## सीडीपीओ ने जताई नाराजगी, कार्यकत्री पर कार्रवाई के निर्देश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के बलहा-नानपारा क्षेत्र में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) शिव शरण सैनी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेहरबान नगर थर्ड आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया, जिससे बच्चों और महिलाओं को मिलने वाली महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हुईं। निरीक्षण के समय मेहरबान नगर थर्ड केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा सरोज और सहायिका अनुपस्थित मिलीं। केंद्र बंद होने के कारण बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को मिलने वाले पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षण संबंधी लाभ नहीं मिल पाए। सीडीपीओ शिव शरण सैनी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के




खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यकत्री सीमा सरोज के केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या और अभिलेखों की विधिवत जांच कराने के आदेश भी जारी किए गए हैं। विभागीय अधिकारियों को शीघ्र जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। वहीं, मेहरबान नगर फर्स्ट और मेहरबान नगर सेकेंड आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण के दौरान संचालित पाए गए। इन केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति, साफ-सफाई, पोषण वितरण और शिक्षण गतिविधियां संतोषजनक थीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंजू देवी सहित अन्य कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से प्रारंभिक शिक्षा और पोषण संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही थीं। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव शरण सैनी ने बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य तथा पोषण का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने सभी कार्यकत्रियों को समय पर केंद्र संचालित करने, लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ देने और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण से आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगेगा।

## नहर में नहाने गए बालक का मिला शव

### 24 घंटे बाद किनारे पर उतराया शव, राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एक नहर में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक गुरुवार दोपहर से लापता था, जिसका शव शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उसके गांव से लगभग 3 किलोमीटर दूर नहर में उतराया हुआ मिला। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र में हुई। ककरहा बोधवा के पास नहर में शव देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल राजनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। बाद में शव की शिनाख्त ग्राम पंचायत केशवापुर निवासी नाजबाबू के बेटे साहबेआलम के रूप में हुई।

# जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने किया होम बेस्ड एजुकेशन का विजिट

- जनपद के सभी विकास खंडों में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर द्वारा 5- 5 गंभीर दिव्यांग बच्चों का चयन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा लाल जी दुबे द्वारा विकासखंड विशेश्वरगंज और पयागपुर में स्पेशल एजुकेटर द्वारा चयनित होम बेस्ड एजुकेशन हेतु चयनित गंभीर दिव्यांग बच्चों को गृह आधारित शैक्षिक सपोर्ट की स्थिति की जांच की गई। मौके पर संबंधित संकुल क्षेत्र के स्पेशल एजुकेटर दिव्यांग बच्चों के घर पर होम बेस्ड एजुकेशन सामग्री के साथ उपस्थित रहे। बच्चों के अभिभावकों से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री और स्पेशल एजुकेटर द्वारा किया जा रहा सहयोग बच्चों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षिक गतिविधिया जो दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान विभा गुप्ता पुत्री योगेंद्र कुमार विकास खंड पयागपुर मजरा भूपगंज नैतिक पुत्र स्वामीनाथ पयागपुर और युवराज पुत्र सुनील कुमार विकास खंड विशेश्वरगंज में निरीक्षण किया गया। जनपद के समस्त विकास खंडों में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर द्वारा 5- 5 गंभीर दिव्यांग बच्चों का चयन होम बेस्ड एजुकेशन के लिए किया गया है।

# खबरें एक नजर में

## गर्मी से राहत की तलाश में गुमड़ी घाट पर उमड़ी भीड़ नदी में लापरवाही बढ़ा रही हादसे का खतरा

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** जेठ की भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के बाद दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं। गर्म हवाओं और उमस से परेशान युवा अब राहत की तलाश में गुमड़ी घाट का रुख कर रहे हैं, जहां कुआनो नदी इन दिनों लोगों के लिए अस्थायी 'कूलिंग पॉइंट' बन गई है। सुबह से लेकर शाम तक घाट पर युवाओं और किशोरों की भीड़ जुट रही है। कोई नदी में छलांग लगाकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहा है तो कोई घंटों पानी में रहकर तपती धूप से बचने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। इन दिनों गुमड़ी घाट का नजारा किसी पिकनिक स्पॉट या पर्यटन स्थल से कम नहीं दिख रहा। घाट किनारे बाइक और साइकिलों की कतारें लगी रहती हैं, जबकि नदी के किनारे युवाओं के समूह तैराकी और मस्ती करते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में घाट पर आने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। खासकर दोपहर के समय बड़ी संख्या में छात्र और युवा यहां पहुंच रहे हैं। लेकिन गर्मी से राहत पाने की यह कोशिश कभी भी खतरे में बदल सकती है। पिछले दिनों राप्ती नदी और आसपास के जलाशयों में डूबने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, बावजूद इसके लोग सावधानी बरतते नहीं दिख रहे। कई युवक नदी के गहरे हिस्सों तक चले जाते हैं और बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के तैराकी करते हैं। कुछ युवक मोबाइल से वीडियो बनाने और स्टंट करने के दौरान भी नजर आते हैं, जो जोखिम को और बढ़ा देता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कुआनो नदी का बहाव ऊपर से सामान्य दिखाई देता है, लेकिन कई स्थानों पर अचानक गहराई बढ़ जाती है। नदी के कुछ हिस्सों में फिसलन और भंवर जैसी स्थिति भी रहती है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद युवाओं में रोमांच और गर्मी से राहत पाने की चाह इतनी अधिक है कि वे खतरे को नजरअंदाज कर रहे हैं।

## बिजली संकट से त्रस्त हुआ उतरौला

**उतरौला (बलरामपुर)।** भीषण गर्मी और उमस के बीच उतरौला नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बुधवार और बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आई। पूरी रात बिजली के बार-बार आने-जाने का सिलसिला चलता रहा, जिससे लोगों को जागकर रात बितानी पड़ी। उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान दिखाई दिए। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रात होते ही बिजली संकट और गहरा जाता है। कभी ओवरलोडिंग तो कभी फाल्ट के नाम पर घंटों आपूर्ति ठप कर दी जाती है। कई मोहल्लों में बिजली कुछ मिनट के लिए आती और फिर अचानक गायब हो जाती। हालात ऐसे रहे कि कई परिवार सुबह चार बजे तक सो नहीं सके। गर्मी और मच्छरों के बीच लोगों को घरों की छतों, बरामदों और सड़कों तक पर टहलते देखा गया। नगरवासियों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है। कई बार विभागीय कर्मचारी फाल्ट और रोस्टिंग का हवाला देकर घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं करते। शादी-विवाह के सीजन में यह समस्या और गंभीर हो गई है। घरों में आए मेहमान भीषण गर्मी और बिजली संकट से परेशान होकर रातभर चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली कटौती का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गो पर पड़ रहा है। रातभर उमस के कारण छोटे बच्चे रोते रहते हैं, जबकि बुजुर्ग बेचैनी में जागते रहते हैं। महिलाओं को भी घरेलू कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की जुबान पर बस एक ही सवाल बना रहता है– 'बिजली आखिर कब आएगी? नगर में बिजली की स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग अब निर्बाध आपूर्ति को किसी सुविधा नहीं बल्कि सौभाग्य की तरह देखने लगे हैं। हर थोड़ी देर में ट्रिपिंग और कटौती के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली संकट के चलते छात्रों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियां और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि 33 केवी लाइन के किनारे लगे पेड़ों की समय पर छंटाई नहीं कराई जाती, जिसके कारण शाखाएं तारों से टकराती रहती हैं और बार-बार फाल्ट होता है। कई स्थानों पर जर्जर तार और पुराने ट्रांसफॉर्मर भी बिजली संकट की बड़ी वजह बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए विभाग गंभीर कदम क्यों नहीं उठा रहा। क्षेत्र के अकरम, ऐमन रिज़वी, रिज़वान, अयाज़ सोनू, अबुल काज़िम, कल्लू तथा कलीम सहित कई सामाजिक लोग लगातार विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं और लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग उठा रहे हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई बड़ा सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। नगरवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जर्जर तारों को तत्काल बदला जाए, 33 केवी लाइन के किनारे लगे पेड़ों की छंटाई कराई जाए, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए तथा बिना सूचना होने वाली कटौती पर रोक लगाई जाए, ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को राहत मिल सके।

# वन रक्षक सुरेश वर्मा को मिली पदोन्नति, बनाए गए वन दरोगा

## देवीपाटन मंडल वन संरक्षक ने लगाया बैच

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अब्दुल्ला गंज जंगल में तैनात वन रक्षक सुरेश कुमार वर्मा को पदोन्नति मिली है। उन्हें वन दरोगा के पद पर पदोन्नत किया गया है। देवीपाटन मंडल के वन संरक्षक ने उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया। सुरेश कुमार वर्मा पिछले एक दशक से अब्दुल्ला गंज जंगल में वन रक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए यह पदोन्नति दी गई है। देवीपाटन वृत्त, उत्तर प्रदेश गोंडा के वन संरक्षक डॉ. सेम्मारन एम ने सुरेश कुमार वर्मा को उनके नए पद के लिए बैच लगाकर सम्मानित किया। इस पदोन्नति पर अब्दुल्ला गंज के वन क्षेत्र अधिकारी पंकज कुमार साहू, उपवन क्षेत्र अधिकारी शम्भू नाथ यादव, वन रक्षक देव वर्मा और वन दरोगा सुरेश पासवान सहित अन्य सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।



# शिव महापुराण कथा में भक्तिमय हुआ माहौल, गूंजे जयकारे

- शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का हुआ मंचन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के पयागपुर इलाके में शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। विवाह समारोह अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। जैसे ही भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ, पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से झूमते हुए भगवान शिव का गुणगान किया। कथावाचक रविशंकर महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव-पार्वती विवाह की रस्में पूरी कराई। उन्होंने विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि शिव-पार्वती विवाह सनातन संस्कृति में त्याग, तपस्या, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने पुरुषोत्तम मास में किए जाने वाले भगवान शंकर के पूजन का महत्व भी बताया।विवाह समारोह को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान शिव की बारात में भक्तों ने नृत्य करते हुए हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते रहे। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इससे पूर्व पार्थिव पूजा भी संपन्न कराई गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक राम रंग जायसवाल, संजय जायसवाल, धवल राजकुमार, मनोज अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी और श्यामजी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने आए हुए श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे माहौल भक्तिमय और आकर्षक बना रहा।

# हिस्ट्रीशीटर कोडीन कफ सिरप के साथ गिरफ्तार

- कोल्ड ड्रिंक दुकान की आड़ में चल रहा था नशे का कारोबार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा कस्बे में पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 शीशी कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद की। यह कार्रवाई नेपाल रोड स्थित केवलपुर इलाके में राणा पेट्रोल पंप के पास संचालित एक कोल्ड ड्रिंक की दुकान पर की गई। आरोप है कि इस दुकान की आड़ में लंबे समय से नशीली कफ सिरप बेची जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण और थाना रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने शुक्रवार को संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान संचालक ओमप्रकाश सोनी को गिरफ्तार किया। वह साकेत नगर, थाना रुपईडीहा का निवासी है। तलाशी में उसके पास से 15 शीशी एक्स-टी कफ सिरप (प्रत्येक 100 एमएल) बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बिना लाइसेंस के प्रतिबंधित कफ सिरप का अवैध कारोबार कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी कोल्ड ड्रिंक की दुकान की आड़ में युवाओं को नशीली कफ सिरप बेचता था। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद से ही पुलिस और औषधि विभाग उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहे थे। इस मामले में थाना रुपईडीहा पर मुकदमा संख्या 113/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट तथा औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा 27 (B)(II) और 28 के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार ओमप्रकाश सोनी एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से मारपीट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट और एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

## शादी से मुकरा प्रेमी तो टावर पर चढ़ी प्रेमिका, हथियागढ़ में हाई वोल्टेज ड्रामा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** छपिया थाना क्षेत्र के हथियागढ़ बाजार में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब प्रेमी के धोखे से नाराज एक प्रेमिका मोबाइल टावर पर चढ़ गई। नंगे पांव टावर पर चढ़ी युवती को देखकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी मच गई। क्या है मामलाः बताया जा रहा है कि पीड़ित युवती का बलरामपुर निवासी अमित नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों के बीच बातचीत के बाद इसी महीने शादी कराने पर सहमति भी बन गई थी। आरोप है कि ऐन वक्त पर प्रेमी अमित शादी के वादे से मुकर गया और मुंबई भाग गया। पुलिस ने उतारा नीचेः प्रेमी की बेरुखी से आहत युवती नंगे पांव मोबाइल टावर पर चढ़ गई।

# विश्व जैव विविधता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर कृषि संकाय द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज विज्ञान परिसर में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा जैव विविधता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जैव विविधता मानव जीवन का आधार है। पेड़-पौधे, जीव-जंतु और प्राकृतिक संसाधन पृथ्वी पर जीवन संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक



पौधारोपण करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ रेखा शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से जैव विविधता को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ती है और समाज को सकारात्मक संदेश मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों ने भी जैव विविधता संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ घनश्याम द्विवेदी, डॉ विनय पांडे, डॉ स्मिता सिंह, डॉ डीपी सिंह, डॉ श्रीकांत, डा करुणेश कुमार दूबे एवं मानसी पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पोस्टर, विचार एवं जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान जैव विविधता संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। अंत में आयोजक विभाग द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति नई चेतना जागृत हुई।

# नोडल अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दर्जीकुंआ एआई लैब का किया निरीक्षण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद की नोडल अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा ने जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद आगमन पर सर्किट हाउस गोण्डा में अधिकारियों द्वारा बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दर्जीकुंआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित एआई लैब का अवलोकन किया तथा छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षिक गतिविधियों एवं तकनीकी ज्ञान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने विरवाबभनी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां संरक्षित गोवंशों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोवंशों के लिए चारा, पानी, स्वच्छता एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद पंचायत भवन विरवाबभनी में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की तथा



पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया। भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी ने सिविल लाइन गोण्डा स्थित फायर ब्रिगेड परिसर में निर्माणाधीन कर्मचारी आवास का भी निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारी द्वारा समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा जनसामान्य को मिल रहे लाभ के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

- जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं लोगों की समस्यायें
- पैसे के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को संदर्भित कर शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी त्वरित सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी को देखते गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री ने परिजनों के साथ आए बच्चों से बात की। उन्हें दुलारा-पुचकारा, आशीर्वाद के साथ चॉकलेट्स भी दीं।

# राज्यपाल ने प्रतीक यादव को दी श्रद्धांजलि

- अपर्णा यादव के आवास पहुंचकर जताई संवेदना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में अपर्णा यादव के आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पति प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का हौसला दिया। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने परिवार की बेटियों से भी बातचीत की और इस कठिन समय में संयम और साहस बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर राज्यपाल ने दिवंगत प्रतीक यादव की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और ऐसे समय में पूरे समाज को परिवार के साथ खड़ा रहना चाहिए, ताकि वे इस दुख को सहने की शक्ति पा सकें।

## खबरें एक नजर में

### रिजल्ट न आने से नाराज होम्योपैथिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** होम्योपैथिक फार्मासिस्ट भर्ती 2024 का परिणाम जारी न होने से नाराज अभ्यर्थियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। शुक्रवार सुबह 9 बजे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी गोमतीनगर स्थित पिकअप भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) कार्यालय का घेराव किया। अंतिम परिणाम जल्द घोषित करने की मांग उठाई। अभ्यर्थियों का कहना है कि 8 महीने से वे अनिश्चितता और मानसिक दबाव में जी रहे हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, इस भर्ती प्रक्रिया के तहत डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (डीवी) करीब 8 महीने पहले ही पूरा हो चुका है। अब तक अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है। उनका कहना है कि सामान्य प्रक्रिया में इतना लंबा समय लगना असामान्य है और इससे आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि रिजल्ट में देरी ने उन्हें सफलता और असफलता के बीच लटका दिया है। लगातार इंतजार के कारण मानसिक तनाव, अवसाद और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वे न तो अन्य विकल्प चुन पा रहे हैं और न ही आगे की योजना बना पा रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे समय से परिणाम न आने के कारण उन पर आर्थिक और पारिवारिक दबाव भी बढ़ता जा रहा है। खासकर ग्रामीण और कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले उम्मीदवारों के लिए यह स्थिति और भी कठिन होती जा रही है। परिवार और समाज के सवालों के बीच वे लगातार दबाव झेल रहे हैं। अभ्यर्थियों ने सरकार की 'मिशन रोजगार' नीति का हवाला देते हुए आयोग से अपील की है कि युवाओं के भविष्य को देखते हुए इस भर्ती को प्राथमिकता पर लिया जाए और जल्द से जल्द अंतिम परिणाम घोषित किया जाए। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक परीक्षा का रिजल्ट नहीं, बल्कि सैकड़ों युवाओं के करियर और जीवन का सवाल है। अभ्यर्थियों ने साफ संकेत दिया है कि यदि जल्द परिणाम जारी नहीं किया गया तो उनका आंदोलन और तेज होगा। फिलहाल उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी है, लेकिन लंबा इंतजार अब उनके लिए असहनीय होता जा रहा है।

### सपा का नीट परीक्षा लीक व महंगाई के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस से भिड़े कार्यकर्ता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में समाजवादी पार्टी ने हजरतगंज चौराहे पर नीट परीक्षा लीक और महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी, छात्र सभा और यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हाथों में सरकार विरोधी पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे। सरकार के खिलाफनारेबाजी करने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई। कई कार्यकर्ता पुलिस बस की छत पर चढ़ गए। पुलिसकर्मियों ने सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने सड़क पर घसीटा, इससे उनके कपड़े फट गए और हाथ छिल गए। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आनंद यादव ने बताया कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई, बेरोजगारी और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। खाने-पीने की वस्तुएं भी लगातार महंगी होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती सहित कई भर्तियां पिछले कई वर्षों से लंबित हैं, लेकिन सरकार ओबीसी वर्ग के हक को लागू नहीं कर रही है और न ही उन्हें जॉइनिंग दे रही है।

### हुसैनाबाद आदर्श व्यापार मंडल का हुआ गठन

- नुसरत हुसैन अध्यक्ष, सैयद रजा इमाम रिजवी महामंत्री, बृज कुमार चुने गए कोषाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान मेंलखनऊ के ऐतिहासिक क्षेत्र हुसैनाबाद क्षेत्र में हुसैनाबाद क्षेत्र के व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में तथा संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ्जल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे व्यापारी नेता संजय गुप्ता के सामने हुसैनाबाद के व्यापारियों ने हुसैनाबाद बाजार की समस्याओं को विस्तार से रखा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों को उनकी समस्याओं के समाधान करने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का आश्वासन दिया तथा सभी से एकजुट होने तथा संगठन का गठन करने का आवाहन किया व्यापारियों ने सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की इकाई ष्हुसैनाबाद आदर्श व्यापार मंडल ष्का गठन किया। हुसैनाबाद आदर्श व्यापार मंडल ष्इकाई में नुसरत हुसैन (लाला) को अध्यक्ष, रजा इमाम रिजवी को महामंत्री, ब्रज कुमार को कोषाध्यक्ष, कमर मेहंदी एवं शहजाद अब्बास को उपाध्यक्ष, सनी गुप्ता को मंत्री चुना गया तथा संरक्षक मंडल में नवाब मसूद अब्दुल्ला साहब एवं कब्बन नवाब साहब को चुना गया तथा कार्यकारी समिति में सय्यद अजहर इमाम, अतहर इमाम, राजू एवं सैयद कंबर को चुना गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने नवगठित कमेटी के सभी पदाधिकारियो को बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की हर समस्याओं के समाधान के लिए कन्धे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे तथा संघर्ष करेंगे उन्होंने कहा हुसैनाबाद बाजार लखनऊ की ऐतिहासिक बाजार है एवं लखनऊ की पहचान एवं शान है यहां के व्यापारी पूरे लखनऊ में दिशा दे सकते हैं उन्होंने कहा जल्दी ही हुसैनाबाद क्षेत्र में, क्षेत्र के व्यापारियों की बैठक करके हुसैनाबाद के ऐतिहासिक क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा नवगठित इकाई के अध्यक्ष नुसरत हुसैन लाल ने बताया जून के प्रथम सप्ताह में संगठन द्वारा क्षेत्र के व्यापारियों का व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# प्रकृति की विविधता जीवन की असली संपदा : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- विश्व जैव विविधता दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विश्व जैव विविधता दिवस पर प्रदेशवासियों एवं प्रकृति प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति की विविधता ही जीवन की असली संपदा है।

जैव विविधता केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जल, वन्य जीवों और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। श्री मौर्य ने कहा कि पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतु, वनस्पतियां, जल स्रोत एवं प्राकृतिक संसाधन मानव सभ्यता को संतुलित और समृद्ध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि जैव विविधता सुरक्षित रहेगी तो पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा तथा मानव जीवन स्वस्थ एवं सुरक्षित रहेगा।

बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण जैव विविधता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, जिससे दुनिया चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के लिए जनकल्याणकारी अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को प्राथमिकता देते हुए वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान चला रही है।डिप्टी सीएम ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे प्रकृति संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए जन आंदोलन का रूप दें।

प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील बनने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। विश्व जैव विविधता दिवस हमें यह संदेश देता है कि प्रकृति और मानव जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं।

### मकान सूचीकरण अभियान शुरू : पहले ही दिन 1.35 करोड़ घरों को मिला नंबर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का शुभारंभ शुक्रवार को सफलतापूर्वक किया गया। इससे पूर्व, राज्य में स्व-गणना का कार्य 07 मई से 21 मई 2026 तक किया गया, जिसमें अंतिम दिन 21 मई तक कुल 47,96,158 परिवारों द्वारा स्व-गणना पूर्ण की गई। यह जनसहभागिता का एक सराहनीय उदाहरण है, जो लोगों की जागरूकता एवं सहभागिता को दर्शाता है। शुक्रवार को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ राज्य के कुल 3,89,312 मकानसूचीकरण ब्लॉक (HLB) में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पर सभी भवनों को संख्या प्रदान करने तथा नजरी नक्शा (Layout Map) तैयार करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। प्रगणकों द्वारा आज के दिन 1,35,02,160 घरों तक पहुंच बनाते हुए जनगणना मकान संख्या अंकित की गई है।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती की दोहरी मार मायावती ने बीजेपी सरकार पर बोला हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति की स्थिति को लेकर चिंता जताई है और सरकार से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की अपील की है। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच श्एक्सश् पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में गर्मी के इस मौसम में बिजली की कमी और कटौती की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और अन्य मेहनतकश लोगों का जीवन बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता इस समस्या को लेकर विभिन्न तरीकों से अपना आक्रोश व्यक्त कर रही है और इसकी चर्चा मीडिया में भी लगातार हो रही है। बसपा प्रमुख ने सरकार से अपील की कि बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए तत्काल जरूरी कदम उठाए जाएं। साथ ही भविष्य में स्थिति को बेहतर बनाने के लिए नए पावर प्लांट स्थापित करने सहित अन्य प्रभावी उपाय किए जाएं, जो व्यापक जनहित में आवश्यक हैं।

# श्रीमती हेमलता पाठक मेमोरियल जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 30 मई से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



एक्सीलिया स्कूल और एक्सीलिया बैडमिंटन अकादमी के तत्वावधान में श्रीमती हेमलता पाठक मेमोरियल ओपन जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का आयोजन आगामी 30 मई से 2 जून तक स्कूल परिसर स्थित बैडमिंटन हॉल में होगा। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष पाठक ने बताया कि लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन से संबद्ध यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की जा रही है। जिसमें 11 वर्ष, 13, 15, 17, 19 एवं सीनियर वर्ग के महिला एवं पुरुष वर्ग व युगल वर्ग के मुकाबले आयोजित होंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ी आयोजन सचिव देवेंद्र कौशल (मो. - 9451111077) से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ी विभिन्न बैडमिंटन अकादमियों के प्रशिक्षकों एवं श्री ए.आर. अंसारी (9792349777) बैडमिंटन कोच, केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास एवं एक्सीलिया स्कूल में भी अपने फार्म जमा करा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 28 मई है एवं ड्रा 29 मई को निकाला जायेगा।

# बात सीट की नहीं, जीत की है : अखिलेश यादव

- कांग्रेस को बड़ा संदेश, 403 सीटें समाजवादी टीम रेडी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



2027 में चुनाव भले ही विधानसभा का होगा लेकिन 2027 के नतीजे अगले लोकसभा चुनाव की दिशा तय करने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी से अगर कोई असल में टक्कर ले रही तो वो समाजवादी पार्टी ही है। कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी हो या फिर कोई अन्य दल उत्तर प्रदेश में खास मुकाम हासिल नही है।कांग्रेस की समाजवादी पार्टी से सियासी यारी है और बकौल अखिलेश यादव आगे भी रहने वाली है। ये बात और है कि इधर कुछ कांग्रेसियों ने सुश्री मायावती के घर दस्तक देकर जबसे लौटे हैं तब से उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हल्के में चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। ऐसे में अखिलेश का ताजा बयान बड़ा मायने रखता है।

यूपी की राजनीति में सीट शेयरिंग और गठबंधन की चर्चाएं तेज हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सहयोगी दलों खासकर कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। अखिलेश बोले, बात सीट की नहीं, जीत की है। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर तैयार है। आगामी चुनावों के लिए समाजवादी पार्टी ने राज्य की 403 विधानसभा सीटों पर कार्यकर्ताओं और संगठन को मजबूत कर लिया है। जो दल गठबंधन में साथ आएगा, वो सपा के मजबूत बूथ स्तर के संगठन का फायदा पायेगा। बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती से मुलाकात की कोशिश की। अखिलेश यादव ने पीडीए को बड़ा सामाजिक आंदोलन है, जिसमें देश की आबादी के 95 फीसदी वे लोग शामिल हैं, जो खुद को पीड़ित, दुखी या उपेक्षित महसूस करते हैं। आंदोलन वर्चस्ववाद भेदभाव के खिलाफ नई आजादी का आंदोलन है, जिसका उद्देश्य संविधान और आरक्षण की रक्षा करना और सामाजिक न्याय स्थापित करना है। सियासी जानकार कहते हैं कि 403 सीटों पर संगठन की मजबूती की बात कह अखिलेश ने कांग्रेस को साफ संदेश देने की कोशिश की है कि यदि कांग्रेस किसी अलग राजनीतिक रणनीति पर काम करती है, तो समाजवादी पार्टी अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरने से गुरेज नहीं करेगी।

# राजधानी के 70 जज साइकिल से पहुंचे कोर्ट

- पेट्रोल-डीजल और पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को जिले के करीब 70 जज साइकिल से कोर्ट के लिए रवाना हुए। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह अनोखा अभियान चलाया गया।

जिला जज मलखान सिंह के नेतृत्व में शुरू हुए इस कार्यक्रम को हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला जज मलखान सिंह के डालीबाग स्थित आवास पर सभी जज इकट्ठा हुए। जिला जज के नेतृत्व में सभी जज सुबह 9 बजे साइकिल से कोर्ट के लिए निकले। इस दौरान सभी जजों ने आम लोगों को ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लखनऊ हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश चौहान ने इस अभियान की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने इसे एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता लाने के लिए बेहद जरूरी हैं।

अभियान में शामिल होने के लिए जिन जजों को साइकिल चलाना नहीं आता था, वे ई-रिक्शा से कोर्ट पहुंचे। वहीं, कई वकील भी इस पहल से जुड़े और साइकिल या ई-रिक्शा से अदालत पहुंचे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा के अनुसार, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ते ईंधन संकट के प्रति लोगों को जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बताया जा रहा है कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गई अपील से भी प्रेरित है। न्यायिक अधिकारियों ने इस माध्यम से आम जनता को वैकल्पिक साधनों को अपनाने का संदेश दिया।

# सिंगापुर व मलेशिया की शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सी.एम.एस. छात्र दल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन का 51 सदस्यीय दल सिंगापुर एवं मलेशिया की 9-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर रवाना हो गया। इस छात्र दल में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 36 एवं कैम्ब्रिज सेक्शन के 10 छात्र शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं सुश्री समीना ज़हीर, सुश्री एरम मेहदी, सुश्री वन्दना साही, सुश्री प्रियंका रोहतगी एवं सुश्री मसीरा आरिफ कर रही हैं। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक शिक्षा प्रणाली, साँस्कृतिक विविधताओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से अपने ज्ञान एवं व्यक्तित्व को और अधिक समृद्ध बना सकें।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रों की शैक्षिक यात्रा पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक यात्राएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, साथ ही उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण के विकास हेतु प्रेरित करती हैं और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा छात्रों के लिए अत्यन्त प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी।

सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि सिंगापुर एवं मलेशिया की शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य से तो परिचित होंगे ही, साथ ही प्रमुख शैक्षिक, ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक केन्द्रों का अवलोकन करेंगे, जिनमें गार्डेन्स बाइ द बे, यूनिवर्सल स्टूडियोज सिंगापुर, पार्लियामेन्ट हाउस, सिंगापुर ज़ू, सेन्टोसा, जेंटिंग हाईलैण्ड्स एवं पेट्रोनास ट्विन टावर आदि शामिल हैं। यह शैक्षिक यात्रा छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण के विकास में महती भूमिका निभायेगी। श्री खन्ना ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल अपने छात्रों को देश-विदेश की शैक्षिक यात्राओं में भाग लेने के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कराता है। सी.एम.एस. का मानना है कि आज दुनिया एक ग्लोबल विलेज का स्वरूप धारण कर चुकी है, ऐसे में भावी पीढ़ी को विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यता व विभिन्न विचारों से रूबरू कराकर उनके दृष्टिकोण को विश्वव्यापी बनाना आज की महती आवश्यकता है।

**सराहनीय** — सेना में बढ़ी यूपी की देसी गायों के हाई प्रोटीन गो उत्पादों की डिमांड

# राष्ट्रशक्ति व आर्थिक समृद्धि का नया मॉडल बन रहा गो संरक्षण

- एनसीआर से लेकर चेन्नई, बेंगलुरु व मुंबई तक ऑनलाइन सप्लाई
- उत्तर प्रदेश में आइसलैंड व डेनमार्क की नवीनतम तकनीक से तैयार हो रहा प्रीमियम दूध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से गो संरक्षण अब राष्ट्रशक्ति और आर्थिक समृद्धि का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। प्रदेश की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध और गो उत्पादों की भारतीय सेना में मांग बढ़ी है। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर यह दूध सैनिकों की फिटनेस और पोषण जरूरतों के लिए उपयोगी माना जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे इन प्रीमियम गो उत्पादों की आपूर्ति अब एनसीआर के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े महानगरों तक ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में पहुंच रहे यूपी के देसी गाय के दूध ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।प्रयागराज के रहने वाले इंजीनियर एस एन द्विवेदी ने नोएडा में रोजगार के साथ गो संरक्षण और गो सेवा के जरिए आर्थिक समृद्धि के नए मॉडल का बड़ा उदाहरण दिया है। उनकी गोशाला की गिर, साहीवाल समेत अन्य देसी नस्लों की गायों के दूध में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन और प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही कारण है कि भारतीय सेना में इसके उपयोग को लेकर लगातार मांग बढ़ रही है।

देसी गाय का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को ऊर्जा देने और मांसपेशियों को मजबूती देने में सहायक माना जाता है। आधुनिक तकनीक से प्रोसेस होने के कारण इसकी गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर सेना और उपभोक्ताओं के बीच भरोसा बढ़ा है।उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे गो उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं। एनसीआर के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे देश के बड़े महानगरों में इसकी ऑनलाइन आपूर्ति तेजी से बढ़ी है।हाई प्रोटीन और प्रीमियम क्वालिटी के कारण फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक लोगों के बीच इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। 165 रुपये प्रति लीटर तक बिक रहा यह दूध प्रदेश की गो आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहा है। उत्तर प्रदेश में पहली बार आइसलैंड और डेनमार्क की अत्याधुनिक डेयरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की गई है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयास जमीन पर बड़े बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

### एआई व डिजिटल तकनीक पर संगोष्ठी आयोजित विशेषज्ञ बोले- बेटियों के लिए खुल रहे नए अवसर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी के गोमतीनगर स्थित वॉवल नेक्स्टजेन लर्निंग इंस्टीट्यूट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल तकनीक पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डिजिटल विशेषज्ञ डिंपल अग्रवाल ने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि एक ऐसा कौशल है जो लड़कियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने बताया कि अब एआई आधारित करियर केवल कोडिंग तक सीमित नहीं रह गया है। कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डेटा एनालिसिस, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और चौटबॉट ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में युवतियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अग्रवाल ने बताया कि कैनवा और मिडजर्नी जैसे एआई टूल्स की मदद से पेशेवर डिजाइन और डिजिटल कंटेंट तैयार करना आसान हो गया है। इससे घर बैठे भी करियर बनाने के अवसर बढ़े हैं।

# स्व-गणना में शाहजहांपुर प्रदेश में प्रथम रैंक के साथ बनाया कीर्तिमान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देश से स्व गणना में जनपद शाहजहांपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर हो गया है।

जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व गणना अभियान में जनपद शाहजहांपुर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 03 लाख 3 हजार परिवारों की स्व गणना पूर्ण कर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन के कुशल नेतृत्व, सुव्यवस्थित कार्ययोजना, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं व्यापक जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है।जनपद ने स्व गणना में अग्रणी चल रहे जनपद को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से जनपदवासियों में उत्साह एवं गौरव का वातावरण है। इस उपलब्धि के पीछे प्रमुख जनगणना अधिकारी/डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम वित्त अरविंद कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत निर्देशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनपद के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास, समर्पण एवं प्रतिबद्धता से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सका है। डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे जनपद की सामूहिक सफलता है। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामूहिक इच्छाशक्ति एवं सकारात्मक सहभागिता से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि आत्मसंतुष्टि से बचते हुए इसी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ आगे भी अभियान को गति प्रदान करें।

स्व गणना अभियान के अंतर्गत नागरिकों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना दर्ज कराने हेतु निरंतर जागरूक किया जाता रहा है। जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। विभिन्न थीम आधारित दिवसों, विभागीय कार्यक्रमों, रैलियों, कार्यशालाओं एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से आमजन को स्व गणना हेतु प्रेरित किया गया है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता तथा निरंतर मॉनिटरिंग के कारण अभियान को व्यापक सफलता प्राप्त हुई।डीएम ने जनपद प्रशासन ने इस उपलब्धि पर सभी जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके निरंतर सहयोग, मेहनत एवं प्रतिबद्धता की सराहना की है। डीएम/प्रमुख जनगणना अधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि इसी टीम भावना, अनुशासन एवं जनसहभागिता के बल पर जनपद भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगा तथा जनगणना 2027 को सफल बनाने में प्रदेश स्तर पर नई मिसाल स्थापित करेगा। जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे स्व गणना में राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। हमारी जनगणना, हमारा विकास, इसी संकल्प के साथ जनगणना 2027 को सफल बनाने में अपना योगदान दें। डीएम के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में जनपद शाहजहांपुर स्व गणना कराने में टॉप 1 पोजिशन लाया पूरे प्रदेश में मात्र शाहजहांपुर ही 3 लाख के आकाडा पार किया। दूसरे नंबर आजमगढ़ से हम लोग 17000 की लीड लिये हैं।

## डीएम आवास की मकान गणना एवं सूचीकरण को पहुंचे गणना कार्मिक

### जनगणना-2027: मकान गणना एवं मकान सूचीकरण के कार्य का शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** जनपद में आगामी जनगणना की तैयारियों के अंतर्गत 22 मई से 20 जून तक मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। अभियान के तहत घर-घर जाकर मकानों से संबंधित आवश्यक विवरण एकत्रित किए जाएंगे, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए अद्यतन आंकड़े उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आवास की मकान गणना एवं सूचीकरण कार्यवाही संपन्न कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रगणक हिमांशु द्वारा हाउस नम्बर प्रदान किए गए तथा सुपरवाइजर कुसुम उपस्थित रहीं। मौके पर सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, एडीएम अरविंद कुमार, जनगणना प्रभारी अनुराग सिंह, डीआईओ एनआईसी जॉय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कराया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे गणना कार्य में लगे कर्मचारियों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि यह महत्वपूर्ण अभियान समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## विश्वविद्यालय में ग्रीष्मावकाश घोषित

**शाहजहांपुर।** विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय परिसर तथा सभी संबद्ध महाविद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। कुलपति के निर्देशानुसार जारी आदेश के अनुसार दिनांक 25 मई 2026 से 4 जुलाई 2026 तक ग्रीष्मावकाश प्रभावी रहेगा। कुलसचिव द्वारा जारी पत्रक में स्पष्ट किया गया है कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विवि द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत संचालित होती रहेंगी। परीक्षा संबंधी समस्त कार्यों में लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अवकाश अवधि में

> ▸ 25 मई से 4 जुलाई तक बंद रहेंगे विवि परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय, परीक्षाएं रहेंगी यथावत

भी आवश्यकतानुसार योगदान अपेक्षित होगा। इसके साथ ही विवि प्रशासन ने शिक्षकों के हितों का ध्यान रखते हुए यह भी निर्देशित किया है कि अवकाश अवधि में परीक्षा कार्य संपादित करने वाले शिक्षकों को एक के बदले एक प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाएगा। संबद्ध महाविद्यालयों में इस व्यवस्था का अनुपालन महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्यों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। विवि के इस निर्णय से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भीषण गर्मी के बीच राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु प्रशासनिक संतुलन भी कायम रखा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ से देहरादून जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव अब शाहजहांपुर में



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद एवं उसके आसपास सटे जनपदों के लोगों को रेल मंत्रालय ने एक विशेष उपहार प्रदान कर दिया है। अब लखनऊ जंक्शन से देहरादून जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22545/22546 का ठहराव शाहजहांपुर स्टेशन पर भी होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गत 11अगस्त 2025 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस ट्रेन का ठहराव शाहजहांपुर स्टेशन पर किये जाने की अपेक्षा की थी।इस ट्रेन के ठहराव से देहरादून में पढ़ रहे शाहजहांपुर जनपद के साथ पीलीभीत जनपद के बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र एवं लखीमपुर जनपद के मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के विद्यार्थियों सहित आध्यात्मिक दृष्टि से हरिद्वार, ऋषिकेश एवं चार धाम की यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को भी इसके ठहराव का विशेष लाभ प्राप्त होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने जनसुविधा के विस्तार हेतु शाहजहांपुर स्टेशन पर बंदे भारत का ठहराव दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान की केंद्र सरकार यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखकर जो निर्णय ले रही है वह प्रसंसनीय हैं।

### हरित परिसर की ओर बढ़ा विश्वविद्यालय

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के द्वारा ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अपील में समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया है। माननीय कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने नो-व्हीकल फ्राइडे अभियान प्रारंभ करते हुए प्रत्येक शुक्रवार को पेट्रोल, डीजल एवं गैस आधारित वाहनों के न्यूनतम उपयोग की अपील की है। इसके साथ ही ई-वाहनों, कार-पूलिंग एवं सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हुए छोटी दूरियों के लिए पैदल चलने अथवा साइकिल के उपयोग की आदत विकसित करने का संदेश भी दिया है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। विश्वविद्यालय की इस पहल को स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है। कुलपति कार्यालय द्वारा जारी संदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय परिवार अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सामाजिक सहभागिता की भावना के साथ इस पर्यावरण-अनुकूल अभियान को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान देगा। समस्त कर्मचारियों के द्वारा विश्वविद्यालय के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि हम सब इसी प्रकार सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे, तो निस्संदेह आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकेगा।

### सेमी फाइनल मैच में सौरभ इंटरप्राइजेज की टीम ने एमए पब्लिक स्कूल की टीम को हराया



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बिलंदपुर गद्दीपुर में चल रहे सेमीफाइनल मैच में अवनीश कुमार के 38 के बदौलत सौरभ इंटरप्राइजेज ने निर्धारित 16 ओवर में 133 रन बनाए वहीं एम ए पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने सधी गेंदबाजी करते हुए 16 ओवर में सौरभ इंटरप्राइजेज को 133 रन पर रोक कर मैच में उम्मीद बरकरार रखी इंजमाम ने 2 विकेट रेहान ने 3 कप्तान राकिब खान ने तीन विकेट विवेक यादव ने 2 विकेट हासिल किए। बाद में खेलने उतरी एम ए पब्लिक स्कूल की टीम ने अच्छी शुरुआत की परंतु मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट खोए और अंतिम बल्लेबाज सुबोध ने 33 रन बनाए वहीं सौरभ इंटरप्राइजेज के गेंद बाज राहुल रस्तोगी ने चार ओवर में पांच रन देकर चार विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। एम ए पब्लिक स्कूल की टीम 14 ओवर 5 गेंदों में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा टूर्नामेंट के आयोजक राजपाल सिंह ने बताया कि विजेता टीम को 25 हजार उपविजेता टीम को 7 हजार पर्पल कैप को एक रेंजर साइकिल ऑरेंज कैप को भी रेंजर साइकिल एवं अन्य आकर्षक इनाम वितरित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पब्लिक स्कूल टीम के स्पॉन्सर ने अब्दुल रहमान खान शिवम वर्मा एवं सर्वश सिंह ने दोनों टीमों को बधाई दी एवं अच्छा खेलने की प्रेरणा देते हुआ देते हुए कहा कि हार और जीत खेल के दो पहलू हैं अगले सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर आप भी विजेता बन ट्रॉफी पर कब्जा कर सकते हैं।

# जनगणना निदेशक से मकान गणना कार्य जुलाई में कराने को भेजा पत्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीएसए दिव्या गुप्ता से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने मिलकर जनगणना ड्यूटी में प्रगणक और पर्यवेक्षक के तौर पर लगे परिषदीय शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में कार्य लेने के एवज में अपर मुख्य सचिव और स्कूल शिक्षा महानिदेशक लखनऊ को बीएसए शाहजहांपुर के माध्यम से पत्र भेजकर उपार्जित अवकाश देने की मांग की



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जनगणना निदेशक उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर जनगणना 2027 के प्रथम चरण का मकान गणना कार्य भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जुलाई में करबाने को पत्र भेजा, पत्र में अवगत कराते हुए अनुरोध किया है कि भारत सरकार द्वारा कराये जा रहे जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 01 अप्रैल से 30 सितंबर के मध्य कभी भी लगातार 30 दिन कराया जाना है तो फिर जानबूझकर इस हीटबेव में कार्मिकों के स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए 22 मई से 20 जून तक ही क्यों कराया जा रहा है जबकि कई राज्यों में अप्रैल व मई में ही करायी जा चुकी है और कहीं कहीं बारिश के मौसम में कराये जाने की तैयारी है ऐसी स्थिति में प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनगणना के प्रथम चरण का मकान गणना कार्य 22 मई से 20 जून तक की अवधि को संशोधन करके जुलाई में कराया जाना ठीक रहेगा इससे किसी कार्मिक को दिक्कत भी नहीं होंगी और जो शिक्षक गैर जनपद में नियुक्त है उन्हें विद्यालयों के ग्रीष्मावकाश में अपने घर ( मूल जनपद ) जाने में भी कोई बाधा नहीं रहेगी। ज्ञापन देने जिलाध्यक्ष के साथ निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# एक ही परिवार के 4 बच्चों को नहीं लगे एमआर के टीके

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ ने अवगत कराया है कि जनपद में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खसरा बीमारी के मरीजों में वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण झिझक वाले परिवारों द्वारा समय से टीका न लगवाने की वजह से बढ़े हैं। इसलिए अपने बच्चों को एमआर के टीके समय से अवश्य लगवाएं।

खसरा और रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए बच्चों को मिजिल्स-रूबेला की बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण करवाएं। खसरा किसी भी उम्र के बच्चे या वयस्क में यदि बुखार के साथ लाल दाने या लाल चकत्ते दिखे तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें । जिससे समय से जांच व इलाज किया जा सके इसका जांच व इलाज निःशुल्क है। रुबेला -यदि किसी गर्भवती महिला को रुबेला बीमारी हो जाए तो बच्चों में जन्मजात रूबेला सिंड्रोम हो जाएगा तो जन्म लेने वाले बच्चे का दिमाग कम विकसित होता है। डिप्थीरिया (गलघोंटू), यदि किसी भी व्यक्ति के गले में दर्द या सूजन के साथ सफेद झिल्ली दिखे तो वह गलघोटू कहलाता है इसमें समय से यदि इलाज न किया जाए तो मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। अगर किसी बच्चे के गले में सूजन व दर्द व खाने-पीने में दर्द होता है तो उसे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर दिखाएं। यदि समय से टीकाकरण हो तो खसरा, रूबेला व गलघोटू बीमारियों से बचा जा सकता है। 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 2 खसरे और रूबेला की एम आर वैक्सीन लगवाए और गलघोटू से बचाव के लिए एक साल से कम उम्र के बच्चों में तीन पेंटावेलेंट वैक्सीन , 16 से 24 माह के बच्चों को डीपीटी बूस्टर की प्रथम डोज, 5 से 6 वर्ष के बच्चों को डीपीटी बूस्टर की द्वितीय रोज तथा 10 व 16 वर्ष के उम्र में टीडी वैक्सीन लगवाएं । गलघोटू में सात बार यदि समय से टीके लग जाए तो इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इन जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए एमआर का टीका अवश्य लगवाएं।सीएमओ ने बताया कि खसरा - रूबेला व गलघोटू वायरस से होने वाले रोग हैं, जो बच्चों में तेजी से फैलते हैं। इससे बचने का एकमात्र सुरक्षित उपाय समय से टीकाकरण ही है। यह टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं प्रमाणित है। टीके के बाद हल्का बुखार या चकत्ते आना सामान्य है। यह टीका सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध है। भ्रामक जानकारियों पर विश्वास न करें। अपने नौनिहालों को समय पर टीका लगवाकर उनके सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की नींव रखें।

# बच्चों के लिए फिल्म निर्माण की कार्यशाला शुरू

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अर्थयन सोसाइटी द्वारा जेल रोड स्थित ईआईआईटी (अर्थयन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी) में प्रथम तीन दिवसीय वंदे मातरम एआई फिल्म मेकिंग वर्कशॉप की शुरुआत हुई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों जैसे एआई से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। उद्घाटन सत्र में मीडिया विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मीडिया और फिल्म निर्माण के बदलते परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। अर्थयन सोसाइटी के निदेशक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन ने कहा कि आज एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को न सिर्फ आसान बना रही है, बल्कि इससे बनने वाली फिल्में अधिक रचनात्मक और प्रभावशाली हैं. गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे इस कार्यालय में एआई तकनीक द्वारा फिल्म निर्माण की बारीकियां को समझेंगे. इस कार्यशाला में बच्चों द्वारा बनाई गई फिल्मों को फिल्म अवार्ड के लिए भी भेजा जाएगा। कार्यशाला के प्रथम सत्र में वीडियो एडिटर ज्ञान प्रकाश ने बच्चों को संपादन की बारीकियां समझाई, वही लघु फिल्म निर्माता प्रेम कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके फिल्म का पोस्टर बनाना सिखाया। कार्यशाला के आयोजकों ने बताया कि द्वितीय और तृतीय एआई फिल्म मेकिंग वर्कशॉप के लिए कोई भी विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकता है।

# रोजा पुलिस आधा दर्जन चोरियों का अभी तक नहीं कर पाई खुलासा

> ▸ पुलिस की कार्यशैली पर लग रहे हैं प्रश्नचिन्ह, एक ही रात में सल्लिया गांव हुई थी चार चोरियां

**अमरदीप रस्तोगी**

**रोजा, शाहजहांपुर।** विगत दिनों रोजा क्षेत्र में चोरों ने जमकर आतंक मचाया। चोरों नें क्षेत्र की पाश कालोनी में एक बैंक मैनेजर के घर पर धावा बोलकर चोरी को अंजाम दिया, उसके दूसरे दिन गुर्री में एक मकान में नकब लगाकर हजारों रूपए के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गये थे। इस घटना के दूसरे दिन चोरों ने सल्लिया गांव में एक ही रात चार घरों में जमकर लूटपाट की और लाखों रूपए के जेवरात व नकदी चुराकर फरार हो गए थे। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई हैं। जनपद की एसओजी, सर्विलांस सेल और रोजा पुलिस ने भले ही डकैती की योजना बनाते हुए पांच अभियुक्तों को पकड़ कर बिहार राज्य में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। लेकिन अपने थाना क्षेत्र में कई घरों में हुई चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई हैं।



बता दे, दो अप्रैल को थाना क्षेत्र की पॉश कालोनी निवासी बैंक मैनेजर अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि वे परिवार के साथ पैतृक गांव गये हुए थे। 12 अप्रैल को पड़ोसी ने सूचना दी कि मकान में चोरी हो गई हैं। सूचना मिलते ही पहुंचे तो देखा अलमारी में तीस हजार रूपए चोरी हो गये है। गेट पर सीसीटीवी कैमरों में चार पांच चोर गेट तोड़कर अंदर आते नजर आये थे। इसके बाद 22 अप्रैल की रात अज्ञात चोर ने गुर्री निवासी विनोद कुमार पुत्र ओमपाल के मकान में नकब लगाकर बक्से, अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे करीब 59 हजार रूपए की नकदी व हजारों रूपए के सोने व चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गये थे। इसके दूसरी रात 24 अप्रैल की रात रोजा थाना क्षेत्र के सल्लियां गांव के लोग शायद ही भुला पाए। जहां चोरों ने एक ही रात में चार घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह जागने पर लोगों को घरों में चोरी की जानकारी मिली। गांव में चोरों की दहशत सी छा गई।

वही उस समय धीरज शुक्ला ने थाने अभियोग पंजीकृत कराते हुए बताया था कि कुछ अज्ञात चोरो द्वारा गांव सल्लिया मे घर में दीवार व जीने से अन्दर घुसकर अलमारी में से रखे कुछ जेवरात व नगदी चोरी कर लिये गये है। जिसमे उनके घर से 60 हजार रूपये नगद व 1 सोने का हार, 1 सोने की सुहाग बिन्दी, कमर का बिच्छवा, 3 जोडी चादी की पायल, 1 जोडी कान की झूमकी, 2 जोडी कुण्डल, 2 अंगूठी, 3 चांदी के सिक्के व उनके पडोसी प्रदीप कुमार त्रिपाठी के घर से 1 सोने की गले की चैन, 3 सोने की अंगूठी, 2 जोडी पायल, 2 जोडी बिच्छिया, 4 चादी के सिक्के,1 जोडी सोने के झाले,1 नाक की नथ सोने की 1 नाक का फूल तथा महेन्द्र पाल के घर से 20 हजार रूपये नगद व 1 सोने का हार, 1 जोडी कान के झाले, मांग बिन्दु, कमर कन्धनी, पाव की पायल, 2 जोडी सोने की अंगूठी, 1 मगलसूत्र , 4 चादी के सिक्के 32 जोडी कन्धनी (चांदी के), कृष्ण जी की चादी की मूर्ति, 16 बर्तन चादी के व अतुल कुमार तिवारी के घर से 50 हजार रूपये नकद व 1सोने की चैन, 1अंगूठी चोर चुरा ले गए है। इसके बाद चोरों ने सीतापुर हाईवे पर जमुका स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रूपए की शराब की पेटिया चुराकर फरार हो गए थे। जिस पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। लेकिन रोजा पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का कोई खुलासा नहीं कर पाई है।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से व्यापारियों में रोष, नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के बीच नगर में लगातार हो रही विद्युत कटौती, लो वोल्टेज और लाइनमैन कम होने की समस्या को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। नगर उद्योग व्यापार मंडल पुवायां के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि गर्मी शुरू होते ही नगर क्षेत्र में कई दिनों से बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। अघोषित कटौती और लो वोल्टेज के कारण व्यापारियों व आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के



लिए लगाए गए संविदाकर्मियों की संख्या भी कम है जिसके चलते उन्हें 24 घंटे काम करना पड़ रहा है इस कारण समस्या का समाधान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। बाजारों में कारोबार प्रभावित हो रहा है तथा भीषण गर्मी में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। व्यापार मंडल ने मांग की कि विद्युत व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए और नगरवासियों को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उक्त मांगों के चलते व्यापारियों ने कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष के के लील, कपिल गुप्ता, धीरज शर्मा राजा, पुष्पेंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, शशि अग्निहोत्री समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ दिया जागरुकता संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सिंधौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पिछले 5 से 6 माह के दौरान जन्मी 11 नवजात बालिकाओं की माताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें बेबी किट देकर शुभकामनाएं दी गईं। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं, घर की शान होती हैं। समाज की सोच बदलने से ही लिंगानुपात सुधरेगा। जिला मिशन




कोऑर्डिनेटर ने बताया कि गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 (PCPNDT Act) के तहत लिंग परीक्षण कराना, करवाना व इसका विज्ञापन देना गंभीर अपराध है। इसमें 3 से 5 साल तक की जेल और 10 हजार से 1 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। दोषी डॉक्टर का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है। कन्या भ्रूण हत्या भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या के समान दंडनीय अपराध है। इसके लिए उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी ने बताया कि लिंग परीक्षण या कन्या भ्रूण हत्या की सूचना महिला हेल्पलाइन 181 व 1090 पर गुप्त रूप से दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व बेटियों के टीकाकरण की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में एमओआईसी डॉ. जफर सैफी, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, डॉ. सलोनी टंडन, डॉ. अमिता, डॉ. अभिषेक, बीसीपीएम सौरभ, सिवान, आदर्श, मो अली, आसिफ सहित सीएचसी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# श्रीमद्भगवद् गीता के श्लोकों से गुंजायमान हुआ राजकीय इंटर कॉलेज

**पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में श्रीमद्भगवद् गीता पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन**





**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय श्रीमद्भगवद् गीता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सभागार में मुख्य अतिथि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं डीआईओएस हरिवंश कुमार की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर डीएम ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनकी पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आरएफआईडी युक्त आईडी कार्ड जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह आईडी कार्ड बच्चों की सुरक्षा में काफी मददगार साबित होगा। जब बच्चा आएगा और स्कूल से निकलेगा, तब अभिभावक के मोबाइल नंबर पर मैसेज पहुंच जाएगा। साथ ही उन्होंने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका जागृति वर्ष 2025-26 का विमोचन भी किया। डीएम ने कहा कि पत्रिका विद्यार्थियों के ज्ञान, सृजनशीलता एवं व्यक्तित्व विकास को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगी। श्रीमद्भगवद् गीता प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेताओं के अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने पृथक से एक हजार प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा भी की। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक श्लोक गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गुरुकुल रूद्रपुर तिलहर के आयुष ने प्रथम, राधा माधव विद्यापीठ की दृष्ना मैथिल ने द्वितीय तथा फोर्टीलाइजर पब्लिक स्कूल ददरौल के आरम्भ मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 वर्ग की विजेता टीम प्रतियोगिता में डीपी मेमो हाईस्कूल जलालाबाद की देवांशी, कंपोजिट विद्यालय खंडहर, जलालाबाद की पारी एवं डीपी मेमो हाईस्कूल जलालाबाद की कुंज गुप्ता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल नगर क्षेत्र की विधि गुप्ता, सिद्धार्थ त्रिवेदी एवं ताविश की टीम द्वितीय तथा कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया भावलखेड़ा के आयुष, शिवांजय एवं अनन्या की टीम तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 9 से 12 वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में आचार्य राम मोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर जलालाबाद की पंखुरी शुक्ला एवं दृष्टि पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काकोरी शहीद इंटर कॉलेज जलालाबाद की भूमि सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। ओपन वर्ग की भाषण एवं व्याख्यान प्रतियोगिता में जलालाबाद की प्रगति चौहान ने प्रथम, रेनेसां तिलहर से देवांशी मिश्रा ने द्वितीय तथा आर्य महिला इण्टर कॉलेज की अन्निका दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज से देवेश शर्मा प्रथम, रा.इ. कॉलेज कांट से दिव्यांशी शर्मा द्वितीय एवं आर्य महिला इण्टर कॉलेज से श्रेया तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को डीएम द्वारा एक-एक हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम संचालन प्रेमशंकर सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर एक्शन मोड में नजर आईं ईओ



**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को बोर्ड बैठक में विधायक अरविन्द सिंह द्वारा तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं चौराहों के विकास से जुड़े प्रस्ताव पारित कराए जाने और कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश के बाद नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी नूरजहां एक्शन मोड में नजर आईं और उन्होंने आज विभिन्न तालाबों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने रहमतपुर स्थित पनवरिया तालाब में पहुंचकर वहां फैली गंदगी और जलकुंभी की स्थिति का जायजा लिया। मौके पर ही उन्होंने जेसीबी मशीन और सफाई कर्मचारियों को बुलाकर स्वयं उपस्थित रहकर सफाई कार्य शुरू कराया, जिससे तालाब की स्थिति में तेजी से सुधार लाया जा सके। ईओ नूरजहां ने कहा कि नगर क्षेत्र के सभी तालाबों का चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। जिन स्थानों पर गंदगी और जलकुंभी की समस्या है, वहां तत्काल प्रभाव से सफाई कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य तालाबों के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि नियमित और स्थायी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही तालाबों के किनारे आमजन की सुविधा के लिए बेंचें भी लगवाई जाएंगी, जिससे लोग वहां बैठकर स्वच्छ और सुंदर वातावरण का आनंद ले सकें उन्होंने यह भी कहा कि नगर के विकास कार्यों में जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अगर आम जनता का सहयोग मिलता है तो विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा सकती है और शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियो एवं ठेकेदारो को कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

## खबरें एक नजर में

### प्रो. कमलेश गौतम बने छात्रवृत्ति कार्यों के नोडल अधिकारी



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में छात्रहित से जुड़े कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध समस्त 55 महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों के सकुशल निष्पादन हेतु वाणिज्य संकाय के प्रोफेसर कमलेश गौतम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अब विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों की छात्रवृत्ति योजनाओं से जुड़े सभी कार्यों का नियमन, समन्वय एवं निष्पादन प्रो. कमलेश गौतम के निर्देशन में संपादित किया जाएगा। इस निर्णय से छात्रवृत्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरित कार्यवाही तथा विद्यार्थियों को समयबद्ध लाभ सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति में छात्रवृत्ति योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में अनुभवी शिक्षक को यह दायित्व सौंपना छात्रहित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। ज्ञात हो कि नवस्थापित विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार शैक्षिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की दिशा में सक्रिय दिखाई दे रहा है।

### चार की मौत के मामले में डम्पर चालक गिरफ्तार, हादसे के बाद से था फरार

**कॉट, शाहजहांपुर।** कोतवाली कांट क्षेत्र में चार लोगों की जान लेने वाले भीषण सड़क हादसे के आरोपी डम्पर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया घटना के बाद से फरार चल रहे चालक को पुलिस ने बरेली मोड़ पुल के नीचे से दबोच लिया पुलिस के अनुसार 17 मई को ग्राम बबक्करपुर सरावर निवासी शनि कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि डम्पर संख्या के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे टैम्पू संख्या में जोरदार टक्कर मार दी थी हादसा इतना भयावह था कि टैम्पू मे सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर आरोपी चालक की पहचान करुपाल के रूप में की जांच में गंभीरता को देखते हुए मामले में बीएनएस की धारा 110 भी बढ़ाई गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कांट पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बरेली मोड़ पुल के नीचे घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया कांट क्षेत्र में हुए इस दर्दनाक हादसे ने चार परिवारों के चिराग बुझा दिए थे, जिसके बाद से पुलिस पर आरोपी की गिरफ्तारी का दबाव बना हुआ था।

### उर्से इमली वाले का कौव्वाली के साथ हुआ समापन



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम दीपपुर में प्रसिद्ध उर्से इमली वाले का बृहस्पतिवार देर रात अकीदत और सूफियाना रंग के बीच समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित भव्य कौव्वाली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और पूरी रात दरगाह परिसर सूफी कलामों से गूंजता रहा। कव्वाल फरमान अजमेरी रामपुरी ने अपने शानदार अंदाज में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए, जिस पर मौजूद लोग झूमने को मजबूर हो गए। उर्स में आसपास के गांवों समेत दूर–दराज क्षेत्रों से आए जायरीनों ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगीं और मुल्क में अमन–चैन की दुआ की। उर्स के दौरान मेले जैसा माहौल देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उर्स का कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन पर विशेष दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान मेला कमेटी के रफीयुदीन, रहीसुदीन, डॉ. सलीम, मोहम्मद हुसैन पहलवान, मोहम्मद सरताज आदि लोग मौजूद रहे।

### दरिन्दे ने मासूम को दबोच खेत में किया दुष्कर्म, नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर–शाहजहाँपुर।** घर से बच्चों के साथ परचूनी की दुकान पर सामान लेने जा रही मासूम बालिका को एक दरिंदे ने धर दबोचा और खेत में लेजाकर दुष्कर्म किया। बालिका की चीख सुन ग्रामीण दौड़ पड़े तो आरोपी उसे छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रिंस शर्मा घटना स्थल पहुंचे और घटना का जायजा लेते हुए पीड़ित पिता की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में लगातार दविश दे रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 8 वर्षीय बेटी बच्चों के साथ जा रही थी। इसी दौरान गांव मुला गोटिया निवासी युवक वीरेन्द प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल बेटी को दबोच खेत में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर भाग गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुट गई है। पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### खुदागंज में 36 घंटों के भीतर गैर समुदाय से जुड़ी दो बड़ी घटनाओं से मचा हड़कंप, ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत का माहौल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र में महज 36 घंटों के भीतर गैर समुदाय से जुड़े दो गंभीर मामलों के सामने आने से इलाके में तनाव, भय और आक्रोश का माहौल बन गया है। लगातार हुई इन घटनाओं ने ग्रामीणों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र का माहौल और बिगड़ सकता है। पहला मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां गांव के प्रधान पुत्र सहित दो युवकों पर देर रात घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा। पीड़ित परिवार के अनुसार, रात के समय आरोपी छत के रास्ते घर में घुस आया और सो रही युवती के साथ अभद्रता करने लगा। युवती के विरोध और चीख–पुकार पर परिजन जाग गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिवार का आरोप है कि आरोपी प्रभावशाली परिवार से होने के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में भारी नाराजगी देखी गई और लोगों ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। इसी घटना के 36 घंटे के भीतर दूसरा मामला ग्राम चिरचिरा से सामने आया, जहां एक गैर समुदाय के युवक पर दूसरे गांव की 21 वर्षीय महिला को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, महिला 21 मई 2026 की शाम करीब 5ः30 बजे अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक उनकी पुत्री को अपने साथ ले गया है। परिवार का यह भी कहना है कि युवती अपने साथ घर में रखे करीब कुछ रुपए के जेवरात और नकदी भी ले गई है। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे में है और किसी अनहोनी की आशंका जता रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से बेटी की जल्द सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। लगातार सामने आ रही इन दो घटनाओं ने पूरे खुदागंज क्षेत्र में चर्चा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बेटियों की सुरक्षा को लेकर भय का वातावरण बनता जा रहा है और प्रशासन को ऐसे मामलों में निष्पक्ष एवं कठोर कदम उठाने चाहिए।

# 525 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**बंडा, शाहजहांपुर।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बंडा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बंडा पुलिस ने 525 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल को भी मौके से बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत बंडा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है । बृहस्पतिवार देर रात पुलिस टीम को एक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मकसूदापुर नहर पुल के पास घेराबंदी कर दी। कुछ ही समय में वहां पहुंचे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति की जब तलाशी ली गई, तो उसके पास से अफीम बरामद हुई । इस दौरान तस्कर ने अपनी मोटरसाइकिल की सीट के नीचे 525 ग्राम अफीम छिपाकर रखी थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ में अफीम तस्कर ने अपना नाम नरेंद्र पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम भिलईया गांवखेड़ा, थाना सुनगढ़ी, जिला पीलीभीत बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी नरेंद्र के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से चौकीदार गंभीर घायल

**तिलहर–शाहजहांपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक चौकीदार गंभीर घायल रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचने के बाद उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव इटौआ निवासी 55 वर्षीय पुलिस के चौकीदार मोरपाल गंभीर घायल होने के बाद शुक्रवार दोपहर को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकारी एंबुलेंस से लाए गए।घायल चौकीदार मोरपाल ने बताया कि वह किसी काम के सिलसिले में तिलहर नगर आ रहे थे तभी रास्ते में उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल चौकीदार को गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### भीषण गर्मी में जनगणना कार्य स्थगित करने की मांग, यूटा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) शाहजहांपुर ने जनगणना कार्य को आगामी जून माह तक स्थगित किए जाने की मांग को लेकर जिला महामंत्री हरिशंकर के नेतृत्व में शिक्षकों के साथ डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में फील्ड में कार्य कर रहे कार्मिकों और शिक्षकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। प्रदेश के अधिकांश जनपदों में तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है तथा शासन एवं मौसम विभाग द्वारा लगातार हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। ऐसे में जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को तेज



धूप और भीषण गर्मी के बीच घर–घर जाकर कार्य करने के लिए बाध्य करना उनके स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में डालने जैसा है। संगठन ने यह भी कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण अधिकांश लोग दिन में घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिससे प्रगणकों को सही एवं सुचारु रूप से जानकारी प्राप्त करने में भी कठिनाई हो रही है। इससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। यूटा ने मांग की है कि जनहित एवं कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनगणना कार्य को जून माह तक स्थगित कर जुलाई के प्रथम सप्ताह से पुनः प्रारंभ कराया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसी कार्मिक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी तथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री हरिशंकर के साथ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मसरूफ अली जिला उपाध्यक्ष जगपाल जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव सिंह एवं योगीन्द्र सिंह सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्योति कलश रथयात्रा पहुंची खुदागंज, पुष्पवर्षा व ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ स्वागत

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जनपद के खुदागंज क्षेत्र में पहुंची ज्योति कलश रथयात्रा का श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ स्वागत किया गया। यात्रा के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा का फुलवा, हसनपुर, परमानंदपुर, दियोरिया, और पिपरी गांवों में पुष्पवर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने घरों के बाहर खड़े होकर श्रद्धापूर्वक यात्रा का अभिनंदन किया और बड़ी संख्या में लोग यात्रा से जुड़ते गए। यात्रा के दौरान रथ सारथी राकेश एवं भानुप्रताप मिश्र ने पूज्य गुरुदेव का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि ज्योति कलश रथयात्रा समाज में नैतिक जागरण, संस्कार निर्माण और विचार क्रांति का संदेश लेकर चल रही है। आज समाज को भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति की भी आवश्यकता है। यदि मनुष्य अपने जीवन में अच्छे विचारों और संस्कारों को अपनाता है तो परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण स्वतः सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जीवनभर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण का संदेश दिया। आज उन्हीं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा गांव-गांव भ्रमण कर रही है। उन्होंने सभी से अपने जीवन में सकारात्मकता, संयम और सद्विचार अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों को पूज्य गुरुदेव का सद्साहित्य, अखंड ज्योति एवं युग निर्माण साहित्य वितरित किया गया तथा सभी से विचार क्रांति अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। सायंकाल खुदागंज के ग्राम पिपरी में ब्रह्मानंद जी के यहां भव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर परमानंद जी ने सपत्नीक पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। दीपयज्ञ को जिला समन्वयक सूरज वर्मा, सविता, अनीता एवं संतकुमार ने संपन्न कराया। इस अवसर पर सूरज वर्मा ने ज्योति कलश रथयात्रा के उद्देश्य को समझाते हुए कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि युग चेतना जागरण का अभियान है। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी 1926 को पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रज्वलित अखंड दीप आज शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है और उसका संदेश है हम बदलेंगे, युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। उन्होंने कहा, यदि दुनिया में परिवर्तन लाना है तो उसकी शुरुआत स्वयं से करनी होगी। अपने भीतर की दुर्बुद्धि, नकारात्मकता और बुराइयों को हटाकर सद्बुद्धि को अपनाना ही सच्चा युग परिवर्तन है। उन्होंने लोगों से परिवार में संस्कार, नशामुक्ति, शिक्षा और सदाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर तिलहर प्रभारी संजीव सक्सेना, रामकुमार रस्तोगी, भानुप्रताप मिश्र, जैतीपुर प्रभारी पूरनलाल मिश्र, खुदागंज प्रभारी के.के. सक्सेना, रथ सारथी राकेश सपत्नीक, मीडिया सहयोगी श्याम जी, कपूर, संतराम पाठक सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन रथयात्रा के साथ उपस्थित रहे। अंत में खुदागंज प्रभारी के.के. सक्सेना ने ज्योति कलश रथयात्रा का पूजन कर स्वागत किया तथा सभी परिजनों एवं क्षेत्रवासियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# पड़ताल: आसमान से बरस रही आग, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

**शहर के दिलाजाक में ट्यूबवेल पंप फेल, निगम अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



> मोहल्ला दिलाजाक का मामला संज्ञान में है। नए बोर के लिए जगह चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही बोर लगवाया जाएगा। नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर प्रतिदिन एक पानी का टैंकर भी भेजा जाएगा।
> –सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त

भीषण गर्मी से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो रखा है। आसमान से आग बरस रही है और तापमान रोजाना 40 पार जा रहा है। ऐसे में महानगर के मोहल्ला दिलाजाक में लोगों को बूंद बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। कई बार नगर निगम अधिकारियों व उच्चाधिकारियों तक पत्राचार किया गया है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। मोहल्ले वालों का कहना है कि सरकारी दावे सिर कागजों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। धरातल पर सिर्फ़ दुश्वारियां ही दुश्वारियां है। मोहल्ले वालों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में हम लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। जबकि सरकारी सिस्टम में बैठे लोग जलापूर्ति को लेकर को कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, पिछलें तीन चार महीने पानी ट्यूबवेल फेल हो जाने से मोहल्ला दिलाजाक समेत तीन मोहल्ले रामनगर, तारीन जलालनगर के लगभग दस हजार परिवारों के सामने जलसंकट बना हुआ है। जो थोडा बहुत पानी आ रहा है, वह कूड़ा मकोड़े व गंदगी से भरा है। जिसको पीना तो दूर नहाने से भी लोग बीमार हो रहे हैं। हर कोई परेशान हैं, बड़े बुजुर्ग या बच्चे, जलसंकट को लेकर त्राहि त्राहि मचा है। लोगों को पीने के पानी के लिए आसपास के घरों या फिर पुवायां रोड स्थित पुलिस लाइन के बाहर लगी पानी की टंकियों से पानी भरकर लाना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो महिलाओं व बच्चों को उठानी पड़ रही है। हालांकि निगम अधिकारियों द्वारा वहां पर जल संकट दूर करने के लिए निरीक्षण तो किए गए, लेकिन निस्तारण न हो पाने से लोग मायूस हो रखे हैं।

### जनगणना में ड्यूटी रिसीव न करने वाले प्रगणकों का वेतन रोकने के आदेश

**एसडीएम ने शिक्षा विभाग के दस प्रगणकों के खिलाफ बीएसए को भेजा पत्र**

**तिलहर–शाहजहांपुर।** भारत की जनगणना–2027 के प्रथम चरण के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षा विभाग के 10 प्रगणकों की छुट्टियां निरस्त कर वेतन काटने के लिए एसडीएम जीत सिंह राय ने बीएसए को पत्र भेजा। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण का कार्य 22 मई से 20 जून तक होना है । जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किए गए प्रगणकों में शिक्षा विभाग के खुदागंज के शिक्षक सुभाष चंद्र, तिलहर की शिक्षिका अंजलि वर्मा, निगोही की शिक्षिका संतोष कुमारी, तिलहर के अनुदेशक सुनील कुमार, शिक्षामित्र पुष्पेंद्र सिंह यादव, महेंद्र पाल, वंदना, साधना सक्सेना एवं शिल्पी द्विवेदी तथा जैतीपुर के शिक्षामित्र आदेश कुमार द्वारा कई बार निर्देशित करने के बाद भी ड्यूटी रिसीव नहीं की गई है। भारत सरकार के इतने महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही अक्षम्य है। एसडीएम श्री राय ने बताया कि उक्त सभी का वेतन रोकने तथा विभागीय कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र भेजा गया है।

# निर्धारित स्थलों पर ही सामूहिक कुर्बानी हो: प्रिंस शर्मा

**ईद उल अजहा को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी ईद उल-अजहा (बकरा) ईद के मौके पर नगर प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। बड़े जानवरों की सामूहिक कुर्बानी को लेकर नगर क्षेत्र में प्रशासन द्वारा आठ कुर्बानी स्थलों को निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य स्थान पर सामूहिक कुर्बानी किए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाल प्रिंस शर्मा ने नगरवासियों से शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा है कि सार्वजनिक स्थानों, गलियों, सड़कों अथवा घरों के बाहर खुले में सामूहिक रूप से कुर्बानी करने की अनुमति नहीं होगी। केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थलों पर ही बड़े जानवरों की कुर्बानी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस टीम लगातार नगर में भ्रमण कर रही है तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट, कुर्बानी की फोटो व वीडियो डालने अथवा धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने कहा कि नगर के सभी सम्मानित नागरिक, धर्मगुरु एवं संभ्रांत लोग प्रशासन का सहयोग करें । तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित स्थलों के अलावा अन्यत्र सामूहिक कुर्बानी करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सीओ इशिका सिंह ने कहा कि सामूहिक कुर्बानी के लिए निर्धारित स्थलों में मदरसा शमशिया फैजाने हातिम मोहल्ला कच्चा कटरा, मदरसा अंजुमन इस्लाम मौजम पुर, मदरसा बरकाती रज़ा नज़रपुर, चीकू बाला बाग नितगंजा, छीपी वाली वाली मस्जिद उमरपुर, महमूद का मकान मौजमपुर, बहादुरगंज में सादिक के बगर में, हाजी वसीम के मकान मौजमपुर, मदरसा गुलशन रज़ा उम्मरपुर शामिल हैं । सीओ ने कहा कि त्योहार को सकुशल निबटाने और त्योहार के दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं।

### बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी गांव पचपेड़ा निवासी मनोज के पास ट्यूशन पढ़ने जाती थी। आरोप है कि 20 मई को मनोज उसकी बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में भी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। पिता ने आशंका जताई है कि बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि लड़की अपने साथ लगभग दस हजार रुपये नकद और एक जोड़ी पायल भी ले गई है।

### सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में मोहम्मद शकील अन्सारी अंकित है,जो गलत है। सही नाम मोहम्मद शकील है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।
**मोहम्मद शकील पुत्र शफीउल्ला नि. मो. एमनजई, जलालनगर, शाहजहांपुर।**

## लू से हलकान जिंदगी

हाल के दिनों में आसमान से बरसती आग से देश में जन-जीवन बुरी तरह झुलस रहा है। रोज तापमान बढ़ने के नये रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। ये असहनीय तापमान केवल स्वास्थ्य की चुनौती मात्र नहीं है, बल्कि एक आर्थिक संकट भी है। देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक भीषण गर्मी में काम करने को मजबूर हैं। यदि वे ऐसा न करें तो उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो जाता है। स्कूल-कालेज तो लू के दौरान बंद किए जा सकते हैं, सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में काम के घंटों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर व निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को तो तपती दोपहरी व लू के बीच काम करने को मजबूर होना पड़ता है। दरअसल, लू की मार जहां शारीरिक है, वहीं आर्थिक भी। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों की आजीविका और श्रम उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इस संकट को हाल के दिनों में हुई ईंधन की कीमतों की वृद्धि और महंगाई ने और बढ़ा दिया है। लोगों को सीमित संसाधनों में जीवन यापन को मजबूर होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे घातक प्रभाव उस तबके को सहन करना पड़ता है जो 'रोज कुंआ खोदकर पानी पीने' को बाध्य है। एक दिन की कमाई से ही रात को उसके घर का चूल्हा जलता है। लू के निशाने पर वे अनौपचारिक श्रमिक हैं जो भारतीय आर्थिकी की रीढ़ है। सही मायनों में लू के खिलाफ लड़ाई को अब केवल एक मौसमी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं माना जा सकता है। धीरे-धीरे यह एक गंभीर आर्थिक चुनौती भी बनी है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस बाबत चेताते रहे हैं। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया था कि लू से उपजे हालात से भारत को सौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इससे पहले वर्ष 2022 में विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि भारत का तीन-चौथाई श्रमिक वर्ग लू से प्रभावित क्षेत्रों में काम करने को मजबूर है। अनुमान है कि लू के तनाव के कारण होने वाली विश्वव्यापी नौकरियों की कमी में भारत की हिस्सेदारी आधी हो सकती है। दरअसल, भारत में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों में निर्माण श्रमिक, खेतिहर श्रमिक, किसान, स्ट्रीट वेंडर और डिलीवरी एजेंट शामिल हैं। हालांकि, समय-समय पर केंद्र व राज्य सरकारों ने कार्य समय का पुनर्निधारण, छायादार विश्राम क्षेत्र बनाने, जलपान सुविधा, सुरक्षात्मक कपड़े और स्वास्थ्य निगरानी को लेकर एडवाइजरी जारी की है,लेकिन फिर भी संकट के दायरे को देखते हुए ये उपाय नाकाफी हैं। देखा जाए तो फिलहाल भारत में गर्मी के संकट से मुकाबले के लिये बनायी गई योजनाएं काफी हद तक अस्थायी रूप से राहत देने वाली हैं। वक्त की मांग है कि भीषण गर्मी वाले महीनों के लिये तत्काल व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए। ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो लू चलने के दौरान सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करे। इस साल के आरंभ में वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि भीषण गर्मी के दौरान चलने वाली लू को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल किया जाए। निस्संदेह, इस वर्गीकरण से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मिलने वाले धन का उपयोग लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने में मदद देगा। इसके अलावा लू के दौरान कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी देखने में आते हैं। मसलन इस समय बिजली व पानी की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। इससे निबटने के लिये मजबूत और सक्रिय तंत्र विकसित करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से देश के नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों के सामने इस संकट से मुकाबले के लिये स्पष्ट विकल्प मौजूद हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि समय रहते निर्णायक रूप से अनुकूलन का तंत्र विकसित करें। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में अधिक मानवीय क्षति व आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना से आत्मनिर्भर बनी बरेली की ममता कुमारी

निधि वर्मा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इसी योजना का लाभ प्राप्त कर जनपद बरेली की तहसील नवाबगंज स्थित ग्राम बीजामऊ निवासी श्रीमती ममता कुमारी ने अपने जीवन में आर्थिक और सामाजिक बदलाव की नई मिसाल प्रस्तुत की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने पशुपालन को अपनाकर सफलता की नई उड़ान भरी है।

श्रीमती ममता कुमारी, पत्नी श्री छत्रपाल, कक्षा-8 तक शिक्षित हैं और गृहणी होने के साथ कृषि एवं पशुपालन कार्य से जुड़ी हुई हैं। वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत उनका चयन किया गया। इस योजना के माध्यम से उन्होंने बाह्य प्रदेश से 02 स्वदेशी नस्ल की गायों का क्रय कर अपनी डेयरी इकाई स्थापित की। इकाई स्थापना के लिए उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा रू0 80,000 की अनुदान राशि प्रदान की गई, जिससे उन्हें पशुपालन कार्य प्रारंभ करने में बड़ी सहायता मिली।

आज श्रीमती ममता कुमारी की डेयरी इकाई से प्रतिदिन लगभग 18 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। वार्षिक स्तर पर उनका औसत दुग्ध उत्पादन लगभग 4320 लीटर तक पहुंच गया है। इस कार्य से उनकी वार्षिक आय लगभग रू0 3.79 लाख हो गई है तथा योजना से जुड़ने के बाद उनकी आय में लगभग रू0 1.50 लाख प्रतिवर्ष की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना ने न केवल श्रीमती ममता कुमारी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर महिला के रूप में नई पहचान भी दिलाई है। आज वह अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं। उनकी सफलता को देखकर क्षेत्र की अन्य महिलाएं भी पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय से जुड़ने के लिए उत्साहित हो रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालकों एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वदेशी नस्ल संरक्षण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण रोजगार सृजन को लगातार बढ़ावा दे रही है। श्रीमती ममता कुमारी की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण परिवार आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सकते हैं।



श्रीमती ममता कुमारी और उनका परिवार मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और पशुपालन आधारित स्वरोजगार को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। इस योजना से हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और हमारा परिवार आगे बढ़ेगा।

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत बाह्य प्रदेशों से स्वदेशी उन्नत प्रजाति की गायों गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा के क्रय पर पशुपालकों को अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत दो गायों की इकाई स्थापित करने पर कुल लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान अनुमन्य है।

योजना में महिला गौपालकों को विशेष प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों एवं महिला गौपालकों के लिए आरक्षित किया गया है। योजना के अंतर्गत गाय के क्रय, परिवहन, ट्रांजिट बीमा (स्वैच्छिक), पशु बीमा, चारा काटने की मशीन तथा गायों के रखरखाव हेतु शेड निर्माण पर होने वाले व्यय को इकाई लागत में सम्मिलित किया जाता है।

इस योजना का लाभ उन्हीं दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों को मिलेगा जिनके पास पहले से दो से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायें नहीं होंगी। साथ ही क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यॉत की होना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्वदेशी गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देकर पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है।

*(सूचना अधिकारी)*

## जनपद बाराबंकी के मो. आसिफ सिद्दीकी ने मत्स्य पालन में रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम अपनाकर बदली अपनी जिंदगी





उत्तर प्रदेश, जो पारंपरिक रूप से कृषि प्रधान राज्य के रूप में जाना जाता है, आज नवाचार और तकनीकी के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में अग्रणी बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने की नीति ने मत्स्य पालकों, किसानों और युवाओं की सोच और जीवन को बदलने का कार्य किया है। इसी परिवर्तन की एक प्रेरणादायक कहानी है जनपद बाराबंकी के निवासी श्री मो. आसिफसिद्दीकी की, जिन्होंने अपने परिश्रम और सरकार के सहयोग से न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर उत्पन्न किए। मो. आसिफ सिद्दीकी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद के गंगवाड़ा क्षेत्र के निवासी हैं। उनका परिवार पारंपरिक रूप से कृषि कार्य से जुड़ा हुआ था। कम आय के कारण अनिश्चितता बनी रहती थी। इसी बीच उन्होंने अपने एक मित्र को मत्स्य पालन के क्षेत्र में अच्छा मुनाफा कमाते हुए देखा। इस अनुभव ने उनके मन में भी इस क्षेत्र में कदम रखने की प्रेरणा जगाई। शुरुआत में उन्हें इस क्षेत्र की तकनीकी जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्होंने इसे अवसर के रूप में देखा और सीखने का निर्णय लिया। श्री सिद्दीकी ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया और जानकारी प्राप्त की कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के अंतर्गत मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आसिफ सिद्दीकी ने भाग लिया। उन्हें रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्वर सिस्टम (तौ) जैसी आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी मिली, जो कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली प्रणाली है।

सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण ने उनके अंदर आत्मविश्वास जगाया। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन कर कम लागत में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। वर्ष 2018 में, उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग द्वारा उन्हें 30 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र और 5 एचपी के सोलर पंप स्थापित करने हेतु लगभग रु. 6 लाख की सब्सिडी प्रदान की गई। इस सहायता ने उनके व्यवसाय की लागत को काफी हद तक कम कर दिया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार मिला। रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है जिसमें पानी का पुनः उपयोग किया जाता है। इसमें पानी को फिल्टर करके बार-बार उपयोग में लाया जाता है, जिससे पानी की खपत में लगभग 30 प्रतिशत तक की कमी आती है। आसिफ सिद्दीकी ने इस तकनीक का उपयोग करते हुए मात्र एक एकड़ क्षेत्र में 15 सीमेन्ट टैंकों का निर्माण किया। इस प्रणाली के माध्यम से उन्होंने 6-7 महीनों में लगभग 62 टन मछलियों का उत्पादन किया, जो पारंपरिक विधियों की तुलना में कहीं अधिक है। आज आसिफ सिद्दीकी का वार्षिक कारोबार लगभग रु. 8.40 लाख तक पहुंच चुका है। उनका वार्षिक मत्स्य उत्पादन 210 टन तक हो गया है। उन्होंने न केवल अपनी आय में कई गुना वृद्धि की, बल्कि अपने खेत का विस्तार करते हुए 6 एकड़ तक का क्षेत्र विकसित किया। उनकी यह सफलता सही दिशा में प्रयास और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने से कोई भी व्यक्ति आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकता है।

आसिफ सिद्दीकी की इस पहल ने केवल उनके जीवन को ही नहीं बदला, बल्कि समाज में भी सकारात्मक प्रभाव डाला। उनके इस व्यवसाय से लगभग 50 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देना भी शुरू किया, जिससे अन्य युवा भी इस क्षेत्र में रुचि लेने लगे। इससे ग्रामीण क्षेत्र में पलायन की समस्या भी कम हुई और स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर बढ़े। रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम तकनीक का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह पर्यावरण के अनुकूल है। इसमें पानी का पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे जल संरक्षण होता है। साथ ही, मछली तालाबों के पानी का उपयोग आसपास की कृषि भूमि की सिंचाई में किया जाता है, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन भी प्रभावी तरीके से होता है। यह प्रणाली न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रशिक्षण, सब्सिडी, तकनीकी सहायता और वित्तीय सहयोग के माध्यम से सरकार ने किसानों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। आर0ए0एस0 जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना, सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों की स्थापना के लिए सहायता देना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना प्रमुख है। वर्तमान सरकार ग्रामीण विकास के प्रति पूर्णरूप से प्रतिबद्ध है और संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को रोजगार से लगाकर आत्मनिर्भर बना रही है।

### विचार

# जियो और जीने दो का सिद्धांत जैव विविधता के लिए वरदान



रत्नेश कुमार

हम अकसर भूल जाते हैं कि इस पूरी कायनात में हमारी पृथ्वी कोई निर्जीव चट्टान नहीं, बल्कि एक जीती-जागती, सांस लेती हुई व्यवस्था है। सुबह की पहली किरण के साथ जब कोई कली चटकती है, ओस की बूंदें घास पर चमकती हैं, या कोई चिड़िया अपने बच्चों के लिए तिनका चुनती है, तो वह केवल एक दृश्य नहीं होता, वह जीवन का उत्सव होता है। इसी उत्सव को जब वैज्ञानिक अपनी भाषा में बांधते हैं, तो उसे जैव विविधता कहते हैं। यह जैव विविधता कुछ और नहीं, बल्कि ईश्वर या प्रकृति का वह सुंदर ताना-बाना है, जिसमें हर छोटा-बड़ा जीव एक-दूसरे का हाथ थामे खड़ा है। मिट्टी के भीतर अंधेरे में काम करने वाले केंचुए से लेकर आसमान को छूते बरगद के पेड़ तक, सब इस धरती की धड़कन को चालू रखने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। लेकिन आज का इंसान इस सुंदर संगीत के बीच एक शोर की तरह दाखिल हुआ है। उसने अपनी सुख-सुविधाओं, बड़ी गाड़ियों, गगनचुंबी इमारतों और तात्कालिक मुनाफे के लिए उस व्यवस्था की जड़ें काटनी शुरू कर दी हैं, जिसने उसे गोद में लेकर बड़ा किया था।

इंसान का स्वार्थ बहुत छोटा और बहुत संकीर्ण होता है। वह आज के फायदे को देखता है और कल की तबाही से आंखें मूंद लेता है। जब हम किसी घने जंगल को काटकर वहाँ एक बड़ी फैक्ट्री खड़ी करते हैं, तो हमें लगता है कि हमने तरक्की की एक नई इबारत लिख दी। लेकिन उस वक्त हम यह भूल जाते हैं कि हमने केवल पेड़ नहीं काटे, बल्कि हमने उस शुद्ध हवा का स्रोत बंद कर दिया जो हमारे बच्चों के फेफड़ों में जानी थी। हमने उन अनगिनत पक्षियों और छोटे जीवों का आशियाना उजाड़ दिया, जो चुपचाप इस पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने का काम करते थे। आज समंदरों में इंसानी लालच का प्लास्टिक इस कदर तैर रहा है कि व्हेल मछलियों से लेकर नन्हें कछुए तक उसे निगलकर तड़प-तड़प कर मर रहे हैं। नदियों को हमने गंदे नालों में बदल दिया है और फिर हम ताज्जुब करते हैं कि इंसानों में नई-नई बीमारियां कहाँ से आ रही हैं। प्रकृति का नियम सीधा और सरल है। आप जो देंगे, वही लौटकर आपके पास आएगा। जब हम प्रकृति को जहर देते हैं, तो वही जहर हवा, पानी और भोजन के रास्ते घूमकर हमारी थाली तक वापस पहुँच जाता है।



अगर हम इसके नुकसानों को तथ्यों की कसौटी पर कसें, तो आज दुनिया के बड़े-बड़े वैज्ञानिक परेशान हैं। वे कह रहे हैं कि इंसान के इस रवैये के कारण पृथ्वी अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। जीव-जंतुओं के लुप्त होने की रफ्तार इतनी ज्यादा बढ़ चुकी है कि आने वाले कुछ दशकों में हमारी अगली पीढ़ी बहुत से सुंदर जीवों को सिर्फ किताबों या कंप्यूटर स्क्रीन पर ही देख पाएगी। इस अंधाधुंध दोहन का नतीजा हमारे सामने मौसम के बदले हुए मिजाज के रूप में आ रहा है। कभी भीषण गर्मी पड़ती है तो कभी बेमौसम की बरसात किसानों की साल भर की मेहनत को पानी में बहा ले जाती है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समंदर का जलस्तर बढ़ रहा है और जंगलों में ऐसी आग लग रही है जिसे बुझा पाना इंसानी तकनीक के बस से बाहर हो जाता है। सबसे डरावनी बात यह है कि जब हम जंगली जानवरों के घरों को नष्ट करते हैं, तो उनके भीतर रहने वाले वायरस इंसानी बस्तियों की तरफ रुख करते हैं, जिससे ऐसी महामारियां जन्म लेती हैं जो पूरी दुनिया को घरों में कैद होने पर मजबूर कर देती हैं।

इसके विपरीत, यदि हम अपने छोटे स्वार्थों को छोड़कर प्रकृति के इस खजाने को संजोने का प्रयास करें, तो इसके फायदे इतने महान हैं कि उनकी गिनती रुपयों-पैसों में नहीं की जा सकती। प्रकृति हमें जो सेवाएं बिल्कुल मुफ्त में देती है, उसकी कीमत कोई भी सरकार नहीं चुका सकती। उदाहरण के लिए, हमारे खेतों में जो फसलें लहलहाती हैं, वे सिर्फ खाद और पानी से नहीं पकतीं। मधुमक्खियां, तितलियां और छोटे-छोटे कीट जब एक फूल से दूसरे फूल पर बैठते हैं, तो वे परागण करते हैं। अगर ये नन्हें जीव हड़ताल कर दें या हमारे कीटनाशकों के कारण मर जाएं, तो दुनिया का एक-तिहाई अनाज पैदा होना बंद हो जाएगा। इसी तरह, हमारी बहुत सी जीवनरक्षक दवाइयां इन्हीं जंगलों की जड़ी-बूटियों से बनती हैं। आयुर्वेद से लेकर आधुनिक विज्ञान तक, सब इसी वनस्पति जगत के ऋणी हैं। जब हम पर्यावरण को बचाते हैं, तो हम आने वाली नस्लों के लिए अस्पताल के बिल कम कर रहे होते हैं और उनके लिए एक स्वस्थ और लंबी उम्र का इंतजाम कर रहे होते हैं। प्रकृति को बचाने का मतलब यह कतई नहीं है कि हम विकास को रोक दें या आदिम युग में लौट जाएं। इसका सीधा सा मतलब यह है कि हमारा विकास ऐसा हो जो जीवन को नष्ट न करे, बल्कि उसे सहारा दे। हमें सह-अस्तित्व के सिद्धांत को समझना होगा, यानी जियो और जीने दो। अगर चींटी को जीने का हक है, तो हाथी को भी है और इंसान को भी। हम इस धरती के मालिक नहीं हैं, सिर्फ एक हिस्सेदार हैं। जब हम इस सच को स्वीकार कर लेते हैं, तो हमारे भीतर प्रकृति के प्रति एक संवेदनशीलता, एक सम्मान का भाव जाग उठता है। तब हम पेड़ सिर्फ काटने के लिए नहीं देखते, बल्कि उसकी छाँव की कीमत समझते हैं।

यह बात हमारे दिलो-दिमाग पर साफ होनी चाहिए कि प्रकृति को इंसान की जरूरत नहीं है, इंसान को प्रकृति की जरूरत है। अगर कल को मनुष्य इस धरती से गायब हो जाए, तो पेड़-पौधे और जीव-जंतु और ज्यादा फलेंगे-फूलेंगे। लेकिन अगर प्रकृति रूठ गई, तो इंसान का नामोनिशान मिटने में देर नहीं लगेगी। यह खूबसूरत धरती हमें अपने पूर्वजों से मिली हुई कोई ऐसी जायदाद नहीं है जिसे हम जैसे चाहें उजाड़ दें। यह तो एक अमानत है, जो हमें अपनी आने वाली संतानों को सौंपनी है। जब हमारी संतानें हमसे पूछेंगी कि आपने हमें कैसी दुनिया दी? एक सूखी, बीमार और कंक्रीट से भरी पृथ्वी या एक हरी-भरी, साफ और जीवन से लबालब धरती? उस वक्त हमारे पास क्या जवाब होगा, यह आज हमारे द्वारा उठाए गए कदमों पर निर्भर करता है। तात्कालिक स्वार्थ के इस अंधे चश्मे को उतारिए और उस जीवन की पुकार को सुनिए जो इस मिट्टी के हर जर्रे में धड़क रहा है।

### साहित्य



## आवारा आतंक का साया...!

संजय एम तराणेकर

गलियों में डर का साया है,
हर चेहरा अब घबराया है।
नन्हें मासूमों की चीखों से,
शहर-गाँव तक कपाया है।

कभी इन बच्चों पर हमला,
कहीं बुज़ुर्ग होते लहूलुहान।
हर एक रोज़ सुनते घटना,
देख काँप जाता हिन्दुस्तान।

दया तो सभी जीवों पर हो,
यहीं संस्कृति की हैं पहचान।
पर मानव जीवन से बढ़कर,
कीमती हैं हम सभी के प्राण।

यूं सड़कों पर आतंक न फैले,
जागृत हो ऐसी कोई राह बने।
हमारी संवेदनाएँ जीवित रहे,
जन-जन की भी आवाज़ बने।

इसमें न हो क्रूरता, न लाचारी,
बिन्दास होकर जीता इंसान।
कुछ व्यवस्था ऐसी कायम हो,
सुरक्षित हो हर एक की जान।

*(संदर्भ - आवारा कुत्ते आतंक का पर्याय)*



## राशिफल

**मेषः**- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृषभः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# डिजिटल क्रांति की मुख्यधारा से जुड़ता जनपद बरेली

उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक जनपद बरेली आज औद्योगिक और तकनीकी विकास के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है जहां पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। इस बदलाव की सबसे बड़ी आधारशिला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया की स्थापना है जो स्थानीय युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के साथ-साथ क्षेत्र को एक बड़े आईटी हब के रूप में स्थापित कर रही है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा प्रदेश सरकार के साझा प्रयासों से सीबीगंज, बरेली में आकार ले रहा यह केंद्र न केवल तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में एक बड़े माध्यम के रूप में उभरा है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाते हुए सीबीगंज क्षेत्र में दो एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस भूमि पर सरकारी निर्माण एजेंसी के माध्यम से लगभग अठारह करोड़ सत्ताइस लाख रुपये की भारी लागत से बाईस हजार वर्गफुट के भव्य और आधुनिक क्षेत्र का विकास किया गया है। यह पूरा परिसर आधुनिक वास्तुकला और तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो अब अपनी पूर्णता की ओर है। जिला प्रशासन के निरंतर सहयोग और कुशल प्रबंधन के कारण इस केंद्र का निर्माण कार्य तीव्र गति से संपन्न हुआ है और अब यह पूरी तरह क्रियाशील होने के अंतिम चरण में है।

यह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क केवल एक बहुमंजिला इमारत नहीं है बल्कि यह आधुनिक सुविधाओं का एक ऐसा स्थल है जो वैश्विक स्तर की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को बरेली की ओर आकर्षित करेगा। केंद्र के भीतर अत्याधुनिक इनक्यूबेशन स्पेस तैयार किया गया है जहां नए स्टार्टअप्स को अपने विचार धरातल पर उतारने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही एक सुदृढ़ नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर की स्थापना की गई है जिससे निर्बाध और उच्च गति की इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। यहाँ बड़ी तकनीकी बैठकों और सम्मेलनों के लिए भव्य ऑडिटोरियम, आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम और मीटिंग रूम का निर्माण किया गया है जहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी कायक्रमों का आयोजन सुगमता से किया जा सकेगा। तकनीकी विकास की इस दौड़ में कार्यस्थल के माहौल को बेहतर बनाने के लिए परिसर में एक आधुनिक कैफेटेरिया और अन्य नागरिक सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान की जाने वाली लीज्ड लाइन इंटरनेट सेवाएं और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं इस केंद्र को देश के किसी भी बड़े महानगर के आईटी पार्क के समकक्ष बनाती हैं। इस केंद्र का सबसे बड़ा उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ावा देना और देश के भीतर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर बरेली की एक नई पहचान बनाना है जो कि डिजिटल इंडिया अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

बरेली जैसे उभरते हुए टियर-टू शहर में इस तरह के सॉफ्टवेयर पार्क की स्थापना क्षेत्रीय विकास की समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अब तक इस क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद रोजगार की तलाश में दिल्ली, नोएडा, बेंगलुरु या गुरुग्राम जैसे महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता था। इस पलायन से न केवल स्थानीय स्तर पर प्रतिभा का नुकसान होता था बल्कि युवाओं को भारी आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता था। प्रदेश सरकार की इस दूरदर्शी पहल ने अब युवाओं को उनके घर के पास ही वैश्विक स्तर के अवसर उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस केंद्र के माध्यम से न केवल प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आईटी कंपनियों के आने से स्थानीय स्तर पर सेवा क्षेत्र, परिवहन, आवासीय संपत्तियों की मांग और आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे इस सॉफ्टवेयर पार्क में आने वाली कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को ढाल सकें। यह योजना सीधे तौर पर युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न डिजिटल योजनाओं के लाभार्थी भी इस तकनीकी क्रांति से सीधे जुड़ रहे हैं। स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के तहत मिलने वाले वित्तीय प्रोत्साहन और तकनीकी मार्गदर्शन को अब इस पार्क के इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से सीधे तौर पर प्राप्त किया जा सकेगा। स्थानीय उद्यमियों और तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को अब पूंजी और सही दिशा-निर्देश के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क इन सभी योजनाओं के लिए एक वन-स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेगा जहां सरकारी नीतियों का लाभ पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचेगा।

इस तकनीकी केंद्र की स्थापना से बरेली के पारंपरिक उद्योगों जैसे ज़री-ज़रदोज़ी, बांस और फ़र्नीचर उद्योग को भी एक नया आयाम मिलने की उम्मीद है। जब स्थानीय स्तर पर सॉफ्टवेयर डेवलपर्स और आईटी विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे तो वे इन पारंपरिक उद्योगों के लिए आधुनिक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डिजिटल मार्केटिंग टूल्स और लॉजिस्टिक्स सॉफ्टवेयर विकसित कर सकेंगे। इस प्रकार यह सॉफ्टवेयर पार्क केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित न रहकर बरेली के समग्र आर्थिक ताने-बाने को आधुनिक और डिजिटल बनाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा जिससे समाज के हर वर्ग को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। डिजिटल साक्षरता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इस केंद्र के सहयोग से विभिन्न कार्यशालाओं और तकनीकी प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। इससे स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों जैसे रुहेलखंड विश्वविद्यालय और अन्य तकनीकी कॉलेजों के छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। छात्र अपने अंतिम वर्ष के प्रोजेक्ट और इनक्यूबेशन स्पेस में लाइव प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेंगे जिससे किताबी ज्ञान और व्यावहारिक उपयोगिता का फ़ासला मिटेगा और युवाओं को कॉलेज से निकलते ही सीधे रोजगार मिल सकेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के इस विशाल बुनियादी ढांचे के निर्माण से बरेली के सामाजिक परिदृश्य में भी एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आ रहा है। यह परियोजना इस बात का जीवंत उदाहरण है कि कैसे सही नीतियों और प्रशासनिक इच्छाशक्ति के बल पर एक पारंपरिक शहर को आधुनिक तकनीकी केंद्र में बदला जा सकता है। आने वाले समय में यह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क प्रदेश के आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेगा। विश्व स्तर पर फैल रही डिजिटल क्रान्ति में जुड़कर यह डिजिटल शक्तियों से जनपद को विकास की मुख्य धारा में सशक्त आधार भी प्रदान करेगा।

बरेली के सीबीगंज का यह परिसर अब पूरी तरह से निवेशकों और सॉफ्टवेयर कंपनियों का स्वागत करने के लिए तैयार है जिससे क्षेत्र में तकनीकी उद्यमिता की एक नई लहर पैदा होगी। प्रदेश सरकार का यह दूरदर्शी प्रयास न केवल वर्तमान पीढ़ी के आर्थिक हितों को सुरक्षित कर रहा है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और तकनीक से संचालित समाज की मजबूत नींव रख रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय :** 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
**For News :** samradhinewslko@gmail.com, samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### महर्षि विद्या मन्दिर में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ



**फतेहपुर।** नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर फतेहपुर में 22 से 24 मई 2026 तक आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग का शुभारम्भ वैदिक गुरु परम्परा पूजन एवं भावातीत ध्यान से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरती गुप्ता प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि महर्षि विद्या मन्दिर अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य कर रहा है। शिक्षकों को समय के साथ अद्यतन बने रहने की आवश्यकता है। क्योंकि ठहराव सदा गिरावट की ओर ले जाता है। शिक्षक को एक विद्यार्थी के रूप में आजीवन सीखते रहना चाहिए। प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में प्रस्तुति देते हुये बताया कि यह एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो छात्रों को तनाव के वातावरण से दूर कर उनमें सृजनात्मक एवं रचनात्मक क्षमता के विकास के लिए अवसर प्रदान करती है। शिक्षको ने समावेशी शिक्षा, बाल केन्द्रित शिक्षा के परिदृश्य में आधुनिक शिक्षण तकनीकि का ज्ञान प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शारीरिक एवं मानसिक शिक्षा पर विमर्श हुआ जिसमें बदलते परिवेश के समायोजन एवं शाश्वत वैदिक भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में शिक्षण अधिगम पर बल दिया गया। कार्यकम का समापन सामूहिक भावातीत ध्यान से हुआ।

### विवेचना अधिकारियों को किया टैबलेटों का वितरण



**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय के आदेश के क्रम में एवं नवीन आपराधिक अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत जनपद में पुलिसिंग को और अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त विवेचना अधिकारियों को कुल 92 अदद टैबलेट वितरित किए गए। इन टैबलेट्स का उद्देश्य विवेचना कार्य को डिजिटल, पारदर्शी एवं तीव्र बनाना है। रिजर्व पुलिस लाइन सभा कक्ष में डीसी सीसीटीएनएस सहायक उपनिरीक्षक रहमान रशीद एवं सहायक उपनिरीक्षक अंकुर जायसवाल की उपस्थिति में समस्त विवेचना अधिकारियों को टैबलेट के प्रभावी उपयोग हेतु विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस पहल के माध्यम से महोबा पुलिस द्वारा तकनीक आधारित आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे इन डिजिटल संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाया जा सके।

### जनगणना-2027 का महाभियान तेज, जालौन में 20 हजार से अधिक नागरिकों ने की स्वगणना

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन में जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्वगणना महाभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर एवं मोहल्ला सुशील नगर से प्रारंभ किए गए इस विशेष अभियान में अब तक 20 हजार से अधिक नागरिक स्वेच्छा से सहभागिता करते हुए अपनी स्वगणना पूर्ण कर चुके हैं। जनपदवासियों में अभियान को लेकर उत्साह एवं जागरूकता का वातावरण देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संचालित इस महाभियान का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं जनसहभागिता आधारित बनाना है। अभियान के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी पारिवारिक एवं सामाजिक जानकारी दर्ज कर रहे हैं, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं के लिए सशक्त आंकड़े उपलब्ध हो सकें। अभियान के अगले चरण में अब विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी एवं गणनाकर्मी घर-घर जाकर लोगों की जानकारी एकत्रित करेंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि जनगणना कार्य में सहयोग करें और घर पहुंचने वाली टीम को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की मजबूत नींव है।

### बारदाने की कमी बताकर केन्द्रों पर नहीं खरीदा जा रहा किसानों का गेहूं: गुलाब सिंह



**कुलपहाड़/महोबा।** जय जवान जय किसान संगठन द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी महोबा को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार को सौंपा गया, जिसमें चार सूत्री मांगों पर धरातलीय कार्यवाही की मांग की गई। अन्यथा बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। जय जवान जय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार को सौंपा गया। जिलाधिकारी को संबोधित इस ज्ञापन में मांग की गई कि विगत दिनों किसानों से संबंधित जो भी सरकारी योजनाएं चल रही है, उनमें अव्यवस्था लंबित भुगतान भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाए एवं किसानों को धरातलीय लाभ पहुंचाया जाए। एम एस पी पर दलहन और तिलहन के आठ खरीद केंद्र 6 मई 2026 से प्रारंभ करने की घोषणा सहायक आयुक्त निबंध सहकारिता द्वारा की गई थी, जो अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं, जिस कारण किसान सस्ती दरों में बाजार में उपज बेचने को मजबूर है। इसी प्रकार गेहूं खरीद केंद्र में बारदाने की कमी बताकर कभी गोदाम भरा होने का बहाना बनाकर एम एस पी पर गेहूं खरीद नहीं की जा रही है, जिस कारण किसान खुले बाजार में 300 से 400 का घाटा उठाकर गेहूं बेचने को मजबूर है। प्रधानमंत्री फसल योजना में 2024 और 2025 में भारी गड़बड़ी की गई। बंजर, तालाब, पहाड़, वन विभाग सहित दूसरों की जमीन पर फसल बीमा कराकर भारी भ्रष्टाचार किया गया, जिसके सबूत प्रशासन को उपलब्ध कराये गये। इसके बाद भी कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई। इसी प्रकार फसल बीमा खरीद 2025 का भुगतान अभी तक नहीं किया गया, जबकि इसकी घोषणा कई बार की जा चुकी है।

### मां ने मासूम बेटी की गला दबाकर की हत्या, पति-पत्नी के विवाद में गई मासूम की जान



**कालपी (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र अकबरपुर इटौरा गांव में गुरुवार देर रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घरेलू कलह के बीच एक मां ने अपनी ही चार वर्षीय बेटी की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और शुक्रवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मासूम बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा निवासी राजकुमार अपने परिवार के साथ घर में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। गुरुवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सोने चले गए थे। बताया गया कि राजकुमार अपने दोनों पुत्र उमंग और मयंक के साथ अलग-अलग चारपाइयों पर सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी विनीता अपनी चार वर्षीय बेटी नैना के साथ दूसरी चारपाई पर लेटी हुई थी। परिजनों के अनुसार रात करीब 12 बजे किसी समय विनीता ने बेटी नैना का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के कुछ समय बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और पंखे बंद होने पर राजकुमार की नींद खुली। जब उन्होंने बेटी को चारपाई से नीचे जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बच्ची की हालत देखकर सभी स्तब्ध रह गए। रात अधिक होने के कारण तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दी जा सकी। शुक्रवार सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव और आसपास के क्षेत्र में फैली, बड़ी संख्या में लोग घर के बाहर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर इटौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश कुमार सिंह, आटा थानाध्यक्ष अजय सिंह तथा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और परिजनों से पूछताछ की।

# डीएम ने संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में संचालित अन्य औद्यानिक योजनाओं की समीक्षा एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना 2026-27 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन हेतु (डीएमसी) की बैठक गाँधी सभागार, कलेक्ट्रेट फतेहपुर में सम्पन्न हुई। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक द्वारा जनपद में औद्यानिक फसलों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं आकड़ों के साथ एकीकृत बागवानी मिशन योजना, पर ड्रॉप मोर कॉप माइकोईरीगेशन, एससीपी (राज्य सेक्टर) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजनान्तर्गत गत वर्ष में आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति व वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत्त जनपद में लक्ष्यों की मांग हेतु (डीएमसी) विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के औद्यानिक फसलों यथा टिश्यू कल्चर केला, मशरूम, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी के क्लस्टर विकसित किये जाने, याजनान्तर्गत अधिक से अधिक कृषकों, सूक्ष्म सिंचाई सयंत्र (ड्रिप, सिंकलर) के लाभान्वित किये जाने व पीएफएमई योजनान्तर्गत केला, आलू, प्याज, मिर्च के प्रोसेसिंग प्लॉट स्थपित कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित महिला समूहों को अधिक से अधिक लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में उपस्थित सदस्यों की सर्व सम्मति से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना 2026-27 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडी, क्षेत्रीय वन अधिकारी, उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ज्येष्ठ विपणन निरीक्षण, प्राभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी एवं वन प्रभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ज्येष्ठ विपणन निरीक्षक, मत्स्य निरीक्षक, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला कृषि अधिकारी व विभागीय क्षेत्रीय कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक व किसान उत्पादक संगठन उपस्थित रहें।

### मंत्री कृष्णा पासवान ने किया मेडिकल कालेज का निरीक्षण



**बिंदकी, फतेहपुर।** बिंदकी तहसील के सौरा स्थित ठाकुर जोधा सिंह ठाकुर दरियांव मेडिकल कॉलेज का प्रदेश सरकार में पशुधन दुग्ध विकास राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे पानी और कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों, जैसे जच्चा-बच्चा वार्ड, महिला वार्ड और पुरुष वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, इलाज की गुणवत्ता और साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने राज्यमंत्री के सामने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे। इस बातचीत के माध्यम से अस्पताल की जमीनी हकीकत और मरीजों की अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया गया। निरीक्षण के बाद राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को तत्काल प्रभाव से मरीजों की सुविधा के लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्य को भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त कूलर लगाने और अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया।राज्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई, समय पर इलाज और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से बर्बादी की ओर बढ़ रहा देशः नरेश उत्तम

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- भाजपा सरकार को हटाने का काम करेगा पीडीएः आरके चौधरी
- भदबा गांव में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



बिंदकी विधानसभा के भदबा गांव में शुक्रवार को सपा नेता राम नरेश पटेल ने कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलालगंज सांसद आर के चौधरी, पूर्व सांसद अशोक पटेल, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वि स अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह यादव ने की। कार्यक्रम में बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी समेत कई कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। सरकार से सभी वर्गों के लोग परेशान है। भाजपा सरकार की नीतियों से महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ रही है। देश का सामाजिक ताना बाना असुरक्षित है। सरकार की गलत नीतियां देश को बर्बादी की तरफले जा रही हैं। सांसद आर के चौधरी में कहा कि भाजपा सरकार से किसान, मजदूर, दुकानदार सभी लोग पीड़ित है और प्रदेश के पीड़ित लोग पीडीए के साथ है। पीडीए ही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लाक में जा जा कर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जा रहा है। पांच ब्लाकों में कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। कार्यक्रमों में सपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के साथ साथ पार्टी की रीतियों व नीतियों से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। सपा नेता राम नरेश पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। 2027 में निश्चित तौर पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉक्टर अशोक पटेल, महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह जालिम, दीपमाला पटेल, अयोध्या के पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, संतोष द्विवेदी, रामऔतार सोनकर, प्रभात शुक्ला, रामकिशोर प्रजापति, राजेश सिंह, कुमारी रत्नेश रत्ना, कांति सिंह, सत्य स्वरूप यादव, अर्जुन सिंह यादव, शिव भोले सिंह, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, बाबू सिंह, सुरेश दिवाकर, शंभू दयाल, महेंद्र विश्वकर्मा, चौधरी मंजर यार, जंग बहादुर मखलू, मंजू पटेल, पटेल, कांति सिंह, धर्म पाल पटेल, प्रभात शुक्ला, राम किशोर प्रजापति, हेमू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### थाना पनवाड़ी पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 1 नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के अंतर्गत उ.नि. पवन गौड़, मय हमराह कां. रामकुमार तिवारी द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त महेश पुत्र राकेश राजपूत, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम किल्हौवा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा, जो एनबीडब्ल्यू मु.नं. 444/2023, मुअसं. 29/23 धारा 306 भादवि से संबंधित है, को गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# डीएम की सख्ती के बाद ठंडा पेयजल व्यवस्था में मुस्तैद नजर आ रहा जिला प्रशासन

- सार्वजनिक स्थलों, बस स्टाप, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर पेयजल व्यवस्था में आईं तेजी
- प्रशासन ने दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर नहीं निकलने की जारी की एडवाइजरी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





भीषण गर्मी लूं को देखते हुए जिलाअधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा बीते दिनों किए गए अस्पताल और बस स्टेंड भ्रमण के दौरान फरमान जारी करने का असर साफ नजर आता दिखाई दे रहा है। सार्वजनिक स्थलों, मोटर स्टेंड, कार्यालयों, अस्पतालों आदि स्थानों पर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने में जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है।

जनपद में बीते कुछ दिनों से आसमान से आग सी बरस रही है, तापमान 45 डिग्री तक कर पहुंच रहा है,सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा सा नजर आता । जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से बचाव करने की अपील की गई है ,गर्मी से बचाव के लिए राहगीर भी शिकंजी और गन्ने के जूस का सहारा ले रहे हैं। भीषण गर्मी के प्रकोप चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। जनपद में न्यूनतम तापमान भी 31 डिग्री से नीचे जाने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में मौसम जनित बीमारियों की चपेट में आकर बीमार होने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है,जिसके चलते डीएम के निर्देश पर अस्पतालों में अलग से वार्ड बनाकर हीव वेव के शिकार मरीजों का इलाज किया जा रहा है। भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा जनपद में आसमान से बरस रही आग की कहानी खुद-ब-खुद बयां कर रहा है। प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर न निकलने की अपील की है। बहुत जरूरी काम होने पर मजबूरीवश घरों बाहर निकलने वाले लोगों से समय-समय पर पानी पीने और शरीर को ढक-कर बाहर निकलने की अपील की गई है। इन दिनों प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। लोग जरूरी काम को पूरा करने के लिए सुबह और शाम घरों से निकल रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा भी एडवाइजरी जारी कर लोगों को गर्मी से बचाव करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन ने बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन सहित जनपद के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था कराई है। साथ ही लोगों से समय-समय पर पानी पीने और शरीर को ढक-कर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की गई है। जूस और शिकंजी के ठेलों में राहगीरों की भीड़ देखने को मिल रही है। जरुरी काम से घरों से बाहर निकले राहगीर गन्ने का जूस और शिकंजी पीकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। शहर का सबसे व्यस्त इलाका आल्हा चौक अक्सर लोगों की भीड़ से गुलजार रहता है लेकिन भीषण गर्मी के चलते इस समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है बहुत कम लोग ही सड़कों पर नजर आ रहे हैं जो नजर आ रहे हैं वह भी अपने शरीर को तौलिया से ढक-कर निकल रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल आने वाले दिनों में गर्मी से निजात मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। बात अस्पतालों की करें तो पहले की अपेक्षा इस समय मौसम जनित बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिल रहा है। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ विभाग द्वारा अस्पतालों में हीट वेव के शिकार मरीजों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं। बीते रोज डीएम गजल भारद्वाज ने अस्पताल और बस स्टैंड का स्थलीय निरीक्षण कर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया था इस दौरान लापरवाही मिलने पर सेवा प्रदाता के तहत काम पर लगाए गए तीन कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में नगर पालिका के पेयजल सप्लाई प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एयर कंडीशनर के चलते ना पाए जाने और लापरवाही बरतने के आरोप में सीएमएस का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम की सख्ती के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है।

### आरएफसी केंद्र पर 72 घंटे से गेहूं की तुलाई बंद होने से आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम



**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर की गल्ला मंडी के आरएफसी केंद्र पर पिछले तीन दिनों से गेहूं की तुलाई बंद होने से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। तुलाई न होने के कारण दर्जनों किसान अपनी उपज लेकर मंडी परिसर में ही रुके हुए हैं और खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर बारदाना उपलब्ध होने के बावजूद उसे पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया, जिससे खरीद प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शुक्रवार दोपहर समस्या का समाधान न होने से नाराज किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने कोंच-नदीगांव रोड पर गल्ला मंडी गेट पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक लगे जाम के चलते यातायात बाधित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक विमलेश कुमार अशोक वर्मा और मंडी चौकी इंचार्ज नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिया। किसानों का कहना है कि वे पिछले दो दिनों से अपनी फसल की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते उनकी उपज मंडी में ही पड़ी हुई है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। साथ ही दिन-रात मंडी में रुकने से खाने-पीने और सुरक्षा जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। आरएफसी केंद्र प्रभारी मुकेश ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण तुलाई शुरू नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर बारदाना अपलोड होते ही किसानों की गेहूं खरीद और तुलाई शुरू करा दी जाएगी।

# माधौगढ़ पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

- पांच साथी पुलिस को चकमा देकर हुए फरार

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ के पर्यवेक्षण में थाना माधौगढ़ पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा कारोबार के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि 5 साथी मौके से भाग जाने में सफल रहे। यह कार्रवाई 22 मई 2026 को आईपीएल क्रिकेट मैचों में ऑनलाइन सट्टा खिलाने की सूचना पर की गई। थाना माधौगढ़ पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोहल्ला पटेल नगर, कस्बा एवं थाना माधौगढ़ निवासी 42 वर्षीय पवन मिसुरिया पुत्र स्वर्गीय रमेश चंद्र मिसुरिया को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सट्टे में प्रयुक्त सामग्री तथा नगद 720 रुपये बरामद किए गए। वहीं सागर दुबे पुत्र रामकुमार दुबे, जानू भाटिया पुत्र महेश भाटिया, अंकुश गुप्ता पुत्र बीरेंद्र गुप्ता निवासीगण माधौगढ़, अतुल दुबे निवासी चितौरा व बिपिन वर्मा पुत्र रामौतार वर्मा निवासी सरावन मौके से भाग गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन माध्यम से आईपीएल मैचों पर सट्टा खिलाने का कार्य कर रहा था। मामले में पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 तथा बीएनएस की धारा 112(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पर वर्ष 2020 में मारपीट तथा वर्ष 2021 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो चुका है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक आजिद खान, हेड कांस्टेबल लवलेश कुमार, कांस्टेबल संजय कुमार एवं एसओजी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिले में 538 बसोर समाज के लोगों को मिला आवास योजना का लाभ

- डॉ. निर्मल ने जलालपुर गांव में बसोर परिवारों की जमीनी हकीकत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



विकास भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सभापति दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब तक जनपद के 538 बसोर परिवारों को आवास योजना से लाभांवित करवा चुकी है। जो भी अवशेष परिवार है उन्हें भी बजट आते ही आवास योजना का लाभ मिल जायेगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान डा. निर्मल ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने जलालपुर गांव में बसोर परिवारों की जमीनी हकीकत देखी गांव के 52 परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। जबकि अभी भी गांव में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला जो आज भी कच्चे आवासों में रहने को विवश हैं ऐसे सभी परिवारों को बजट आते ही आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश में दलित, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण का नया युग प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब एवं दलित परिवारों को मिला है। डॉ. निर्मल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन स्तर में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है। अब गरीबों के घरों में पक्की छत, बिजली की रोशनी, गैस चूल्हा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान में लखनऊ के ऐशबाग में भव्य डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है, जहां 25 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि एवं अग्निकांड से प्रभावित 14 मकान क्षति प्रकरणों में कुल 1 लाख 77 हजार रुपये की राहत राशि वितरित की गई है। साथ ही अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में हुई ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि से प्रभावित 13,262 किसानों को कुल 8 करोड़ 41 लाख 27 हजार 349 रुपये की राहत राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं इस्लाम पुत्र लियाकत अली अपने तीन पुत्रों क्रमशः सलमान अल्ताफ अरबाज हैं... जिसमें सलमान के गलत चाल-चलन के कारण अपनी संपत्ति से बेदखल करता हूं अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **इस्लाम ग्राम-रसूलपुर दरेहटा, थाना-फखरपुर, तहसील-कैसरगंज, बहराइच।**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि संजय कुमार पिता का नाम विजय कुमार ग्राम हैदराबाद पोस्ट वीराहिमपुर कैसरगंज जिला बहराइच हाई स्कूल वर्ष 20 16 अनुक्रमांक 24 18037 है जिसका अंक पत्र वा सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **संजय कुमार s/o विजय कुमार ग्राम हैदराबाद पोस्ट विराहीमपुर कैसरगंज जिला बहराइच पिनकोड 271904**

**INFORMATION**

I hitherto known as Rajeshwari Devi W/O Ramasare R/O: Lakhraua Farrukhabad Maudha, District: Farrukhabad State: Uttar Pradesh PIN Code: 206451 have changed my name and shall hereafter be Rajjo. **Rajjo W/O Ramasare R/O: Lakhraua Farrukhabad Maudha District: FarrukhabadState: Uttar Pradesh PIN Code: 206451.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SUPHIYA BEGUM W/O SAADAT ALI था जो कि दिनांक 20/05/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SUFIYA BEGUM W/O SAADAT ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **निवासी मोहल्ला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच, यूपी।**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 96265602 | 29.06.2026 | Design, Manufacture, Supply, Erection, Testing & Commissioning of Passenger Elevators (Lift) (G+4). Machine room less & gear less with Five stop complete in all respects. | 02 Nos. |
| वेबसाइट www.ireps.gov.in | | | |

पत्रांक: Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/25-26 दिनांक: 22.05.2026 1730/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अवसानेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा नेता शक्ति सिंह ने आयोजित किया भव्य भंडारा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



मलमास यानी अधिकमास के उपलक्ष्य में आज क्षेत्र के प्राचीनकालीन श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा नेता शक्ति सिंह द्वारा अपनी धर्मपत्नी के साथ मंदिर पहुंच कर रुद्राभिषेक कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि क्षेत्र के प्राचीनकालीन श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भाजपा नेता शक्ति सिंह द्वारा अपनी धर्मपत्नी व परिजनों के साथ पहुंचकर रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुबह से प्रारंभ हुआ रुद्राभिषेक दोपहर तक चला। जिसके पश्चात शाम 4 बजें से विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। जिसमें क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत, भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता शक्ति सिंह द्वारा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राचीनकालीन श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक के बाद आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रवेश सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष त्रिवेदीगंज व अध्यक्ष पूर्व प्रधान संघ त्रिवेदीगंज एवं ग्राम प्रधान ककरी सचिन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, पत्रकार एसपी सिंह, अजय मिश्रा, प्रधान कुंवर रामानंद सिंह, प्रधान अजय प्रताप सिंह गुड्डू, प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू, प्रधान गौरव सिंह, प्रधान बेलहरी अजय प्रताप सिंह गुड्डू चौहान, एचके शुक्ला गुरुजी, शिवकुमार चतुर्वेदी, संदीप सिंह, आशीष अवस्थी, दुखहरन यादव, आशीष मौर्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## निजी क्लीनिक पर इलाज के दौरान मरीज़ की मौत
### परिजनों ने गलत इलाज का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार,थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत पारा गांव निवासी श्याम लाल गौतम (47)की गुरुवार शाम मामूली तबियत खराब होने की वजह से वह झबरापुर चौराहे पर स्थित एक निजी क्लीनिक पर दवाई लेने गये थे। वहां पर डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। आरोप है कि डाक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से उनकी हालत बिगड़ गई थी।

## युवती भगाने का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव से 20 वर्षीय युवती को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने दीपांशु सिंह पुत्र स्व0 अखिलेश सिंह निवासी सोनवा चौकी पहाड़पुर थाना महिगावां लखनऊ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री को आरोपी बीती 19 मई को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उनकी बेटी अपने साथ तीस हजार रुपए भी ले गई हैं।

## पति-पत्नी ने मिलकर माँ-बेटी की कर दी पिटाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** घर के अंदर बकरियां चले जाने से नाराज पति पत्नी ने मां बेटी की पिटाई कर दी।

सुबेहा थाना क्षेत्र के चिरैया गांव निवासी कान्ती पुत्री नकछेद ने बताया कि गुरुवार की शाम 4 बजे जब वह अपनी माँ सुंदारा के साथ घर जा रहीं थी कि तभी गांव के ही परमेश्वर व उनकी पत्नी ने अपने दरवाजे पर घर में बकरियां जाने को लेकर भद्दी भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए घूसों व डंडों से पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

# महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।**



महराजगंज रायबरेली रेखा पत्नी कमलेश कुमार निवासी ग्राम रूद्र नगर चुन्नु का पुरवा टाउन एरिया महराजगंज जिला रायबरेली ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थिनी व उनकी सास ईश्वर देई वपति तीन लोग दिनांक 15 5.2026 को समय 5:00 बजे मोटरसाइकिल से बाजार से सामान लेकर घर जा रहे थे तभी पीछे से लगे विपक्षीगण अपनी कार संख्या यूपी 32 ए एल नंबर 3995 से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल सवार लड़खड़ा गए विपक्षी ने कहा कि आगे आओ तो और बताते हैं विपक्षीगण की आइसक्रीम फैक्ट्री पशु चिकित्सालय महराजगंज के पास है वहीं पर विपक्षीगण अन्य साथियों को बुलाकर प्रार्थिनी व उसके पति व सास को गाली गलौज देते हुए बुरी तरीके से छेड़छाड़ करते हुए जान लेवा तरीके से मारा पीटा एवं प्रार्थिनी के कान का टप व गले की सोने चेन व नगद रुपए भंडारा करने हेतु 5000 वह भी विपक्षियों ने ले लिया डंडों से जानलेवा तरीके से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया थाना कोतवाली महराजगंज में प्रार्थना पत्र दिनांक 15 ,26 को देकर वापस रात लगभग 9:00 बजे घर लौट रहे थे विपक्षीगण व अन्य नाम पता अज्ञात साथियों को बुलाकर पुनः हाथापाई किया गया व जान से मारने की धमकी दी।रेखा द्वारा प्रमोद कुमार पुत्र विनोद विनोद कुमार उर्फ बवाली पुत्र विंधा प्रसाद बृजेश कुमार पुत्र छोटू पवन साहू पुत्र विंधा प्रसाद पांच लोग नाम पता अज्ञात निवासी ग्राम मूडू का पुरवा मंजरे अतरेहटा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देते हुए न्याय कीगुहार लगाई।

## युवक का शव घर के आंगन की चारपाई में हुआ बरामद

**बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** घर के आंगन में चारपाई पर युवक का शव बरामद होने से परिजनों एवं ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, लोगों ने हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो पश्चिम गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवक का शव घर के आंगन में पड़े पलंग पर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक की नाक पर गहरी चोट के निशान मिलने तथा घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध होने के चलते कहीं अन्य चोटिल होने या हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विदित हो कि मृतक आकाश उम्र 22 पुत्र देशराज निवासी सेहगो पश्चिम गुरुवार रात करीब 10 बजे अपने पिता से करीब 200 रुपये लेकर घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार सुबह जब वह घर पहुंचे। तो उसका शव आंगन में पड़े पलंग पर मिला। बताया जा रहा है कि युवक की बाइक गांव के पास स्थित शराब के ठेके के निकट खड़ी मिली, जिसकी चेन टूटी हुई थी।

# शंकराचार्य का जोरदार स्वागत, गौरक्षा को लेकर साधा निशाना

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



जिले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की यात्रा पहुंचते ही भक्तों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। शंकराचार्य की यात्रा जिले के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए गौरीगंज के लिए रवाना हुई। इस दौरान उन्होंने लोगों को गौ रक्षा का संकल्प भी दिलाया।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह गोरखपुर से गौ माता के प्राण और प्रतिष्ठा की रक्षा के उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को गौ रक्षा के लिए प्रेरित किया जा रहा है और अब तक 80 से 90 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गाय हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है और उसे सदैव माता का सम्मान दिया गया है। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि 'गौ भक्तों का वोट लेकर नेता गायों को कटवा रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है।' उन्होंने दावा किया कि जहां भी वह जा रहे हैं, वहां लोग गायों की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जता रहे हैं और अब चुनाव में गौ रक्षा बड़ा मुद्दा बनेगा। योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए शंकराचार्य ने कहा कि केवल गाय को गुड़-रोटी खिलाने या गौशाला चलाने से कोई गौ भक्त नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि यदि कोई वास्तव में गौ भक्त है तो उसे गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर 'गौ माता' घोषित करना चाहिए।

शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गौशालाओं की स्थिति खराब है और वहां चारा, पानी तथा दवाइयों की कमी है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों से बातचीत में गायों की दुर्दशा सामने आ रही है।

## खबरें एक नजर में

### अघोषित बिजली कटौती पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा क्षेत्र अमेठी में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है, लेकिन कई गांवों में लोगों को मात्र 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। लगातार हो रही कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खासकर रात में बिजली न रहने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पर्याप्त बिजली न मिलने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। साथ ही लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पर्याप्त आपूर्ति न होने के बावजूद उपभोक्ताओं से पूरा बिजली बिल वसूला जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाए, अघोषित कटौती पर रोक लगे और किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान राजेश मिश्रा के साथ विकास शुक्ला, आशीष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ शुक्ला, राजकुमार मौर्य, सुदीप श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों के साथ स्वयं दौड़ लगायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया। पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी : सदर तहसील के जनरेटर में लगी भयंकर आग, मची अफरा-तफरी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी और रिकॉर्ड तोड़ पारे के बीच रायबरेली से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सदर तहसील परिसर में अचानक एक बड़े जनरेटर में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसकी ऊंची लपटें और काले धुएं का गुबार देखकर तहसील परिसर में मौजूद लोगों, वकीलों और फरियादियों में हड़कंप मच गया और वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आनन-फानन में इसकी सूचना फायर ब्रिगेड (दमकल विभाग) को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सदर तहसील का यह जनरेटर पिछले तीन दिनों से लगातार धुआं दे रहा था।

# ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थों का हुआ विनिष्टीकरण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों के संबंधित पंजीकृत अभियोग से संबंधित माल के निस्तारण हेतु मा. न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनःप्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में बृहस्पतिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थित में पुलिस द्वारा जनपद के थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित पंजीकृत 29 अभियोगों से सम्बंधित कुल 212.984 किग्रा अवैध गांजा, स्मैक/ हेरोइन, डोडा/पोस्ता, डायजेपाम जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपये का विनष्टीकरण मानक के अनुसार जनपद सुलतानपुर अन्तर्गत स्थित रॉयल पोलूशन कन्ट्रोल सर्विसेज के इन्सिनेटर के माध्यम से कराया गया।

# डॉ. अम्बेडकर व जाति विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं अनुसूचित जाति को लेकर अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। बहुजन समाज पार्टी के अमेठी विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद गौतम ने संग्रामपुर थाने में आरोपी अमरजीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आरोप है कि अमरजीत प्रजापति पुत्र राम मिलन प्रजापति निवासी ग्राम तुलापुर पो. करोंदी थाना संग्रामपुर ने बाबासाहेब को गाली देकर उनकी डिग्रियों पर सवाल उठाते हुए एससी समाज के एक विशेष जाति को गाली देते हुए अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। लक्ष्मण प्रसाद गौतम तक वीडियो पहुंचते ही उन्होंने तुरंत वीडियो को संज्ञान में लेकर अपने साथियों के साथ संग्रामपुर थाने पहुंच एफआईआर दर्ज कराई है। बसपाइयों ने कहा कि बाबासाहेब जो हम सभी के पूज्यनीय हैं उनके खिलाफ की गई किसी भी अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सामुदायिक सौहार्द, भाईचारा बिगाड़ने, माहौल ख़राब करने वाले के खिलाफ कानून सम्मत कार्यवाई कराई जाएगी। लक्ष्मण प्रसाद के साथ में शमशेर बौद्ध विधानसभा प्रभारी, श्याम कुमार विधानसभा महासचिव, रामफल फ़ौजी विधानसभा सचिव, भीम रत्न बौद्ध ज़ोन प्रभारी, राम कुमार, अखिलेश, किसुन पाल, राम स्वरूप, मुकेश, सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 का आगाज, घर-घर पहुंचकर शुरू हुई मकानों की गणना



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में शुक्रवार से जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सर्वेक्षण करते हुए सूचीकरण और गणना का कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस कार्य को गंभीरता एवं शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी मकान गणना से वंचित न रह जाए। जिला प्रशासन के अनुसार, जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवासीय स्थिति, संसाधनों और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संकलित किए जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग भविष्य की योजनाओं, सरकारी नीतियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों के निर्माण में किया जाता है। जनपद में नियुक्त प्रगणक और सुपरवाइजरों ने अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों का सत्यापन, सूचीकरण एवं गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

इस दौरान टीम द्वारा प्रत्येक मकान की स्थिति, उपयोग, संरचना सहित निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक विवरण संकलित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी मकान छूटने न पाए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न हो। जिला प्रशासन ने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए वे अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से भी सहयोग की अपील की है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस, जनपद अमेठी

पत्रांक-1462/न.पा.प.जायस/पं.रा.वि.आ./2026-27 दिनांक- 22.05.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जायस को पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 11.06.2026 को समय 02 बजे अपरान्ह तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। समस्त निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 11.06.2026 को समय 04 बजे अपरान्ह कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.06.2026 को समय पूर्वान्ह 10 बजे से 5 बजे तक नगर पालिका परिषद जायस के कार्यालय से निकाय द्वारा अधिकृत कर्मचारी से निर्धारित मूल्य पर प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्य की अनुमानित लागत की 10 प्रतिशत धनराशि की एन.एस.सी./टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जायस के पदनाम से बन्धक कर जमानती धनराशि के रुप में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अथवा नगद धनराशि कार्यालय में जमा कर रसीद की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बिना जमानती धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी। शासनादेश संख्या :8/2017/836/23.07.17-176 (सा.)/06 दिनांक 08.06.2017 के अनुसार कार्य की विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत कम दर तक 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स गारण्टी अनुबन्ध गठन के पूर्व देय होगी। बिना कोई कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य नियम व शर्तों तथा कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत (रु.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 2 के अन्तर्गत गंगाराम पासी के मकान से अर्जुन के घर होते हुए राम हरक पासी के घर तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 619000.00 | 61900.00 | 1500.00 |
| 2. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत संकठाप्रसाद के घर से शिवकुमार पाल के घर तक इन्टरलॉकिग रोड निर्माण कार्य। | 441000.00 | 44100.00 | 1100.00 |
| 3. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 02 में इशरत हुसैन के परिवार के कब्रिस्तान से विनोद वाल्मीकि के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 527000.00 | 52700.00 | 1300.00 |
| 4. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 1 में राकेश साहू के मकान से सना अल्ट्रा साउन्ड तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 223943.00 | 22395.00 | 600.00 |
| 5. | नगर पालिका परिषद जायस में कूड़ा डम्पिंग स्थल से मिट्टी खोदकर नगर पालिका परिषद जायस के भूमि गाटा संख्या 9291 रकबा 0.177 हेक्टेयर पर मिट्टी भराई का कार्य। | 714460.00 | 71446.00 | 1700.00 |
| 6. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 5 में कोतवाली में शौचालय एवं कमरे का निर्माण कार्य। | 714460.00 | 71446.00 | 1700.00 |
| 7. | नगर पालिका परिषद जायस के कार्यालय में पी.वी.सी. पैनलिंग का कार्य। | 242660.00 | 24266.00 | 600.00 |
| 8. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 में राम बहादुर सोनी के खेत से जिना मियाँ के घर तक मिट्टी भराई का कार्य। | 84066.00 | 8407.00 | 200.00 |
| 9. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 5 में इसरार अहमद के मकान से वाहिद बेकरी तक मिट्टी भराई का कार्य। | 93880.00 | 9388.00 | 300.00 |
| 10. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 3 में सदा मौर्य के मकान से आलम के प्लाट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 218541.00 | 21855.00 | 600.00 |
| 11. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 में नसीराबाद रोड से अहमद बाबा के घर तक रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | 258022.00 | 25803.00 | 700.00 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी**

# डीएम और एसपी ने हादसे का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



प्रातः लगभग 09.30 बजे विकास खंड गोंदलामऊ के बरगदिया गांव के समीप प्राइवेट बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिस कारण प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर खाई में पटल गयी। मौके पर जिलाधिकारी सीतापुर डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल तत्काल घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मौके पर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को घायलों को तत्काल समुचित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। दुर्घटना में 02 लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा एवं 03 घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर भेजा गया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल 01 व्यक्ति को बेहतर उपचार हेतु तत्काल लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सीएचसी मछरेहटा एवं जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की गई तथा चिकित्सकों को सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर समुचित एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## रायबरेली में जनगणना 2027 के तहत घर-घर पहुंचकर शुरू हुई मकानों की गणना

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में आज से जनपद रायबरेली में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत नियुक्त प्रगणक (Enumerator) एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सर्वेक्षण करते हुए सूचीकरण और गणना का कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस कार्य को गंभीरता एवं शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी मकान गणना से वंचित न रह जाए।

# सार्वभौमिक है भगवान बुद्ध का दर्शन : भिक्खु शाक्य आलोक

**शाक्य मुनि बुद्ध विहार बड़ेपुर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव**




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

शाक्य मुनि बुद्ध विहार बड़ेपुर में शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के पालि शोधार्थी भिक्खु शाक्य आलोक ने धम्म के बारे विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी देश की उन्नति में उसकी संस्कृति का बहुत बड़ा योगदान होता है। जिस देश की संस्कृति समृद्ध होती है, वह देश भी समृद्ध होता है। भगवान बुद्ध का दर्शन सार्वभौमिक व सर्वकालिक है।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनियां में अनेकों देश आपस में युद्ध की स्थिति से गुजर रहे हैं जिसका प्रभाव अन्य देशों में भी देखने को मिलता है। वहां के लिए भगवान बुद्ध के करुणा, मैत्री के उपदेश बहुत प्रासंगिक हैं। मानव कल्याण के लिए भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ हमेशा याद की जाएंगी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र बौद्ध पूर्व सदस्य राज्य अल्पसंख्यक आयोग राजस्थान सरकार, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस (राजस्थान) ने वर्तमान परिपेक्ष में गवान तथागत बुद्ध के धम्म व उनकी देशनाओ के महत्व के बारे में जानकारी दी। संकिसा से पधारे भिक्षु चेतसिक ने तथागत सम्यक सम्बुद्ध की देशना पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक व संचालनकर्ता रमेश बाबू बौद्ध ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर शिव प्रताप सिंह एडवोकेट, धर्मपाल शाक्य, अशोक शाक्य, हुकुम सिंह शाक्य प्रधान, गौरव शाक्य प्रधान, शैलेन्द्र शाक्य प्रधान, हरगोविंद शाक्य कवि, राहुल प्रताप सिंह शाक्य, अभय शाक्य, गौतम प्रकाश, निर्देश शाक्य, गणेश चंद्र शाक्य, प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी, अतुल प्रताप सिंह शाक्य, कमला शाक्य, प्रभा शाक्य, मंजू शाक्य, शालिनी शाक्य, हिना शाक्य, सुमन शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई भव्य प्रस्तुति**

छिबरामऊ। शाक्यमुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी गई। सम्राट अशोक की रानी तिरस्य रक्षिता और राजकुमार कुणाल संवाद व कलिंग युद्ध का मनमोहक मंचन राजपूत बुद्ध लीला कमेटी एटा द्वारा किया गया।

# अपोलो टायर, सरकार की ईंधन बचत अपील पर साथ

**मीटिंग के आयोजन में छिबरामऊ टायर हाउस के मालिक नवीन दुबे और उनके पुत्र सक्षम दुबे ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

अपोलो टायर कंपनी ने पश्चिमी बाईपास स्थित अधिकृत डीलर छिबरामऊ टायर हाउस में 'अपोलो टायर ओनर मीट' का आयोजन किया। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान ऊर्जा संकट के समय प्रधानमंत्री की ईंधन बचत की अपील को गंभीरता से लेते हुए अपोलो टायर ऐसे विकसित किए गए हैं जो कम ईंधन खपत में बेहतर प्रदर्शन देते हैं। कानपुर एरिया मैनेजर पर्व सेठ, टेरीटरी मैनेजर अंकित मिश्रा और सर्विस इंजीनियर संदीप कुमार ने किसानों को ट्रैक्टर टायर पर तीन वर्ष तक का डैमेज सुरक्षा बीमा तथा ईंधन बचत में टायरों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा और देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देने के लिए अपोलो टायर निरंतर प्रयासरत है। मीटिंग के आयोजन में छिबरामऊ टायर हाउस के मालिक नवीन दुबे और उनके पुत्र सक्षम दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ट्रैक्टर के 100 से अधिक किसान ग्राहक उपस्थित रहे।

## बिजली कटौती से किसान बेहाल: अरविंद यादव

**समस्या का समाधान जल्द न होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप होने के मुद्दे पर पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही का सीधा आरोप लगाते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

?उन्होंने कहा कि आए दिन होने वाली कटौती से किसान बेहद परेशान हैं और लगातार हो रही इस किल्लत के कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों पर भी संकट गहराता जा रहा है।

उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई-कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा है और जनता की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों और आम जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा।

# वैक्सीन के बारे में महिला स्वास्थ्यकर्मियों को दी जानकारी




जानकारी देते जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाग

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

**बैठक के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन के महत्व, इसके उपयोग और जागरूकता अभियान को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में शुक्रवार को स्टेट से आई स्वास्थ्य टीम ने महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाग ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने में सहायक है। बैठक के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन के महत्व, इसके उपयोग और जागरूकता अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर डॉ. इफराक हुसैन, ज्ञानेंद्र सचान, शशांक कटियार, जेएसआई निशा खान, एआरओ विभव श्रीवास्तव, गौरव पाल, मधु सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद, कमाया पुण्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे में पठकाना मोहल्ले में श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन- यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया।

भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा वाचक पं0 प्रेमसागर पांडेय ने कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी हो [कितनी भी शक्तिशाली हो। लेकिन अंत में बुराई का ही अंत होता है। जैसे रावण सबसे बड़ा शक्तिशाली था। लेकिन उसने बुराई का रास्ता चुना इसलिए उसका अंत हुआ। इससे हमें सीख लेने की जरूरत है। ताकि हम अच्छाई की राह पर चल सकें। भंडारे में कस्बा सहित आसपास के गांवों के लोगों ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान विवेक पाठक, अनिल पाठक, गीता पाठक, आशीष पाठक, सचिन पाठक, पुनीत सहित आदि लोग मौजूद रहे।

**श्रीमद्भागवत कथा समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन**



## रामरक्षपाल सिंह अध्यक्ष व महिपाल सिंह बने मंत्री

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा छिबरामऊ डिपो इटावा क्षेत्र का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव में रामरक्षपाल सिंह को अध्यक्ष तथा महिपाल सिंह को मंत्री पद पर निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर कुमारी प्रीती चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर कुमारी संगीता, उपमंत्री पद पर श्रीमती शशिप्रभा, वरिष्ठ सदस्य पद पर शिवप्रताप सिंह एवं महेश सिंह तथा सदस्य पद पर विक्रम सिंह, गुलशन कुमार, संजय यादव, शत्रुघन सिंह और मो. असलम का चुनाव हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामरक्षपाल सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं के सहयोग से संघ को और मजबूत बनाएंगे। कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनके हितों की रक्षा करेंगे। नवनिर्वाचित मंत्री महिपाल सिंह ने कहा यह जीत पूरे कर्मचारियों की जीत है। हम सभी की समस्याओं को ऊंचे स्तर तक उठाएंगे और बेहतर कार्य संस्कृति के लिए प्रयास करेंगे। माल्यार्पण कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विश्वनाथ अवस्थी का निधन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** चिकित्सा क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विश्वनाथ अवस्थी (90) का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। जिस दौर में छिबरामऊ में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव था, उस समय डॉ. अवस्थी ने वर्ष 1968 में अपना क्लीनिक को शुरू किया और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया। उस समय नगर में केवल डॉ. एसके दुबे, डॉ. वीपी त्रिपाठी, डॉ. जेके वर्मा और डॉ. प्रकाश चंद्र तिवारी जैसे चिकित्सक ही उपलब्ध थे। उनके दो पुत्र अभिषेक एवं प्रशांत तथा दो पुत्रियां हैं। एक पुत्र वर्तमान में अमेरिका में रह रहा है। उनके निधन पर विधायक अर्चना पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, सुभाना रफी, राजीव दुबे, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. अजीत मोहन तिवारी, डॉ. रजनीश द्विवेदी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर किया गया।

### जुमे की मुबारकबाद देने पहुंचे आसिफ जमाल, मांगी दुआ

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद के संभावित प्रत्याशी आसिफ जमाल (पप्पी भाई) ने जुमे के पाक मौके पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया के माध्यम से जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि 卐अल्लाह तआला आप सभी और आपके परिवार को हमेशा अपनी हिफाजत में रखे।卐 आसिफ जमाल ने नगर और क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारा एवं खुशहाली की दुआ करते हुए सभी को जुमे की मुबारकबाद दी। उनके इस संदेश को लोगों ने सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया और सराहना भी की। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखना ही सबसे बड़ी इंसानियत है। क्षेत्र के लोगों ने भी उनके संदेश पर आभार व्यक्त किया।

### कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, तीन की मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर के पास नेशनल हाईवे-34 पर बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने आगे चल रहे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी जो इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर हाईवे पर पलट गया और उसकी चपेट में आया एक बाइक सवार भी हादसे का शिकार हो गया। मूल रूप से अलीगढ़ जिले के थाना इगलास क्षेत्र के नगला किशोर निवासी 36 वर्षीय अर्जुन सिंह लखनऊ के गंगागंज स्थित ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर से कच्ची ईंटें ढोने का काम करते थे। भट्ठा बंद होने के बाद वह अपने 16 वर्षीय बेटे ऋतिक और 25 वर्षीय साथी विष्णु निवासी हैबतपुर के साथ ट्रैक्टर से गांव लौट रहे थे। तभी सलेमपुर के पास पीछे से आए कंटेनर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर ऋतिक और विष्णु की मौके पर मौत हो गई। वहीं तालग्राम क्षेत्र के असेह गांव निवासी 22 वर्षीय राधा मोहन बाइक से पेट्रोल डलवाने जा रहा था, पलटते ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसकी भी जान चली गई। बताया जा रहा है कि उसकी जुलाई में शादी होनी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल अर्जुन को अलीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक और कंटेनर को नवीगंज टोल प्लाजा के पास पकड़ लिया है।

# जनगणना प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दी गई किट

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद क कार्यालय में भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के लिए प्रशिक्षण प्राप्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को किट का वितरण किया गया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं जनगणना के चार्ज अधिकारी सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नगर पालिका के जनगणना प्रभारी अंकित दुबे ने किट का वितरण किया। प्रत्येक किट में दो मार्कर, दो पेंसिल, रबर, पेंसिल कटर, प्लास्टिक स्लेट, आईडी कार्ड व नोटपैड आदि सामान है। 21 मई को स्व गणना का समापन होने के बाद 22 मई से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड में जाकर डिजिटल टूल्स का उपयोग करते हुए हर मकान की सही नंबरिंग, विवरण संकलन और मैपिंग करना है। विदित हो कि अप्रैल माह में नगर क्षेत्र के लिए 40- 40 के तीन बीच में कुल 93 प्रगणकों एवं 12 सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया था।

# साइकिल से हज के सफर पर निकले सुल्तान मिर्जा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




दिल्ली के संगम विहार से साइकिल द्वारा हज के मुकद्दस सफर पर निकले सुल्तान मिर्जा का स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर के शमीम कबाड़े वाले के यहां रुके सुल्तान मिर्जा की एक झलक पाने और उनके हौसले को सलाम करने के लिए तमाम लोग पहुंचे। मूल रूप से बिहार के निवासी सुल्तान मिर्जा अपने पिता रऊफ आजम के साथ कपड़ों की सिलाई का काम करते हैं। सुल्तान मिर्जा ने बताया कि इससे पहले वह साल 2024 में बिहार से करीब 6000 किलोमीटर का सफर 8 महीने में पैदल तय कर उमरा मुकम्मल कर चुके हैं। इस बार उन्होंने साइकिल से हज यात्रा पर जाने का संकल्प लिया है। उनका यह सफर बिहार, नेपाल बॉर्डर, चीन, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के रास्ते होकर तय होगा। वह साल 2027 में मक्का पहुंचकर अपनी हज यात्रा मुकम्मल करेंगे। उनके इस अनोखे जज्बे और कठिन सफर की क्षेत्र में हर तरफ चर्चा हो रही है। गुरुवार की रात्रि विश्राम और लोगों से दुआएं लेने के बाद सुल्तान मिर्जा शुक्रवार सुबह गुरसहायगंज के लिए रवाना हो गए और वहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। स्थानीय लोगों ने उनके सुरक्षित और सफल सफर के लिए दुआएं करते हुए उन्हें विदा किया।

**स्वागत के बाद गुरसहायगंज रवाना**

## 500 रुपये चोरी होने पर युवक 33 हजार वोल्ट के टावर पर चढ़ा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बहबलपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब शराब के नशे में धुत एक युवक 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। घटना बहबलपुर पुलिस चौकी के सामने की है। युवक को टावर पर चढ़ता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार अर्जुन उर्फ अलुआ नामक युवक की जेब से किसी ने 500 रुपये चोरी कर लिए थे। इसी बात से नाराज होकर वह नशे की हालत में टावर पर जा चढ़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल सुनील कुमार और भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव मौके पर पहुंचे। दोनों ने सूझबूझ और समझदारी दिखाते हुए युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। समय रहते युवक को बचा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

# वीर सावरकर जन्मोत्सव पर युवा समाजसेवियों का होगा सम्मान

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



वीर सावरकर जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा जनपद के युवा समाजसेवियों को सम्मानित करने हेतु 28 मई को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे ग्राम ज्ञानपुर, जनपद कन्नौज में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा निस्वार्थ सेवक पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह पुस्तक समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति एवं जनकल्याण की भावना को समर्पित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, समाज सेवा, जनहित एवं धार्मिक कार्यों में योगदान देने वाले युवा समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें निरंतर समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। संस्था के संचालक संदीप चतुर्वेदी एवं अध्यक्ष डॉ. सचिन द्विवेदी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि फाउंडेशन लगातार शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इन्हीं विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के सभी समाजसेवियों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में अनेक समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक, युवा कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

## एसडीएम ने किया खाद वितरण केन्द्र और गौशाला का निरीक्षण

**कन्नौज।** किसानों को खाद एवं कृषि संबंधी सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने मियागंज स्थित बी-पैक्स क्रय केंद्र एवं खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण प्रक्रिया, स्टॉक रजिस्टर तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दरों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए और वितरण कार्य शासन की गाइडलाइन के अनुरूप पूरी पारदर्शिता से हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने खाद उपलब्धता और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। एसडीएम ने केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल और छाया जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों को लेकर दिया जागरूकता का संदेश



**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यज।** नगर के गीता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यालय बंद होने से पहले एक भावुक और जागरूकता भरा संदेश दिया। संदेश में सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं स्टाफ से अपील की गई है कि विद्यालय बंद करते समय कमरों, खिड़कियों और दरवाजों को अच्छी तरह जांच लें ताकि कोई पक्षी अंदर फंस न जाए।

संदेश में कहा गया है कि विद्यालय लगभग 40 दिनों तक बंद रहेंगे। ऐसे में यदि कोई पक्षी गलती से किसी कमरे में बंद हो गया तो भोजन और पानी के अभाव में उसकी दर्दनाक मौत हो सकती है। लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया गया है कि विद्यालय बंद करने से पहले हर कमरे की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

यह संदेश लोगों को पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनने और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखने की प्रेरणा दे रहा है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग इस अपील को साझा कर रहे हैं और जियो और जीने दो का संदेश दे रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छोटी-सी सावधानी किसी बेजुबान की जान बचा सकती है। इस मौके पर रविकांत श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पाल, विजय बाथम, दीपचंद, प्राची शर्मा, सौम्या, स्वाती आदि शिक्षक मौजूद रहें।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक में सीओ सुरेश कुमार ने कहा माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर पर कड़ी नजर रखी जाएगी। गंगा दशहरा व ईद उल अजहा (बकरीद) के त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में हुई बैठक में एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का दायित्व हम सभी का है। इसमें पुलिस की जहां भी जरूरत पड़ेगी वहां उपयोग किया जाएगा। सीओ सुरेश कुमार ने कहा अफवाह न तो फैलने दें और न ही फैलाएं। थोड़ी सी चूक हादसों का कारण बन जाती है, छोटी से छोटी घटनाओं की जानकारी पुलिस को अवश्य उपलब्ध कराएं। ईदगाह कमेटी के मो. कामरान ने त्योहार वाले दिन भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल, सफाई व अनवरत बिजली सप्लाई की मांग रखी। इस पर प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने कहा संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा ईदगाह में सफाई और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नरेश गुप्ता गोल्डी ने कहा गंगा दशहरा के पर्व पर अधिकांश जगह शरबत बांटने का कार्य होता है। रामानंद वर्मा ने कहा यहां के लोग छोटे-मोटे मामले आपस में बैठकर निपटा लेते हैं। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे ने कहा यहां के लोग अमन पसंद हैं।

बैठक में सिकंदरपुर टाउन एरिया के अध्यक्ष हरिहर सिंह, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अमित भारतीय, प्रभाकर गुप्ता व सत्यनारायण वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिजली कटौती को लेकर पूर्व मंत्री अर्चना पांडेय ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अर्चना पांडेय ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर तत्काल सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहद खराब स्थिति में है। किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे मक्का सहित अन्य फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं।

**अर्चना पांडेय ने बताया कि कई गांवों में 24 घंटे में केवल 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है**

अर्चना पांडेय ने बताया कि कई गांवों में 24 घंटे में केवल 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है और वह भी ट्रिपिंग व लो-वोल्टेज की समस्या के साथ। इससे पेयजल संकट भी गहरा गया है, क्योंकि पानी की टंकियां और सबमर्सिबल पंप सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं।

उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि घोषित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जाएं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि अनियमित बिजली कटौती से किसानों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है और जल्द समाधान न होने पर स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

**शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ**

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जनपद कन्नौज के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों का शिलान्यास समारोह आज प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश डॉ. महेन्द्र देव जी (पी.ई.एस.) के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने दी उन्होंने आगे बताया कि शनिवार को स्वामी शिवानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज तथा सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज ताहपुर में निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

समारोह में अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मनोज द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज, संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन संजय कुमार तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल राजेश कुमार की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक विजय सिंह कनौजिया, विनीत कुमार अग्निहोत्री अध्यक्ष एवं समस्त परिवार ने क्षेत्रवासियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। प्रबंधक एवं कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि जनपद कनौजिया फर्रुखाबाद प्रधानाचार्य एवं शिक्षक प्रवक्ता इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी शुक्रवार को पूर्ण कर ली गई है।

# मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में फेयरवेल समारोह का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**यूजी 2019 एवं पीजी 2022 बैच को दी गई विदाई**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में यूजी 2019 बैच एवं पीजी 2022 बैच के सम्मान में 21 एवं 22 मई को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूजी 2020 एवं पीजी 2023 बैच के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। फेयरवेल के प्रथम दिवस पर यूजी 2020 बैच के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ बिताए गए व्यक्तिगत अनुभव साझा किए तथा उनके मार्गदर्शन, स्नेह एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में यूजी 2020 बैच के विद्यार्थियों द्वारा यूजी 2019 बैच का सम्मान करते हुए स्मृति-चिह्न एवं प्रेम-स्वरूप उपहार भेंट किए गए।

प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं विभिन्न शिक्षकों द्वारा संबोधन दिए गए और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गई। उप-प्राचार्य डॉ. नितुश्री द्वारा यूजी 2020 बैच के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की घोषणा की गई तथा यूजी 2019 बैच के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा औपचारिक रूप से दायित्व हस्तांतरण



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व कॉलेज स्टाफ

किया गया। फेयरवेल समारोह के द्वितीय दिवस पर पीजी 2022 बैच के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीजी 2023 बैच के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठों से जुड़े व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक अनुभव साझा किए। पीजी 2022 बैच के विद्यार्थियों ने भी महाविद्यालय में बिताए अपने तीन वर्षों के अनुभवों को साझा करते हुए भावुक स्मृतियों को व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शल्य तंत्र तथा प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग के संकाय सदस्यों तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके आगामी भविष्य के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। पीजी 2023 बैच के विद्यार्थियों द्वारा पीजी 2022 बैच के सभी वरिष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए स्मृति-चिह्न एवं प्रेम-स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। जिसने पूरे वातावरण को उत्साह एवं भावनात्मक स्मृतियों से भर दिया। समारोह का समापन सौहार्द, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# अवैध मिट्टी खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशन में जनपद में उपखनिज के अवैध खनन तथा अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा जनपद में अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु सतत निगरानी एवं संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार को सूचना के आधार पर ग्राम अर्जुनपुर में थाना मेरापुर पुलिस बल के साथ खनन अधिकारी द्वारा 21-22 कि मध्य रात्रि को छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली मय मिट्टी से लदे की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहन पर किसानो के निजी उपयोग के पंजीकरण की शर्त का उलंघन किया जा रहा था। वाहन को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना मेरापुर की अभिरक्षा में दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा न जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से संयुक्त प्रवर्तन अभियान संचालित करनेए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा कार्रवाई को और अधिक सघन एवं प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध एवं ओवरलोड परिवहन की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## विकास भवन परिसर में की गई प्याऊ की स्थापना, नागरिकों को मिलेगा शीतल जल


प्याऊ का शुभारम्भ करते सीडीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की पहल पर जनपद में आमजन को राहत प्रदान करने हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकास भवन परिसर में प्याऊ की स्थापना की गई। जिससे कार्यालय में आने वाले नागरिकों एवं कर्मचारियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन को पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि गर्मी के मौसम में नागरिकों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने हेतु सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि विकास भवन परिसर में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्याऊ स्थापित कराया गया है, ताकि किसी को भी पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान विकास भवन में स्थापित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा जिलाधिकारी की इस जनहितकारी पहल की सराहना की। प्रशासन द्वारा जनपद के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

## पॉक्सो व अपहरण के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट व अपहरण के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त प्रधुम्मंन पुत्र नुकुल निवासी नींबलपुर मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत दो वर्ष पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 16 वर्षीय 11 जनवरी 2024 को प्रद्युम्न बहला फुसलाकर भगा ले गया मेरे घर पर उसका आना जाना था। जबकी वह मेरा रिश्तेदार है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त प्रद्युम्न को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# बुखार से पीड़ित किशोरी की इलाज के दौरान मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बुखार से पीड़ित किशोरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि बरौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इंजेक्शन लगा दिया गया। जिससे किशोरी की हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ज्योंनी गांव निवासी संजीव कुमार कठेरिया की पुत्री उपासना को कुछ दिनों बुखार आ रहा था। शुरुआत में गांव में ही झोलाछाप से इलाज कराया गया, फिर उसे खीनमिनी ले जाया गया। सुधार न होने पर परिवार उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर


लोहिया में मौजूद परिजन

कर दिया गया। परिवार उपासना को बाइक से ही लोहिया अस्पताल ले जा रहा था। बेग गांव के पास उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। संजीव ने उसे सड़क किनारे लिटाया और एंबुलेंस बुलाई। इसके बाद उपासना को बरौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। संजीव ने बताया कि बरौन सीएचसी में कर्मचारियों ने उपासना को इंजेक्शन लगाया। इसके कुछ ही देर बाद उसकी हालत और बिगड़ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हालत बिगड़ने पर उन्होंने डॉक्टर को बुलाने की गुहार लगाई, लेकिन कोई चिकित्सक नहीं आया। उन्हें जबरन एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेज दिया गया। वहां डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने उपासना को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने समाज के नेता के आने के बाद ही आगे का फैसला करने की बात कही और शव को इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर पर रख दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक शव स्ट्रेचर पर ही रखा रहा, इस दौरान स्टाफ से परिजनों की कहासुनी भी हुई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर कादरीगेट थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंच गये और परिजनों को समझाकर शांत कराया। शुक्रवार की सुबह लोहिया अस्पताल में किशोरी के रिश्तेदार जा पहुंचे। इस पर किसी बात को लेकर रिश्तेदार महिलाओं में आपस में झगड़ा होने लगा। जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ।

## ग्राम चौपाल में सचिवों ने जनता की सुनीं समस्यायें, निस्तारण के दिये निर्देश


समस्यायें सुनते सचिव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। ग्राम पंचायत रामपुर दबीर में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही ग्राम जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव वेद प्रकाश ने ग्राम पंचायत में अपने साथी अधिकारी कर्मचारियों के साथ पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें अधिकतर समस्याएं पेंशन संबंधी रही तथा आवास मांग को लेकर भी समस्या सुनी। जिनका ग्राम पंचायत सचिव वेद प्रकाश में जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीण जनता से जुड़ी सभी समस्याओं के बारे में बारी-बारी से जानकारियां प्राप्त की गई तथा योजनाओं को चिन्हित कर जनता को लाभ दिलाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव तथा एडीओ ने अस्वस्थ किया। इस मौके पर बीडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव वेद प्रकाश, ग्राम प्रधान रामापुर दबीर पवन कुमार यादव तथा पंचायत सहायक केयर टेकर रोजगार सेवक व ग्रामीण जनता मौके पर उपस्थित रहे।

# दो ओवरलोड ट्रक व दो डग्गामार बसें सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के द्वारा ओवरलोड एवं डग्गामार वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के 19 मई से 31 मई तक ओवरलोड एवं डग्गामार वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अन्तर्गत 02 ट्रक ओवरलोड के अभियोग में सीज किये गये, जिन पर रू0 60 हजार जुर्माना आरोपित किया गया। इसके साथ ही 02 डग्गेमार बसे सीज की गई, जिन पर रू0 23 हजार जुर्माना तथा रू0 1.40 लाख का टैक्स लगाया गया। जनपद में दो पहिया वाहनों से हो रही


पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बगैर हेलमेट दो पहिया वाहनो के संचालन के विरूद्ध भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत बगैर हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चलाने के अभियोग में 74 चालान कर रू0 1.22 लाख जुर्माना लगाया गया। वर्ष 2026 में माह अप्रैल तक जनपद में 167 सड़क दुर्घटनाओं में से 108 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है, जिसमें दो पहिया सवार 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 98 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2026 में कुल सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहनों का 64.67 प्रतिशत तथा मृतकों में दो पहिया वाहन सवारों का 57.40 प्रतिशत होना अत्यन्त ही चिन्तनीय हैं। 20 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल दोनों वाहन दो पहिया थे, जिनमें 13 व्यक्तियों की मृत्यु हुई व 22 व्यक्ति घायल हुये। आगे भी इस तरह की कठोर प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी।

# नवाबगंज बिजलीघर रामभरोसे, एसडीओ नहीं पहुंचते कार्यालय

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की निगरानी और अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग की कार्यशैली के विरोध में विद्युत उपकेंद्र कार्यालय नवाबगंज पर एसडीओ का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद व्यवस्थाओं में कोई खास सुधार दिखाई नहीं दे रहा


अवर अभियंता कार्यालय बंद

है। गुरुवार को बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान अवर अभियंता व लाइनमैन के साथ मारपीट की घटना हुई थी। कार्यालय के समस्त कर्मचारी अवर अभियंता व लाइनमैन अनिरुद्ध कुमार के साथ मिलकर थाने पहुंचे, लेकिन घटना के बाद भी एसडीओ कार्यालय नहीं पहुंचे। एसडीओ ने

**सिर्फ व्हाट्सएप ग्रुप पर होती है एसडीओ की ड्यूटी**

लोगों को भ्रम में रखने के लिए उपकेंद्र कार्यालय पर सिर्फ अपना खाली सरकारी वाहन भेजा दिया था। शुक्रवार को भी एसडीओ के कार्यालय से अनुपस्थित रहने की चर्चा पूरे क्षेत्र में रही। इस संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ करने पर उन्होंने एसडीओ के कार्यालय न पहुंचने के अलग-अलग कारण बताए। जिससे स्थिति और अधिक संदिग्ध नजर आई। विभागीय सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को केवल सरकारी वाहन कार्यालय भेजा गया, जबकि अधिकारी स्वयं उपस्थित नहीं हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एसडीओ अधिकांश कार्य केवल व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संचालित करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर निगरानी और समस्याओं के समाधान की व्यवस्था कमजोर दिखाई दे रही है। वहीं जानकारी लेने के लिए एक्सईएन कायमगंज से संपर्क करने के लिए दो बार फोन किया गया, लेकिन एक्सईएन फोन रिसीव करने के बजाय काटना मुनासिफ समझा। इससे साफ झलकता है कि एसडीओ की इस हरकत से एक्सईएन भली भांति परिचित है।

फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की का रही है। सूत्रों का दावा है कि एसडीओ सप्ताह में सिर्फ 3 दिन ही कार्यालय आते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। लगातार उठ रहे सवालों के बीच क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने विभाग के उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## बाइक फिसलने से युवक घायल, रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव मैदा श्यामपुर निवासी अनुज पुत्र आदेश कुमार सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पट्टियां छेदा सिंह के पास हुई। जहां उनकी बाइक फिसल गई। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि अनुज शराब के नशे में बाइक चला रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वे सड़क पर गिर पड़े हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से अनुज को पहले कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।हादसे में अनुज का कान बुरी तरह फट गया था। डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## सहायक विकास अधिकारी ने गौवंश आश्रय स्थल नेकपुर खुर्द का किया निरीक्षण


निरीक्षण की जानकारी लेते सहायक विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर द्वारा गौवंश आश्रय स्थल नेकपुर खुर्द का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोपालक संकेत एवं पंकज उपस्थित मिले। निरीक्षण में गौवंशों की देखभाल एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। गौवंशों को नियमित रूप से हरा चारा एवं भूसा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रतिदिन पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गौशाला से संलग्न भूमि पर पांच बाई, नेपियर घास तथा गौशाला परिसर में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में चरी बोई गई है। इसके साथ ही चारा काटने हेतु चारा मशीन भी स्थापित की गई है, जिससे चारे की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। गौशाला परिसर में वर्मी कंपोस्ट यूनिट भी बनाई गई है, जिसके माध्यम से जैविक खाद तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई। गौशाला का वातावरण हरियाली एवं पेड़.पौधों से भरपूर दिखाई दिया, जिससे गौवंशों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है।

# नगर पालिका का अतिक्रमण अभियान सवालों के घेरे में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फतेहगढ़ में नगर पालिका द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया। शुक्रवार को बड़े चौराहे से शुरू हुए अभियान के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने बुलडोजर व पुलिस प्रशासन को देखते ही अपनी दुकानें व सामान स्वयं हटाना शुरू कर दिया।

हालांकि अभियान के दौरान सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा हुआ जब गोपाल फंक्शन के पास स्थित नगर पालिका कार्यालय के बाहर ही अतिक्रमण दिखाई दिया, लेकिन उसे हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब नगर पालिका अपने ही कार्यालय के


अतिक्रमण हटाती जेसीबी

बाहर से कब्जा नहीं हटवा पा रही है तो शहर में स्थायी समाधान कैसे होगा।

बताया गया कि गुरुवार को जिला जेल चौराहे पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था, लेकिन अगले ही दिन कई दुकानदारों ने फिर सड़क किनारे कब्जा जमा लिया। इससे अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। अभियान के दौरान ठाकुरद्वारा मंदिर के पास सड़क किनारे पड़ी मोरंग पर कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पास में रखी बबलू गुप्ता की पुरानी ईंटों को नगर पालिका की टीम ने तीन ट्रॉली में भरवा लिया। पूरे अभियान के दौरान नगर पालिका ईओ विनोद कुमार सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। शहरवासियों का कहना है कि यदि अभियान निष्पक्ष और स्थायी रूप से चलाया जाए तभी अतिक्रमण की समस्या से राहत मिल सकती है।

## दबंगों ने तीन भाइयों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव उम्मरपुर निवासी दिलीप कुमार का 10 वर्षीय पुत्र राज गुरुवार रात लगभग 9 बजे दुकान से वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में खड़े गांव के ही युवक ने राज को गाली-गलौज किया। राज ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने बड़े भाई मोनू को दी। तो मोनू उलाहना देने युवक के घर गया। जिसपर युवक व उसके साथियों ने मोनू को गाली-गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके साथी मोनू को लाठी व डंडों से मारपीट करने लगे। विवाद होता देख मोनू को बचाने पहुंचे उसके भाई आलोक व अनुराग को भी लाठी डंडों से पीटा। उसी दौरान युवक घर से चाकू निकल लाया और तीनों भाइयों पर जान से मारने को नियत से हमला कर दिया। जिसमें मोनू, आलोक व अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को अपने निजी वाहन से सीएचसी नवाबगंज लाए। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायल अनुराग की हालत गंभीर देख उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना पुलिस को मोनू ने युवक व उसके साथियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

## संयुक्त वार्षिक शिविर का एनसीसी कमांडर ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते ग्रुप कमांडर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -32 सीएटीसी-32, आईजीएससी का ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता ने निरीक्षण किया।

आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-32 आईजीएससी कैंप का अलीगढ़ ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता ने निरीक्षण किया। शाम 5 :30 बजे कैंप परिसर में उपस्थित हुए ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता को कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मालिक वीएसएम द्वारा रिसीव किया गया। ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता को कैम्प कमांडेंट द्वारा कैंप लेआउट, डाइनिंग हॉल, लिविंग एरिया, प्लेग्राउंड का निरीक्षण कराया। ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता ने सभी एनसीसी कैडेट्स से मुलाकात की। उन्होंने शूटिंग तथा ओबिस्टिकल कैडेट्स को सुझाव दिए। जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों को एआई तथा सोशल मीडिया की सदुपयो तथा दुरपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जानकारी पाकर सभी कैडेट्स प्रसन्नचित मुद्रा में दिखे। कैम्प कमांडेंट कर्नल एएस मालिक द्वारा अवगत कराया गया कि 23 मई को ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता द्वारा फायरिंग रेंज का निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर कैम्प एडजुटेंट कैप्टन बलविंदर सिंह, मीडिया मैनेजर तथा ट्रेनिंग अफसर कैप्टन गिरिजा शंकर, थर्ड अफसर नरेंद्र कुमार, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, 4 यूपी के सूबेदार मेजर कर्मवीर, सूबेदार गिरराज किशोर एवं पीआई स्टाफमौजूद रहा।

# भीषण गर्मी को लेकर सीएचसी अधीक्षक ने की लोगों को लू से बचने की अपील


जानकारी देते सीएचसी अधीक्षक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों के लिए जन-जागरूकता संदेश जारी किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। डॉ. शर्मा ने बताया कि बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकें और हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें। साथ ही ताजे फल एवं संतुलित भोजन का सेवन करें तथा बासी भोजन और नशीले पदार्थों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, अत्यधिक प्यास या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखने और उन्हें गर्मी से सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। सीएचसी अधीक्षक ने सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## भीषण गर्मी में खराब हैंडपंपों को दुरुस्त कराने की उठायी मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी स्थल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव व्यापारियों और किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। मंडी परिसर में लगे अधिकांश नल और हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। नवीन मंडी स्थल में पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल स्थिति में दिखाई दे रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि मंडी परिसर में लगे अधिकांश नल पानी नहीं दे रहे हैं। कई हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, लेकिन उनकी


खराब हैंडपंप दिखवाता युवक

मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या के कारण मंडी आने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा मंडी में बना सामुदायिक शौचालय भी सफेद हाथी साबित हो रहा है। व्यापारियों के अनुसार शौचालय में कई वर्षों से ताला लटका हुआ है, जिससे महिलाओं, किसानों और व्यापारियों को खुले में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। व्यापारी शानू, रफी खां और भाई मियां सहित अन्य व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सामुदायिक शौचालय का ताला तत्काल खुलवाया जाए तथा खराब पड़े हैंडपंपों और नलों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि मंडी आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## विद्युत कर्मियों को पीटने में 14 नामजद व 10 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नगला छेदा में गुरुवार दोपहर को राजस्व बसूली के तहत नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र के जेई अब्दुल मजीद, टीजी 2 गोपाल मिश्रा व संविदा कर्मी अनिरुद्ध कुमार, गौरव सिंह, राहुल कुमार, अंकित कुमार के साथ गांव पहुंचे। विद्युत टीम ने लोगों से बिजली का बकाया बिल जमा करने का अनुरोध किया। उसी दौरान गांव के ही निवासी करू व उसके अन्य साथी ने विद्युत टीम को गाली-गलौज करने लगे। विवाद होने की आशंका पर अवर अभियंता विद्युत टीम के साथ गांव से बाहर निकले, तभी दो बाइकों से आए 6 लोगों ने मुख्य मार्ग पर बल्ली आदि बांधकर रास्ता अवरुद्ध कर लिया। इसी बीच पीछे से आए अन्य लोगों ने विद्युत टीम पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों द्वारा सरकारी अभिलेख फाड़ दिए। लोगों द्वारा किए गए हमले में अवर अभियंता अब्दुल मजीद का चश्मा टूट गया। लोग जेई का सरकारी मोबाइल व लाइनमैन अनिरुद्ध का मोबाइल भी लूट कर ले गए। ग्रामीणों द्वारा की गई मारपीट में अवर अभियंता अब्दुल मजीद व लाइनमैन अनिरुद्ध के कपड़े भी फट गए। मारपीट में अवर अभियंता अब्दुल मजीद व लाइनमैन अनिरुद्ध के कई चोटें आई। मारपीट के दौरान अन्य विद्युत कर्मियों ने खेत में खड़ी मक्का में घुसकर अपनी जान बचाई। विद्युत कर्मियों ने यूपी 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 ने विद्युत टीम को ग्रामीणों से छुड़ाया। अवर अभियंता अब्दुल मजीद ने नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जेई व लाइनमैन का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने अवर अभियंता अब्दुल मजीद की तहरीर गांव नगला छेदा निवासी करू, सौरभ, बबलू, कमलेश, भगत सिंह, बीकेश, अजय, नेमसिंह, छोटेलाल, दौदराम, करन सिंह, रामसनेही, पंकज, अरविंद व 10 अज्ञात व 2 बाईकों पर सवार 6 लोगों के खिलाफगाली गलौज, जानलेवा हमला करने, सरकारी अभिलेख फाड़ने, मोबाइल फोन लूटने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में साइकिल को पार्किंग शुल्क से किया मुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशों के क्रम में जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वाहन पार्किंग में साइकिलों को पार्किंग शुल्क से पूर्णतः मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं प्रभारी अधिकारी नजारत अरूण कुमार सिंह ने आदेश निर्गत कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अब कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले आमजन अपनी साइकिलों को पार्किंग स्थल में निःशुल्क खड़ी कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य साइकिल उपयोग को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा आमजन को सुविधाजनक एवं किफायती परिवहन के लिए प्रेरित करना है। अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों एवं पार्किंग संचालकों को निर्देशित किया है कि आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी साइकिल चालक से पार्किंग शुल्क न लिया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले नागरिकों को इस व्यवस्था की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जनपद प्रशासन द्वारा यह पहल स्वच्छ एवं हरित वातावरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

# विकास कार्यों में जनपद ने पाया 14वां स्थान

▸ डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की माह अप्रैल 2026 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में जनपद को प्रदेश स्तर पर विकास कार्यों में 14वां स्थान प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान 28 विभागों की कुल 86 योजनाओं की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने योजनाओं के क्रियान्वयन, लक्ष्य प्राप्ति, प्रगति रिपोर्ट तथा जनहित से जुड़े परिणामों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया। डी श्रेणी में चिकित्सा विभाग की जननी सुरक्षा योजना को प्रदेश स्तर पर 63वीं रैंक प्राप्त हुई तथा योजना को 10 में से 2 अंक मिले। सी श्रेणी में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आईसीडीएस पोषण अभियान को 49वीं रैंक एवं 3 अंक प्राप्त हुए।

अतिरिक्त ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को 49वीं रैंक एवं 5 अंक प्राप्त हुए। बी श्रेणी में जल निगम ग्रामीण की जल जीवन मिशन योजना को 37वीं रैंक एवं 8 अंक प्राप्त हुए। पर्यटन विभाग की राज्य योजना को 55वीं रैंक एवं 7 अंक प्राप्त हुए। लोक निर्माण विभाग की नई सड़कों के निर्माण संबंधी योजना को 41वीं रैंक एवं 6 अंक प्राप्त हुए। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा फील्ड स्तर पर कार्यों में तेजी लाकर आगामी माह में जनपद की रैंकिंग में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आउटसोर्स चतुर्थ कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

▸ शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा

शिक्षा विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उ0प्र0 आउटसोर्सिंग सेवा निगम के अंतर्गत लाने एवं न्यूनतम मानदेय 20 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंत्री संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय/सहायता प्राप्त विद्यालयों में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर वर्षों से अल्प मानदेय पर निरंतर सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में हमें मात्र 8315 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्राप्त हो रहा है। आज के इस महंगाई के दौर में इतने कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई, दवा-इलाज एवं रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर पाना संभव नहीं है। सत्य तो यह है कि 8315 में आजकल कोई दैनिक मजदूर भी कार्य करने को तैयार नहीं होता।

मुख्यमंत्री द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों को सेवा निगम के अंतर्गत लाने तथा सम्मानजनक वेतन देने का वादा किया गया था। मांग है कि इस वादा को पूरा किया जाये। जिससे आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लाभ मिल सके और 20 हजार रुपये न्यूनतम मानदेय निर्धारित किया जाये और सेवा सुरक्षा व अन्य सरकारी लाभ दिया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नितिन त्रिवेदी, राहुल राठौर, कौशल कुमार, वैभव शुक्ला, सूर्यप्रकाश, नौशाद, सचिन, चन्द्रकांत, रोहित के अलावा शिक्षक नेता शैलेश दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## आर्मी जवानों को डोर-टू-डोर डिलिवरी के लिए दिये गये सुझाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत की अग्रणी सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स कंपनी सेफ एक्सप्रेस ने फतेहगढ़ आर्मी कैंट परिसर में वीर जवानों को एक सैनिक एक्सप्रेस के प्रमोशनल गतिविधि जो वीर जवानों के माल सामान के आवाजाही कर डोर टू डोर डिलीवरी देने के बारे में वीर जवानों को सुझाव दिए। वीर जवानों की महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने और कुशल आपूर्ति श्रृंखला सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। माल की त्वरित आवाजाही और विश्वसनीय सेफ एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करने में, भारत के किसी भी जगह में डोर टू डोर पिकअप एंड डिलीवरी सेवा के बारे में वीर जवानों को सुझाव दिए। सेफ एक्सप्रेस ब्रांच हेड आकिब खान ने वीर जवानों के लॉजिस्टिक्स के बारे में सामान की गतिविधि के बारे में बताया। एरिया मैनेजर फिरोज खान, आशुतोष रॉय, उमेश, फारुख हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# राजयोग द्वारा मन की शांति एवं आत्मिक शक्ति का कराया अनुभव



कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, ओमनिवास सेवा केंद्र जटवारा जदीद अंगूरी बाग में शुक्रवार को तीन दिवसीय राजयोग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मौन डे के रूप में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों एवं नगरवासियों ने भाग लेकर राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति की। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों को मेडिटेशन अभ्यास कराते हुए सकारात्मक सोच एवं आत्मिक जागृति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मौन के अभ्यास से मनुष्य अपने मन को शांत, स्थिर एवं शक्तिशाली बना सकता है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके शोभा बहन ने कहा कि आज मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे भागते-भागते मानसिक शांति से दूर होता जा रहा है। जीवन में तनाव, चिंता एवं अशांति का मुख्य कारण मन की चंचलता और नकारात्मक विचार हैं। राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को स्वयं की पहचान कराकर भीतर की शक्ति एवं शांति का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा कि मौन केवल बोलना बंद करना नहीं, बल्कि मन को व्यर्थ संकल्पों से मुक्त करना है। जब मन शांत होता है तब आत्मा परमात्मा की शक्तियों को सहज रूप से ग्रहण करती है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन कुछ समय मेडिटं एवं सकारात्मक चिंतन के लिए निकालने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित भाई-बहनों ने मेडिटेशन के माध्यम से आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का विशेष अनुभव किया। विश्व शांति एवं सुख-समृद्धि के लिए सामूहिक योगाभ्यास कैंडल लाइटिंग के द्वारा मन एकाग्र कर दृष्टि योग एवं श्रेष्ठ चिंतन के द्वारा सकारात्मक सोच के द्वारा कराया गया।

## ग्रीन चौपाल लगाकर पर्यावरण के प्रति किया गया जागरुक



चौपाल में मौजूद पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन व अन्य

▸ ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए किया गया प्रेरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्रीन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को गाँव को हरित और स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। मोहमदाबाद ब्लॉक के गाँव जांजपुर बंजारा में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के महत्व को बताते हुए पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने ग्रीन चौपाल का आयोजन किया। जिसमे गाँव के प्रधान, सचिव तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। गुंजा जैन ने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार पेड़ पौधे हमारे वातावरण को शुद्ध रखते है और उनकी हमारे जीवन में क्या विशेषता है, साथ ही कार्बन क्रेडिट से किसान पेड़ लगाने के साथ साथ अपनी आय में कैसे वृद्धि कर सकते इसके बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिन किसान भाइयों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिल गए है, उनको उनकी मृदा के स्वस्थ के बारे तथा किन पोषक तत्वों की कमी हो रही है उसको अब कैसे प्राकृतिक उपचार यानी जैविक खेती और प्राकृतिक खेती द्वारा कैसे पूरा किया जाए, इसके बारे में जागरूक किया।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक में डीएम ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेती डीएम मौजूद एसपी आदि

आगामी गंगा दशहरा व बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा जनपद के विभिन्न समुदायों के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भागीदारी की। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद की पहचान सदैव गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द रही है, जिसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद लोगों ने भी कहा कि जनपद में हमेशा सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते आए हैं। चाहे हिंदू, मुस्लिम, सिख अथवा ईसाई समाज हो, सभी समुदायों में आपसी प्रेम और सम्मान की परंपरा कायम रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में मौलाना शमशाद चतुर्वेदी, मुफ्ती जफर मोहम्मद, यूनुस अंसारी, रिजवान अहमद ताज, अलादीन, राजीव बाजपेई, व्यापार मंडल के सदस्य व समाजसेवी मौजूद रहे।

## मण्डलीय सम्मेलन को सफल बनाने पर हुई चर्चा



तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की देखरेख में 24 मई को डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय पुरुष सभागार में मण्डलीय संकल्प सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें कानपुर मण्डल क्षेत्र के कई जनपद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत 18 सूत्रीय मांगों पर मण्डलीय सम्मेलन में चर्चा होगी। अध्यक्ष अजय सिंह, संयोजक संजय मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय सिंह, महासचिव आरके निगम सहित प्रदेश के नेता व पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह व प्रदेश कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, संयोजक राकेश सारस्वत, भूपेश कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, प्रीतम सिंह, कृतार्थ सिंह, आरके वर्मा आदि लोग विचार करेंगे। मण्डलीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय, विकास भवन, स्वास्थ्य विभाग, लोहिया अस्पताल आदि में सम्पर्क कर कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। तैयारी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित एवं विजय शंकर तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनायी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समर कैंप में बच्चों ने मस्ती और रचनात्मक गतिविधियों का उठाया आनंद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



समर कैम्प में मस्ती करते बच्चे

किरन पब्लिक स्कूल पट्टिया लाइन कंपिल रोड़ कायमगंज में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समर कैंप के अंतिम दिन विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से पूरी तरह गुलजार नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक डॉ. वीरेन्द्र गंगवार, मैनेजर कल्पना गंगवार, निदेशक डॉ. उदित पटेल, डॉ. खुशी पटेल तथा प्रधानाचार्या राधिका नायर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला एवं रचनात्मक गतिविधियाँ भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने, नई चीजें सीखने तथा अपने हुनर को और निखारने के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए अनेक रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पहले दिन बच्चों ने मिट्टी से कलाकृति बनाना, खो-खो, क्रिकेट, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूसरे दिन बच्चों को स्विमिंग ट्रिप पर ले जाया गया, जहाँ बच्चों ने पूल में जमकर मस्ती की। पानी की फुहारों और संगीत की धुन पर बच्चों ने खूब डांस किया और आनंद उठाया। समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों को हिंदी में मुफासा जंगल का राजा फिल्म दिखाई गई, जिसे बच्चों ने पॉपकॉर्न के साथ खूब एंजॉय किया। इसके बाद गुल्लक-मटकी सजाओ एवं गमला सजाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों के लिए बिना आग के खाना बनाने की गतिविधियाँ भी कराई गई, जिनमें भेलपुरी बनाना, सैंडविच तैयार करना एवं शरबत बनाना जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। बच्चों ने बड़ी रुचि और उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लेते हुए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इस मौके पर को-ऑर्डिनेटर जयन राजन, विक्रांत सिंह, शिवानी राठौर, आरजू गंगवार, हिरा अंसारी, आकांक्षा सैनी, शिक्षिका अंजू बाथम, मंजू, आशिका, प्रगति, पूजा, पूनम, अल्पना, फराह तथा शिक्षक नीरज अग्निहोत्री, निखिल शाक्य, आशू, शाहरुख, हरिद्वार, अतुल, रवि एवं उमाकांत वर्मा आदि मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा भी की गई।

# बार काउंसिल की मतगणना में अधिवक्ता अनुराग पाण्डेय ने बनाई बढ़त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ फर्रुखाबाद सहित कई जनपद के अधिवक्ताओं ने दी बधाई
▸ फर्रुखाबाद से 206 प्रथम वरीयता में वोट मिले है
▸ शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने अनुराग पाण्डेय को पांचवें स्थान पर पहुंचने पर बधाई दी

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव की चल मतगणना में अधिवक्ता अनुराग पाण्डेय को उल्लेखनीय समर्थन मिल रहा है।

अनुराग पाण्डेय के प्रतिनिधि शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में कुल 333 प्रत्याशियों की भागीदारी थी। जिसमें अनुराग पाण्डेय की लगातार बढ़त बन रही है।

फर्रुखाबाद से 206 प्रथम वरीयता में वोट मिले है। शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में अनुराग पाण्डेय पांचवें स्थान पर आ गये है। उनके लिए फर्रुखाबाद सहित सभी क्षेत्रीय अधिवक्ताओं को आभार प्रकट किया है। शिवेन्द्र मोहन मिश्रा व अधिवक्ता शुभम त्रिपाठी आदि ने अनुराग पाण्डेय को पांचवें स्थान पर पहुंचने पर बधाई दी।

# अप्रैल माह का वेतन भुगतान करने की शिक्षकों ने की मांग

▸ डीआईओएस ने दिया आश्वासन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी व जिला कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार दुबे एवं प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी प्रेमपाल सिंह, शिव ओम द्विवेदी, ओमपाल सिंह रघुवंशी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात की एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से लंबित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

जनपद के कई माध्यमिक विद्यालयों का अप्रैल 2026 का वेतन 22 मई तक प्राप्त नहीं हो सका है, यह वेतन वितरण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्यालय में वेतन बिल उपलब्ध होने के बावजूद वेतन भुगतान न होना आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायित है। इसका निर्वहन आप द्वारा नहीं किया गया। सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पेंशन पत्रावली जो उप शिक्षा निदेशक कार्यालय कानपुर प्रेषित करनी है उन पर भी हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं, जबकि शासन द्वारा पेंशन भुगतान अति शीघ्र करने के आदेश हैं। प्रोन्नत वेतनमान की पत्रावलियां समय से प्रस्तुत होने के बावजूद भी उनका निस्तारण नहीं किया गया है। शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से विस्तृत चर्चा के पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि अवशेष विद्यालयों का वेतन आज ही कोषागार में प्रस्तुत कर दिया जाएगा और प्रोन्नत पत्रावलियों को भी निस्तारित कर दिया जाएगा। डीआईओएस ने आश्वासन दिया कि एक जून तक सभी के खातों में वेतन पहुंच जायेगा।

# बच्चों को कराया गया विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण

▸ एपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विधानसभा का देखा म्युजियम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा अध्यक्ष के साथ विधायक व स्कूली बच्चे

ए.पी. पब्लिक स्कूल के बच्चे शैक्षिक भ्रमण हेतु उत्तर प्रदेश की विधानसभा गए। कायमगंज की विधायक डॉ. सुरभि के नेतृत्व में विद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट करने विधानसभा लखनऊ गया। जहां विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि ने सभी बच्चों को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से उनकी भेंट करवाई। विधानसभा की आर्ट गैलरी, उसका म्यूजियम, उसकी प्लेन ड्राइव, सदन सहित सभी स्थानों का भ्रमण किया। बच्चों ने कौतूहल वश महाना एवं विधायक सुरभि से कुछ प्रश्न पूछे। जिनका धैर्य पूर्वक जवाब दिया गया। भ्रमण कार्यक्रम से बच्चों में एक कौतूहल एवं उत्सुकता का माहौल है। बच्चों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम इस सदन में घूमकर जो चीज हम लोग दूरदर्शन टेलीविजन पर देखते हैं, उसको प्रत्यक्ष रूप से देखकर बहुत ही अच्छा महसूस हुआ। हम लोगों ने विधायी गतिविधियां, कार्यपालिका के कार्य एवं माननीयों के बैठने का स्थान कार्यपालिका कैसे संचालित होती है यह भी जाना।

बच्चों ने कहा कि महाना जैसी शख्सियत कायमगंज विधायक जैसी शख्सियत इतनी ऊंचाई पर पहुंचकर भी इतने शालीन इतने सौम्य एवं सरल हैं, यह देखकर अच्छा भी लगा और इनसे प्रेरणा भी ली गई। प्रधानाचार्य डॉ0 अंजली पांडे एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा नेता अवनीश चतुर्वेदी, कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि को स्मृति चिन्ह देकर अंग वस्त्र पहनाकर पौधा भेंट किया गया। बच्चों के साथ प्रधानाचार्य डॉ0 अंजली पांडे, भाजपा नेता अवनीश चतुर्वेदी, एवं शिक्षक राजमोहन राय, अनुप पांडेय, प्रिया गंगवार भी उपस्थित रहे।

# लिंक एक्सप्रेसवे के कटो पर जमीने नहीं देगा किसानः भाकियू टिकैत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



किसानों को संबोधित करते अजय कटियार

ग्राम पंचायत नीबकरौरी की ग्राम सभा नगला दरियाव में लिंक एक्सप्रेसवे के कटो में जा रही जमीनों को के विरोध में बैठक की गई। निर्णय लिया गया कि लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है, उसके कटो पर ज्यादा जमीनें ली जा रही है, जबकि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे में रोड के समानांतर उतरने चढ़ने के लिए रोड बनाए गए है, ऐसा ही इस लिंक एक्सप्रेसवे में बनाएं जाए।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि किसानों 2013 भूमि अधिग्रण कानून के हिसाब से मानसिक क्षतिपूर्ण राशि देनी पड़ेगी और कटो पर जो बेतहाशा जमीन ली जा रही है उनको भी छोड़ना पड़ेगा। किसानों को एक जुट रहना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि 22 सितंबर को राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने जब हथियापुर में किसानों को संबोधित किया था और प्रशासन को चेताया था उसके बाद यूएपीएडा ने कटो पर जमीने छोड़ी थी, लेकिन उसे पुनः बड़े कटो में किया गया। जिसमें बेतहाशा जमीन ली जा रही है जो कि किसान देना नहीं चाहता है। लिंक एक्सप्रेसवे में मकानों और गाँव से दूर किया जाए अन्यथा भाकियू बड़ा आंदोलन करेगा। किसानों से कहा कि जेल जाने के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, बिजनेश यादव, अजीत सोमवंशी, अर्पित गंगवार, रामनरेश यादव, हिमांशु राजपूत, हिमांशु यादव उपस्थित रहे।

# सीजेपी ट्रेंड को लेकर भाजपा नेता विकास राजपूत बोलेःभारत का युवा शेर है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते विकास राजपूत

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे कॉकरोच जनता पार्टी ट्रेंड को लेकर अब राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। भाजपा नेता विकास राजपूत ने इस ट्रेंड को देश और युवाओं के सम्मान के खिलाफ बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को मजाक और नकारात्मक राजनीति का हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे देश का युवा कभी स्वीकार नहीं करेगा।

विकास राजपूत ने कॉकरोच जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा भारत का युवा कॉकरोच नहीं शेर है शेर। यह केवल भारतीय युवाओं का अपमान नहीं, बल्कि देश के भविष्य के खिलाफ एक नकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देने का प्रयास है। देश के युवाओं को ऐसी सोच के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए, न कि मजाक और ट्रेंड के नाम पर खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले हर ट्रेंड को युवा शक्ति का प्रतीक नहीं माना जा सकता। कुछ लोग जानबूझकर युवाओं को भ्रमित कर राजनीतिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों का मजाक उड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा हमारे देश का युवा ऊर्जा, साहस और नेतृत्व का प्रतीक है। भारत का युवा शेर है और शेर कभी भी कॉकरोच जैसी गंदी मानसिकता का हिस्सा नहीं बन सकता। युवाओं को सकारात्मक बदलाव, राष्ट्र निर्माण और विकास की राजनीति के साथ खड़ा होना चाहिए। विकास राजपूत ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है और यही युवा आने वाले समय में देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाएगा। ऐसे में युवाओं को व्यंग्य, नकारात्मकता और सोशल मीडिया के भ्रामक ट्रेंड्स में उलझाने की कोशिश राष्ट्रहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने के बजाय कुछ लोग सोशल मीडिया पर अराजक और हास्यास्पद ट्रेंड्स को बढ़ावा देकर युवाओं की सोच को भटकाना चाहते हैं। अगर देश के युवाओं को सही दिशा, रोजगार, शिक्षा और अवसरों की बात होती, तो इस तरह के ट्रेंड पैदा ही नहीं होते, लेकिन कुछ लोगों ने राजनीति को केवल मीम्स और मजाक तक सीमित कर दिया है, जो लोकतंत्र और युवा शक्ति दोनों का अपमान है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे देश निर्माण, विकास, स्टार्टअप, शिक्षा, तकनीक और राष्ट्र सेवा जैसे सकारात्मक अभियानों से जुड़ें और भारत को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सोशल मीडिया पर उभर रहे ऐसे ट्रेंड अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे राजनीतिक विमर्श को भी प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि, विकास राजपूत जैसे नेताओं का मानना है कि देश का युवा अब नकारात्मकता नहीं बल्कि विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति के साथ आगे बढ़ना चाहता है।

## पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में दबोचा गया आरोपी

# युवती पर जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

- थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में चल रही थी तलाश



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के नकहा बाजार में युवती पर हुए सनसनीखेज जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वारदात के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी खीरी निराला तिवारी की सक्रिय भूमिका चर्चा का विषय बनी रही। घटना के बाद से ही उनके नेतृत्व में पुलिस टीमें लगातार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर थाना खीरी पुलिस लगातार रणनीति के तहत काम कर रही थी।

**दवा लेकर लौट रही युवती पर किया था हमला**

मामला 20 मई 2026 का है। ग्राम नौवापुर निवासी दिनेश सिंह ने थाना खीरी में दी तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन शिवानी अपनी मां के साथ लखीमपुर दवा लेने गई थी। दोनों वापस घर लौट रही थीं। आरोप है कि नकहा बाजार पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे ज्ञानू यादव पुत्र पप्पू यादव निवासी ग्राम नकहा ने अचानक शिवानी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। तहरीर के मुताबिक आरोपी ने युवती पर कई गहरे वार किए, जिससे उसके हाथ, पैर और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। बीच बाजार हुई इस वारदात से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया था कि हमला पूरी तरह जान से मारने की नीयत से किया गया। घटना के बाद थाना खीरी में बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निराला तिवारी ने तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अमृतागंज की ओर आने वाला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निराला तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक जैसे ही टीम आरोपी के करीब पहुंची, उसने खुद को घिरता देख पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायर कर दिया।

पुलिस का कहना है कि आरोपी दूसरा राउंड फायर करने की तैयारी में था। इसी दौरान पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। गोली लगते ही आरोपी मौके पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## खीरी में रिश्तों का कत्लः दामाद ने ससुर को लाठी से पीटकर उतारा मौत के घाट, इलाके में सनसनी



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिले के खीरी थाना क्षेत्र के कस्बा खीरी स्थित जिंसी टोला मोहल्ले में गुरुवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई। यहां दामाद ने अपने ससुर की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, हनिया टोला निवासी गणेश की बेटी की शादी करीब दो वर्ष पहले कमल नामक युवक से हुई थी। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक विवाद को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनाव चल रहा था। गुरुवार देर रात विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी कमल ने अपने ससुर गणेश पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हत्या की खबर फैलते ही मोहल्ले में भारी भीड़ जमा हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

## खबरें एक नजर में

### लो वोल्टेज और बिजली कटौती से परेशान किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के गोला तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय गोला पहुंचे। इस दौरान जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के निर्देश पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत उपकेंद्र सिकंदराबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीपुर सहित आसपास के कई गांवों में लंबे समय से लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। किसानों ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं खेतों की सिंचाई भी समय से नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों की फसलें सूखने लगी हैं। किसानों का आरोप है कि कई स्थानों पर 11 हजार वोल्ट की लाइन के जर्जर तार झूल रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। भाकियू नेताओं ने मांग की कि क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए तथा जर्जर विद्युत तारों को तत्काल बदला जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस मौके पर संगठन मंत्री संजीव सिंह, तहसील उपाध्यक्ष तरुण मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, सत्यवीर सिंह, नैमिष सहित कई किसान साथी मौजूद रहे।

### जनगणना कार्य से जुड़े 670 प्रगणकों व 113 सुपरवाइजरों को सर्वेक्षण प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** लालगंज तहसील सभागार में शुक्रवार को जनगणना कार्य से जुड़े 670 प्रगणकों एवं 113 सुपरवाइजरों को सर्वेक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। नवागत उप जिलाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि जनगणना के दौरान घर.घर पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति का सही विवरण दर्ज किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही शिक्षाए स्वास्थ्यए आवासए सड़क तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। ऐसे में यह कार्य पूरी जिम्मेदारी एवं सावधानी के साथ किया जाना आवश्यक है। उन्होंने प्रगणकों को निर्धारित फॉर्मेट एवं दिशा.निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों से जनगणना कार्य में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सही जानकारी उपलब्ध कराने से क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन संभव हो सकेगा और योजनाओं का लाभ लोगों तक बेहतर ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।उन्होंने सुपरवाइजरों को नियमित निगरानी कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार दीक्षा पांडेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

**तापमान 44 डिग्री पार, सड़कें सूनी, पशु-पक्षी भी पानी के लिए भटकते नजर आए**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** बुधवार को भीषण गर्मी और तेज लू ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। दिनभर सूर्य की तपिश इतनी तेज रही कि तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। आसमान से बरसती आग के चलते दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आईं और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। जबकि अधिकांश लोग धूप से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे। गर्म लू के थपेड़ों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। सुबह के आठ बजे से शाम छह बजे तक गर्भ लू के थपेड़ो से जनजीवन बेहाल हो जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन निर्माण के दौरान सड़क किनारे पेड़ों की कटान हो जाने से राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है। पहले जहां लोग पेड़ों की छांव में रुककर राहत पाते थेए वहीं अब उन्हें कहीं भी ठहरने की जगह नहीं मिल रही है। चिलचिलाती धूप में टारकोल की सड़कें तपकर लाल हो जा रही हैं, जिससे वाहनों के टायर तक फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ट्रक चालक लक्ष्मी कांत पांडे ने बताया कि पहले वाहन गर्म होने पर पेड़ों की छाया में खड़ा कर इंजन ठंडा कर लिया जाता था लेकिन अब पेड़ों के अभाव में केवल ढाबों या होटलों का ही सहारा बचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की प्रचंड गर्मी ने पिछले कई वर्षों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। वहीं सेवा सदन हास्पिटल के महानिदेशक डा. मोहम्मद गुलचमन ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलनेए नियमित अंतराल पर पानी और नींबू का सेवन करने तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हीट वेव के चलते लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, इसलिए सतर्कता और बचाव बेहद जरूरी है।

## चार दिन से लापता अधेड़ का शव नीम के पेड़ से लटका मिला

- 2017 में भी कर चुका था आत्महत्या का प्रयास

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया, खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर झाड़ियों के बीच नीम के पेड़ से एक अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार रतनपुर निवासी दयाशंकर (55) पुत्र मिश्रीलाल बीती 18 मई की सुबह घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पहले आसपास और रिश्तेदारियों में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उचौलिया थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोग खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने गांव के बाहर झाड़ियों के पास स्थित नीम के पेड़ पर एक व्यक्ति को फंदे से लटका देखा। पास जाकर पहचान करने पर पता चला कि शव दयाशंकर का है। घटना की खबर फैलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया गया।

## कटैला फार्म में पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ

- बेलरायां वन रेंज में अब भी अलर्ट
- 9 पिंजरे और लगाए गए

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**

तहसील के बेलरायां वन रेंज अंतर्गत कटैला फार्म, मुर्तिहा गांव में कई दिनों से आतंक का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मौके पर बड़ी संख्या में लोग तेंदुए को देखने पहुंच गए। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कई दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के इलाकों में लगातार देखा जा रहा था। रात के समय वह खेतों, बागों और आबादी के करीब तक पहुंच जाता था, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। हालत यह थी कि शाम ढलते ही ग्रामीण घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे। बताया जा रहा है कि तेंदुए ने क्षेत्र में कई मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया था।



लगातार बढ़ रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद बेलरायां वन रेंज की टीम ने इलाके में विशेष निगरानी अभियान शुरू किया और गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में करीब 10 पिंजरे लगाए गए थे। वन विभाग की रणनीति सफल रही और एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। हालांकि वन विभाग अभी पूरी तरह निश्चिंत नहीं है। अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में अन्य तेंदुओं की मौजूदगी भी हो सकती है। इसी वजह से बाकी 9 पिंजरों को अभी हटाया नहीं गया है। वन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। कैमरों और विशेष निगरानी के जरिए वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे से समय रहते निपटा जा सके।

**वन रेंजर ने कहा**

वन रेंजर भूपेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन रेंज कार्यालय लाने की तैयारी की जा रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य तेंदुओं की आशंका को देखते हुए क्षेत्र में निगरानी जारी रहेगी और लगाए गए पिंजरे फिलहाल नहीं हटाए जाएंगे।

## नदी किनारे कच्ची शराब के अड्डों पर आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई

- 30 लीटर अवैध शराब बरामद, 300 किलो लहन नष्ट, दो अभियोग दर्ज
- खजुआ फार्म व सूरत नगर क्षेत्र में चली संयुक्त दबिश, अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप



**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** निघासन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना तिकुनियां क्षेत्र के कई इलाकों में छापेमारी कर कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर प्रहार किया। कार्रवाई के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि लगभग 300 किलोग्राम लहन एवं दो भट्टियां मौके पर ही नष्ट कर दी गईं। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। निघासन आबकारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में थाना तिकुनियां क्षेत्र के खजुआ फार्म, सूरत नगर तथा नदी किनारे स्थित संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। टीम ने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया था जहां लंबे समय से चोरी-छिपे कच्ची शराब तैयार किए जाने की सूचना मिल रही थी। शुक्रवार सुबह हुई कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम ने नदी किनारे झाड़ियों एवं सुनसान स्थानों में बनाए गए अस्थायी अड्डों पर छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग मौके से भाग निकले, जबकि टीम ने मौके पर बड़ी मात्रा में शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की। छापेमारी के दौरान लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त करीब 300 किलोग्राम लहन भी बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। टीम ने शराब तैयार करने में इस्तेमाल की जा रही दो भट्टियों को भी ध्वस्त कर दिया। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। त्योहारों और विशेष अवसरों को देखते हुए विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और तेज कर दी गई है। आबकारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि निघासन में अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत

## अलीगंज का सिद्ध बाबा मंदिरः आस्था अटूट, लेकिन सुविधाओं का इंतजार



**समृद्धि न्यूज, अलीगंज खीरी।** क्षेत्र का प्रसिद्ध सिद्ध बाबा मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यताओं और चमत्कारिक पहचान के कारण मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। मंदिर में सालभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विशेष अवसरों पर यहां मुंडन संस्कार, भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन करने आते हैं। हालांकि, मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ने के बावजूद यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। मंदिर परिसर में बैठने और रुकने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। गर्मी और बारिश के मौसम में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर परिसर में शेड, पेयजल, शौचालय और विश्राम स्थल जैसी सुविधाएं होनी चाहिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों और भक्तों ने प्रशासन से मंदिर परिसर में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि आस्था के इस प्रमुख स्थल पर यदि व्यवस्थाएं बेहतर हों तो श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी।

## श्रीमदभगवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण बाल लीला का हुआ भव्य आयोजन



**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** ग्राम सभा परियांवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा व्यास शैलेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन करते हुए कहा कि बाल गोपाल की लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश देती हैं। उन्होंने माखन चोरी, गोप-गोपियों के साथ बाल लीलाओं तथा इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।

कथा आयोजन के मुख्य यजमान शिवाकांत ओझा एवं संदीप ओझा रहे। आयोजन में अमित ओझा, सचिन ओझा, मनोज ओझा, अनिल ओझा, विनोद ओझा, प्रशांत ओझा, इंद्र नारायण द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

## डीएम ने मां बेल्हा देवी धाम के निर्माणाधीन कॉरिडोर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने गुरुवार को मां बेल्हा देवी धाम में निर्माणाधीन कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे विभिन्न प्रस्तावों की जानकारी प्राप्त की। जिला अधिकारी ने कहा बेल्हा देवी धाम जिले का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केन्द्र है,जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते है। कारिडोर निर्माण कार्य तेजी से कराया जाना आवश्यक है।निरीक्षण दौरान डीएम ने कारिडोर निर्माण की गुणवत्ता, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता,शीतल पेयजल, बैठने की



व्यवस्था एवं अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।इस अवसर पर एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार,पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय तबला कार्यशाला का भव्य शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी स्थित भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय तबला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. गीता शुक्ला की अध्यक्षता तथा संगीत विभागाध्यक्ष शिवांगी सक्सेना के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। छात्राओं लवीशा, फिजा और रीता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. विशाल कुमार साहू ने भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रियाज़ और अनुशासन पर बल दिया।

## नेपाली युवक ने कीटनाशक खाया, महराजगंज पुलिस ने बचाई जान

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** इंडो-नेपाल बॉर्डर के ठूठीबारी सीमावर्ती कस्बे में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नेपाल निवासी एक युवक ने बाजार में खरीदी गई कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर युवक ने खुद ही पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बिना देर किए युवक को ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मौली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे निचलौल रेफर कर दिया। नेपाल के जिला नवलपरासी अंतर्गत पररसिया पाल्हीनंदन निवासी दीपेंद्र धोबी (30) पुत्र अकलू धोबी शुक्रवार को खरीदारी के लिए ठूठीबारी बाजार आया था। इसी दौरान उसने सब्जी में डालने वाली कीटनाशक दवा खरीदी व कुछ ही देर बाद उसे पी लिया?

**चौकी इंचार्ज ने दिखाई संवेदनशीलता**

युवक की हालत बिगड़ने लगी तो उसने खुद ही कोतवाली से लौट रहे लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज मनीष तिवारी को रोककर जहर पीने की बात बताई। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी। युवक की बिगड़ती हालत को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने इंतजार करना उचित नहीं समझा एवं तत्काल ई-रिक्शा की व्यवस्था कर उसे धर्मौली सीएचसी पहुंचाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से युवक को समय रहते उपचार मिल सका। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे निचलौल सीएचसी रेफर कर दिया।

## 11 हजार वोल्ट की लाइन बनी कालः आम तोड़ने गए किशोर की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बंदी विशुनपुरा में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। आम तोड़ने के दौरान वह 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामकरन चौहान का पुत्र रघुबीर चौहान (13) दोपहर में गांव के बाहर स्थित एक बाग में आम तोड़ने गया था। बताया जा रहा है कि जिस पेड़ पर वह चढ़ा था, उसकी डालियों के बेहद करीब से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही थी। आम तोड़ते समय अचानक उसका हाथ बिजली के तार से छू गया और वह तेज करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि किशोर अचेत होकर तार पर ही लटक गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे निचलौल थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बिजली विभाग से संपर्क कर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से किशोर को नीचे उतारा गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**गांव में पसरा मातम**

रघुबीर दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता रामकरन चौहान मेहनत-मजदूरी और राजगीर मिस्त्री का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत करंट लगने से हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## अंधेरे में डूबी शहीद की प्रतिमा, जिम्मेदार बेखबर—सरकार के दावे खोखले साबित

- सुगौना में उपेक्षा का शिकार हुई अमर शहीद विजय नाथ शुक्ल की मूर्ति
- शहादत के 24 साल बाद भी अंधेरे में डूबीं शहीद स्मारक

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।** देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के सम्मान में सरकारें बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां करती है। इसका जीता-जागता उदाहरण सहजनवा विकास खंड के कटसहरा-मगहर मार्ग पर स्थित सुगौना गांव में बना अमर शहीद विजय नाथ शुक्ल का स्मारक है, जो पिछले 24 वर्षों से उपेक्षा और अंधेरे का शिकार बना हुआ है। ग्राम सभा बरसिहा-सुगौना निवासी अमर शहीद विजय नाथ शुक्ल भारतीय सेना में ए.ई.एस सूबेदार पद पर तैनात थे। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से लड़ते हुए उन्होंने 6 जुलाई 2001 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। उनके बलिदान को अमर बनाने के उद्देश्य से 6 जुलाई



2002 को तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ द्वारा उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया था। उस समय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में गर्व और सम्मान का माहौल था, लेकिन समय बीतने के साथ यह स्मारक प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो गया। आज स्थिति यह है कि शहीद की प्रतिमा के आसपास न तो प्रकाश व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार का रखरखाव। स्मारक परिसर अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे शाम ढलते ही वहां वीर सपूत की यादें भी वीरान नजर आने लगती हैं।